YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-292 | गुरुवार, 26 नवम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुलभ, समतामूलक, वैज्ञानिक दृष्टि से जिम्मेदार और जनहित के प्रति संवेदनशील बनाने में संस्थानों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। **द्रौपदी मुर्मू**

महिला सशक्तिकरण एक सामूहिक जिम्मेदारीः उपराष्ट्रपति 11

मुख्यमंत्री धामी ने 'बेटा हिमालय का' गीत का किया विमोचन 12

संक्षेप

मोदी आठ दिसंबर को पंजाब में राजग की पहली रैली करेंगे

नई दिल्ली। भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच फिर से गठबंधन होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी प्रदेश पंजाब में आठ दिसंबर को राजग की पहली रैली को संबोधित करेंगे।मोगा में होने वाली यह रैली अकाली नेता व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल के जन्मदिन के मौके पर होगी। रैली को अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल भी संबोधित करेंगे। भाजपा नेता व दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि शिरोमणि अकाली दल और भाजपा मिलकर मोगा में आठ दिसंबर को एक बड़ी रैली आयोजित करेंगे। दोनों दलों के बीच गठबंधन की घोषणा के बाद यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पहली रैली होगी। इसके साथ ही पंजाब में भाजपा व अकाली गठबंधन के संयुक्त प्रचार अभियान की शुरुआत भी हो जाएगी। सिरसा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी, क्योंकि प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद दोनों दलों द्वारा मिलकर आयोजित किया जाने वाला यह पहला कार्यक्रम होगा। प्रकाश सिंह बादल का अप्रैल 2023 में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

प्रशिक्षण लेने पाकिस्तान गए थे रियासी के 30 लापता आतंकवादी : डीजीपी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने बुधवार को कहा कि 1991 से 2003 के बीच लापता हुए रियासी जिले के 30 आतंकवादी सीमापार कर पाकिस्तान चले गए थे। वे अब वहां आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के लिए काम कर रहे हैं।डीजीपी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माहौर थाने को विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली। ये आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में आतंक को बढ़ावा देने के लिए हथियार, गोला-बारूद और धन मुहैया करा रहे हैं। इसके अलावा वे युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेल रहे हैं। उन्हें क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसा रहे हैं। पुलिस ने 2024 में इन आतंकवादियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। डीजीपी ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने गवाहों के बयान दर्ज किए और पांच ऐसे कथित आतंकवादियों की पहचान की जो हथियार और गोला-बारूद के इस्तेमाल का प्रशिक्षण हासिल करने के लिए पाकिस्तान चले गए थे। इनकी 27 कनाल से अधिक जमीन भी जब्त की है।

शेख हसीना की वापसी से पहले बांग्लादेश में सुरक्षा कड़ी

ढाका। बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अगले महीने संभावित वापसी को देखते हुए कई जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी। सीमा सुरक्षा बल (बीजीबी) की अर्धसैनिक इकाई की 108 टुकड़ियां तैनात की गई। इनमें से 56 टुकड़ियां हसीना के गृह जिले गोपालगंज में तैनात की गई। देश में बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच यह कदम उठाया गया। पिछले कई दिनों से बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। इनमें ट्रेनों, बसों और बैंकों को आग लगाने की घटनाएं भी शामिल हैं।

सपा-कांग्रेस में शह और मात देने की राजनीति : योगी

सीएम योगी बोले, राहुल गांधी एक नाकाम 'रॉकेट'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं



और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग एनडीए की एकजुटता को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के सर्वमान्य नेता

भाजपा का काम काटने का नहीं, जोड़ने का है। लखनऊ और दिल्ली के बीच कथित मतभेदों के विपक्षी नैरेटिव पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के सर्वमान्य नेता, आदर्श और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में नए भारत का दर्शन पूरी दुनिया कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्वयं को पार्टी का सामान्य सिपाही बताते हुए कहा कि वे विचारधारा, मूल्यों और आदर्शों की राजनीति में विश्वास करते हैं। विधायकों के खिलाफ कथित नाराजगी और टिकट कटने की संभावना पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में प्रत्याशी चयन की एक निर्धारित प्रक्रिया है। चुनाव समिति की संस्तुति के बाद संसदीय बोर्ड निर्णय लेता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में विधायकों ने अपने क्षेत्रों में विकास के लिए व्यापक काम किया है।

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है। प्रदेश की बदली छवि पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य, गुंडागर्दी, अराजकता और उपद्रव से ग्रसित प्रदेश के रूप में देखा जाता था। व्यवस्था अनिर्णय की शिकार थी। गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार, किसानों के सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियां थीं। व्यापारी भयभीत थे और निवेशक प्रदेश में आने से कतराते थे। मार्च 2017 में मिली जिम्मेदारी के बाद सरकार ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया। आज प्रदेश में लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को लगभग तीन गुना करने तथा बजट ● शेष पेज 11 पर

कोई भी वैश्विक शक्ति नहीं चाहती कि भारत तरक्की करे : भागवत

एजेंसी

- पद्मा महोत्सव के अवसर पर आरएसएस प्रमुख ने की शिरकत
- कहा-भारत से नफरत करने वालों से रहें सावधान



छत्रपति संभाजीनगर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया की कोई भी शक्ति नहीं चाहती कि भारत तरक्की करे, क्योंकि वैश्विक शक्तियां 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' (सबसे योग्य का ही अस्तित्व बना रहता है) के सिद्धांत में विश्वास करती हैं। लेकिन, भारत उन देशों की भी मदद करना चाहता है जो हमसे नफरत करते हैं। भागवत महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में पांचवें 'पद्मा महोत्सव' के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों की जरूरत के समय मदद करता है। जब मालदीव मुश्किल में था, तो भारत ने वहां पानी पहुंचाया। भारत ने आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को वित्तीय सहायता दी। जब नेपाल को पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो भारत उसकी मदद करता है। साथ ही बांग्लादेश की भी सहायता करता है। हमने बाढ़ और भूकंप के दौरान पाकिस्तान की भी मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि शक्ति का असली उपयोग कमजोरों की रक्षा करने और शांति लाने में है। यही भारत है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि नई पीढ़ी गुलामी के प्रभावों से मुक्त है। अगर कोई सच्ची बात कहता है, तो युवा उसके साथ खड़े होने के लिए तैयार रहते हैं। वे झूठ से नफरत करते हैं और अपने देश को महान बनाना चाहते हैं।

भागवत ने कहा कि जो लोग अच्छा काम कर रहे हैं, हमें उन पर भरोसा रखना चाहिए और उनके इरादों पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। उनके काम का अनुसरण किया जाना चाहिए। अगर किसी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए भी कुछ किया है, तो हमें उस इरादे को ● शेष पेज 11 पर

आंतरिक खतरे ज्यादा खतरनाक : पूर्व सीडीएस

पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि बाहरी खतरों की तुलना में आंतरिक खतरे ज्यादा खतरनाक होते हैं। बाहरी ताकतों से लड़ना आसान होता है, क्योंकि हम उन्हें देख सकते हैं और ऐसे खतरों के खिलाफ पूरा देश एकजुट हो जाता है। लेकिन, स्थिति तब खतरनाक हो जाती है जब आंतरिक खतरों को बाहर से समर्थन मिलने लगता है। जनरल चौहान ने कहा कि आज का युद्ध बंदूकों के बजाय साइबर स्पेस, सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के जरिए लड़ा जा सकता है। यह चुपचाप हमारी सोच को प्रभावित करता है और सामाजिक एकता को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आज समय की मांग है कि हम अपने छोटे-मोटे मतभेदों को भुलाकर विकास के रास्ते पर एक साथ आगे बढ़ें। आंतरिक खतरों तथा झूठे प्रचार का मिलकर सामना करें।

गोंडा में 69 पदों पर 450 की भर्ती के वायरल पोस्ट की होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जताई नाराजगी, एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट



लखनऊ/गोंडा। गोंडा सीएमओ कार्यालय के अधीन खाली 69 पदों के सापेक्ष 450 पदों पर अभ्यर्थियों की भर्ती किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट को लेकर शासन ने जांच के आदेश दिए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रकरण पर गंभीर नाराजगी जताई है। उन्होंने मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि मामला काफी गंभीर व संवेदनशील है। इस तरह की घटना से सरकार और विभाग की छवि धूमिल होती है।

लिहाजा मामले की जांच एक सप्ताह के भीतर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। वायरल पोस्ट में किए गए दावे की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। जांच में भर्ती प्रक्रिया, स्वीकृत पदों और नियुक्तियों से संबंधित तथ्यों का परीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग की छवि धूमिल करने वाले को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। रिपोर्ट में दोषी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हिंद महासागर में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध : डोभाल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को कहा कि भारत हिंद महासागर के प्रमुख देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उभरते सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए उनकी सामूहिक क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। माले में आयोजित आठवें 'कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव' (सीएससी) में अपने संबोधन के दौरान डोभाल ने इस क्षेत्र के सामने मौजूद कई गंभीर चुनौतियों का जिक्र किया। साथ ही उनसे निपटने के लिए रणनीतिक सहयोग का आह्वान किया। सीएससी हिंद महासागर से सटे देशों का एक प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा समूह है, जिसमें भारत, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, बांग्लादेश और सेशेल्स शामिल हैं। यह समूह मुख्य रूप से समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सहयोग पर ध्यान केंद्रित करता है। डोभाल ने कहा कि हम उभरती गंभीर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी सामूहिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डोभाल ने विश्वास जताया कि ● शेष पेज 11 पर

अक्टूबर में 324 दवा नमूने गुणवत्ता जांच में फ़ेल, एक नकली भी मिला

एजेंसी

- केंद्रीय प्रयोगशालाओं में 37 और राज्य प्रयोगशालाओं में 287 दवाएं एनएसक्यू घोषित, असम में दूसरे ब्रांड के नाम पर बनाई जा रही थी नकली दवा



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अक्टूबर में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 287 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं (एनएसक्यू) पाया, जबकि केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने ऐसे 37 नमूनों की पहचान की।

नियमित विनियामक निगरानी गतिविधि के तहत एनएसक्यू और नकली दवाओं की सूची हर महीने सीडीएससीओ पोर्टल पर प्रदर्शित की जा रही है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''अक्टूबर 2026 के महीने के लिए, केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने 37 दवा नमूनों को एनएसक्यू के रूप में चिह्नित किया है, और राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 287 दवा नमूनों को एनएसक्यू के रूप में पाया है। दवाओं के नमूनों को एनएसक्यू के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब वे किसी न किसी निर्धारित गुणवत्ता मानक पर खरे नहीं उतरते।

मंत्रालय ने कहा कि यह विफलता केवल सरकारी प्रयोगशाला द्वारा जांचे गए विशिष्ट बैच के दवा उत्पादों तक ही सीमित है, और इससे बाजार में उपलब्ध अन्य दवा उत्पादों को लेकर चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। असम के राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के एक दवा नमूने की पहचान भी नकली के रूप में की गई है, क्योंकि जांच में पाया गया कि इसका निर्माण अनधिकृत निर्माताओं द्वारा किसी अन्य कंपनी के स्वामित्व वाले ब्रांड नाम का उपयोग करके किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि मामले की जांच जारी है और संबंधित अधिनियम तथा नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसने कहा कि मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं (एनएसक्यू) और नकली दवाओं की पहचान राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित रूप से की जाती है, ताकि ऐसी दवाओं का पता लगाकर उन्हें बाजार से हटाया जा सके।

राहुल के खिलाफ सीबीआई ईडी जांच का आदेश रद्द

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता की अपील पर यह आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने इसके साथ ही, इस मामले को दोबारा से हाईकोर्ट भेज दिया है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट को मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पक्षकार बनाने के बाद नए सिरे से विचार करने को कहा है।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हाईकोर्ट द्वारा पारित सभी आदेशों को रद्द किया जाता है और मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया जाता है। हाईकोर्ट इस पर सुनवाई के लिए एक नई पीठ का गठन करेगा। यह नई पीठ खुली अदालत में मामले की कार्यवाही नए सिरे से शुरू करेगी। साथ ही उस रिट याचिका की स्वीकार्यता पर भी विचार करेगी, जिसमें कांग्रेस नेता पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। पीठ ने साफ किया कि याचिका की स्वीकार्यता के सवाल पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भी अपनी बात रखने मौका दिया जाएगा। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाया था कि उनके पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति है। उन्होंने राहुल गांधी और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ जांच की मांग की थी।

यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए छह परियोजनाओं को मंजूरी

उत्तर प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में मिली मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में यूरिया का घरेलू उत्पादन बढ़ाने और विदेश से होने वाले आयात पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने करीब 54 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली छह गैस आधारित यूरिया परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत देश के पुराने यूरिया कारखानों का आधुनिकीकरण और विस्तार किया जाएगा। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ ऊर्ज़ा की खपत और उत्पादन लागत कम करने में भी मदद मिलेगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सरकार को नई निवेश नीति-2026 के तहत कुल 18 प्रस्ताव मिले थे। इनमें से छह प्रमुख परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं में सरकारी, निजी और सहकारी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं। प्रत्येक परियोजना पर करीब नौ हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।



सरकार ने जिन छह परियोजनाओं को मंजूरी दी है, उनमें चेन्नई की मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल), पंजाब के नांगल में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल), उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में केआरआईबीएचसीओ की परियोजना, पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स, राजस्थान के कोटा में चंबल फर्टिलाइजर्स और उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर में इंडियन इंडस्ट्रीज प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की परियोजना शामिल हैं।

दो और बड़ी परियोजनाओं पर चल रहा काम

यूरिया उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार दो अन्य बड़ी परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। इनमें ओडिशा की तालचर उर्वरक परियोजना शामिल है, जहां कोयले से गैस बनाकर यूरिया तैयार किया जाएगा। इसके दिसंबर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा असम के नामरूप में भी एक नए यूरिया कारखाने की योजना है। कुल मिलाकर, सरकार की कोशिश है कि देश में यूरिया का उत्पादन बढ़े, पुराने कारखाने आधुनिक बनें और किसानों को खाद की उपलब्धता के लिए दूसरे देशों पर कम निर्भर रहना पड़े।

सरकार का मानना है कि पुराने यूरिया कारखानों में उत्पादन की लागत अधिक है। इनमें ऊर्ज़ा की खपत भी ज्यादा होती है। इसके अलावा पुराने संयंत्रों में सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां भी रहती हैं। नई परियोजनाओं से इन समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं को पुराने औद्योगिक परिसरों में ही विकसित किया जाएगा। इससे जमीन, बिजली, पानी, परिवहन और दूसरी जरूरी सुविधाओं का दोबारा इस्तेमाल ● शेष पेज 11 पर

जेईई एडवांस्ड 2027 के लिए संस्थान ने जारी किए पांच मानदंड

नई दिल्ली। देश के 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में दाखिले के लिए होने वाली जेईई एडवांस्ड 2027 का आयोजन 23 मई को किया जाएगा। परीक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे आईआईटी दिल्ली ने इसकी आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in लॉन्च कर दी है। संस्थान ने परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्रता के पांच अनिवार्य मानदंड भी जारी किए हैं। हालांकि अभी वेबसाइट पर प्रॉस्पेक्टस जारी नहीं हुआ है। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को कंप्यूटर स्क्रीन पर 10 से 12 अंकों के डिस्प्ले वाला सामान्य (गैर-वैज्ञानिक) कैलकुलेटर इस्तेमाल करने की सुविधा मिलेगी।

आईआईटी दिल्ली की वेबसाइट के अनुसार, भारतीय नागरिकों और संबंधित ओसीआई,पीआईओ श्रेणी के अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए पांचों मानदंड पूरे करने होंगे। पहला मानदंड-अभ्यर्थी का जेईई मेन 2027 के बीई/बीटेक पेपर में सभी श्रेणियों को मिलाकर शीर्ष 2.5 लाख सफल उम्मीदवारों में शामिल होना ● शेष पेज 11 पर

प्रदेश की 96 चीनी मिलों में पेराई कार्य शुरू, किसानों को तत्काल हो रहा भुगतान

- 96 चीनी मिलों ने पेराई कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया है। इसमें निजी क्षेत्र की 78, सहकारी क्षेत्र की 17 व निगम क्षेत्र की एक चीनी मिल शामिल है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की वर्तमान पेराई सत्र (2026-27) में अब तक 96 चीनी मिलें पेराई कार्य प्रारंभ कर चुकी हैं। अभी तक सबसे अधिक गन्ना पेराई करने वाली हरियावां चीनी मिल हरदोई है। यहां 22.41 लाख कुंतल पेराई की गई है। वहीं अजबापुर-डीसीएम ग्रुप लखीमपुर खीरी की ओर से सर्वाधिक भुगतान 82 करोड़ रुपये किया गया है।

707 लाख कुंतल गन्ने की हुई पेराई, कुल 63.80 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन

गन्ना आयुक्त भवानी सिंह खंगारौत ने बताया कि वर्तमान सत्र में अब तक प्रदेश की कुल 96 चीनी मिलों ने पेराई कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया है। इसमें निजी क्षेत्र की 78, सहकारी क्षेत्र की 17 व निगम क्षेत्र की एक चीनी मिल शामिल है। इन चीनी मिलों द्वारा इस पेराई सत्र में अब तक कुल 707 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे कुल 63.80 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ है।

किसानों को किया जा रहा त्वरित भुगतान

कुल देय गन्ना मूल्य 552.23 करोड़ रुपये के सापेक्ष चीनी मिलों द्वारा शत-प्रतिशत से भी अधिक का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जा चुका है। पेराई सत्र की शुरुआत से ही चीनी मिलों द्वारा त्वरित भुगतान करने से किसानों को बिचौलियों और विलंब की समस्या से मुक्त होकर गन्ना आपूर्ति करने में आसानी होगी।

गन्ना आयुक्त भवानी सिंह खंगारौत ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों की आर्थिक समृद्धि, सम्मान और उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य दिलाने का निर्देश दिया है। इसके पश्चात चीनी मिलों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान करने के निर्देश दिए गये हैं। विभाग निरंतर इसकी मॉनीटरिंग कर रहा है। किसानों को तत्काल भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

कोरांव में पत्थर ही बन गया बाट, घटतौली से खुलेआम लूट, बाट-माप विभाग बना मूकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। विकास खंड कोरांव के बाजारों में इन दिनों खुलेआम ठगी का खेल चल रहा है। बडोखर, रत्योरा, भोगन, लेडियारी, खीरी, देवघाट, महुली, गाढ़ा सहित पूरे कोरांव क्षेत्र के किराना, सब्जी और हाट-बाजार के दुकानदार मानक बाट की जगह पत्थर, ईंट के टुकड़े और लोहे के अवैध टुकड़ों से तौल कर रहे हैं। हर तौल पर 50 से 100 ग्राम की घटतौली कर आम जनता की जेब काटी जा रही है।

गरीब, मजदूर और किसान सबसे ज्यादा इस ठगी का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि 1 किलो सामान के नाम पर 900 ग्राम ही मिल रहा है और विरोध करने पर दुकानदार झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

बाट-माप विभाग कान में तेल डालकर सोया

हैरानी की बात ये है कि इस खुली लूट को रोकने के लिए जिम्मेदार बाट-माप विभाग महीनों से कोरांव क्षेत्र में झांकने तक नहीं आया। विभाग के अधिकारी कार्यालय में बैठकर कागजों में निरीक्षण दिखा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत ये है कि उपरोक्त गांवों के किसी भी बाजार में लंबे समय से कोई औचक निरीक्षण नहीं हुआ।

> बाट माप विभाग को बुलाकर वार्ता करूंगा और अभियान चलाकर जांच विधिक कार्रवाई किया जाएगा
> उपजिलाधिकारी कोराव प्रयागराज ठाकुर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज, जांच की मांग

इस घटतौली और चोरबाजारी के खिलाफ अब सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद, चंद्र भूषण तिवारी अधिवक्ता उच्च न्यायालय, ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी प्रयागराज से जांच व कार्रवाई की मांग की है।

प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा ''कोरांव की जनता को रोज लूटा जा रहा है और जिम्मेदार विभाग चुप बैठा है। ये सिर्फ घटतौली नहीं, ये गरीबों के हक पर डाका है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग बाजार में उतरकर आंदोलन करेंगे।''

क्या है नियम

नियम के अनुसार हर दुकानदार को विभाग से सत्यापित मानक बाट रखना अनिवार्य है। पत्थर या अन्य वस्तु से तौलना कानूनी अपराध है, जिस पर भारी जुर्माना और लाइसेंस निरस्त करने तक की कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन कोरांव में नियम सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है।

जनता की मांग

क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि कोरांव के बडोखर, रत्योरा, भोगन, लेडियारी, खीरी, देवघाट, महुली, गाढ़ा सहित सभी बाजारों में बाट-माप विभाग की टीम द्वारा तत्काल औचक निरीक्षण कराया जाए। अवैध बाट जब्त कर दोषी दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और निरीक्षण न करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर भी जवाबदेही तय की जाए।

यूपी में भाजपा की दो तिहाई बहुमत से जीत के लिए वरिष्ठजन संभालें मोर्चा : रेखा वर्मा



कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का रास्ता संगठन की जमीनी सक्रियता से तय होगा। वरिष्ठ नेताओं को अपने अनुभव और प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट करना होगा। सभी वरिष्ठजन जीत का लक्ष्य लेकर जुट जाएं तो उत्तर प्रदेश में पार्टी की दो तिहाई बहुमत से सरकार बन सकती है। यह बातें बुधवार को अशोक नगर स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित भाजपा की संगठनात्मक बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाने में पुराने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का बड़ा योगदान रहा है। अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे संगठन की मजबूती के लिए फिर सक्रिय हों और चुनाव की तैयारियों में अपनी भागीदारी निभाएं। उनके अनुभव से नए कार्यकर्ताओं को भी दिशा मिलेगी। बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं कानपुर प्रभारी योगेंद्र उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं के सम्मान को संगठन की मजबूती का आधार बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं को नई पीढ़ी के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि संगठन में सभी की भागीदारी बनी रहे। चुनावी तैयारियों के तहत मतदाता जोड़ो अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की योजना बनाई गई। इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में 100 युवा और 100 महिला कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। उनकी टीम पात्र लोगों से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही प्रत्येक विधानसभा में 50 सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं की टीम तैयार होगी, जिसे साइबर योद्धा के रूप में सक्रिय किया जाएगा। यह टीम पार्टी की गतिविधियों और सरकार की योजनाओं का डिजिटल माध्यमों से प्रचार करेगी। बैठक की अध्यक्षता अनिल दीक्षित ने की और संचालन अवधेश सोनकर ने किया। इसमें पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश पटेल, रविन्द्र पाटनी, दिनेश राय, दीपू पांडे, सुनील बजाज, विजय सेंगर, डॉ. दिवाकर मिश्रा, राजेंद्र सिंह चौहान, अनूप अवस्थी, शैल शुक्ला, रामजी गुप्ता, विजय वर्मा, हरिराम गौतम, प्रशांत त्रिपाठी, हिमांशु शर्मा, प्रभाकर अवस्थी और सुरेश गुप्ता मौजूद रहे। महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई और सुरेश अवस्थी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

दो बार विधायक रहे नवाब छाबी मियां राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

हाथरस , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद की सादाबाद विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे नवाब मुस्तमंद अली खां उर्फ छाबी मियां को बुधवार दोपहर बाग वाली मस्जिद स्थित कब्रिस्तान में राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मंगलवार को आगरा के बालूगंज स्थित आवास पर उनका निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र की कई हस्तियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बुधवार दोपहर करीब दो बजे उनका पार्थिव शरीर कब्रिस्तान पहुंचा। इस दौरान पुलिस की सलामी टुकड़ी ने राइफलें झुकाकर उन्हें अंतिम सलामी दी। विधायक प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक प्रताप चौधरी और पूर्व विधायक डॉ. अनिल चौधरी ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता गिरेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य ईशान चौधरी और केशव देव चौधरी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। सादाबाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक कुंवर महमूद अली खां ने अंतिम विदाई दी। इस मौके पर एसडीएम रितु सिरोही, पुलिस उपाधीक्षक योगेंद्र कृष्ण नारायण सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। छाबी मियां की सादाबाद क्षेत्र में अलग पहचान थी। वह वर्ष 1985 में लोकदल के टिकट पर पहली बार विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने थे। वर्ष 1989 में लोकदल का जनता दल में विलय होने के बाद चुनाव चिह्न बदलकर चक्र हो गया। इसके बावजूद उन्होंने दूसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों और समर्थकों ने शोक जताया।

प्रयागराज-वाराणसी हाइवे पर हुए सड़क हादसे में एक की मौत, तीन जख्मी

प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित हंडिया थाना क्षेत्र के भेसकी गांव के समीप बुधवार को बस एवं स्कॉर्पियो की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। सहायक पुलिस आयुक्त शेषधर ने बताया कि हादसे में प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के रनिया गांव निवासी रखीराम पुत्र मुन्नी लाल के मौत हुई है। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी की हालत ठीक है। एसीपी हंडिया ने बताया कि बुधवार को बस और कार वाराणसी की ओर से आ रही थी। रास्ते में भेसकी गांव के समीप बस अचानक स्कार्पियो से जा भिड़ी और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बस में सवार राखीराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में परिवार से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई की गई और वाहनों के आवागमन को शुरू करा दिया गया है।

हमीरपुर में 82 वाहनों का चालान, 75 अवैध पार्किंग तो 07 मिले नशेबाज चालक

हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग का प्रवर्तन अभियान जारी है। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दसवें दिन बुधवार को विभागीय टीमों ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 82 वाहनों के चालान किए गए। इनमें 75 वाहन सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े मिले, जबकि सात चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े गए। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।विशेषकर हाईवे पर खड़े वाहन पीछे से आने वाले चालकों के लिए गंभीर खतरा बनते हैं। वहीं, नशे की हालत में वाहन चलाने से चालक की निर्णय क्षमता और नियंत्रण प्रभावित होता है, जिससे जानलेवा हादसे हो सकते हैं।उन्होंने बाइक पर तीन सवारी बैठाने और वाहनों के शीशों पर मानक के विपरीत काली फिल्म लगाने को भी नियमों का उल्लंघन बताते हुए वाहन चालकों को चेतावनी दी।यात्री/मालकर अधिकारी सूर्य प्रताप देव ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 30 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान कार्रवाई के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की।

श्रीराम के चरण चिह्नों से जुड़े 295 पावन स्थलों से गुजरेगी 'राम पथ यात्रा'

- काशी से शुरू होकर रामेश्वरम् होते हुए अयोध्या में होगा समापन, 45 दिनों तक होंगे पादुका पूजन और राम कीर्तन के आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी काशी से संपूर्ण भारत को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के उद्देश्य से 'राम पथ यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। 'काशी अनुष्ठानम्' एवं 'संस्कृतामृतम् चैरिटेबल ट्रस्ट' की ओर से आयोजित यह 45 दिवसीय यात्रा काशी से प्रारंभ होकर रामेश्वरम् पहुंचेगी और वहां से लौटकर अयोध्या में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के वनवास एवं यात्रा काल से जुड़े 295 प्रमुख पावन स्थलों पर चरण पादुका स्थापित कर विधिवत पूजन, भव्य राम कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

यात्रा के शुभारंभ से पूर्व बुधवार को कचहरी स्थित शास्त्रीघाट पर वरूणानदी के किनारे दोनों संस्थानों के पदाधिकारियों ने गणेश पूजन एवं हवन किया। इसके बाद अभिमंत्रित हनुमान ध्वजा का विधिवत पूजन किया गया। मुख्य ट्रस्टी भुनाथा रघुराम शर्मा ने बताया कि भुशुंडी रामायण में वर्णित भगवान श्रीराम के वनवास एवं यात्रा मार्ग से जुड़े 295 प्रमुख स्थलों को इस यात्रा में शामिल किया गया है। इन सभी स्थानों पर भगवान श्रीराम की चरण पादुकाओं की स्थापना कर विशेष पूजन और राम नाम संकीर्तन के आयोजन होंगे।

उन्होंने भगवान श्रीराम की चरण पादुकाओं के आध्यात्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने अपनी चरण पादुकाएं भरत को सौंपी थीं। भरत ने उन्हें अयोध्या के सिंहासन पर स्थापित कर श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन किया था। उन्होंने भुशुंडी रामायण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए पादुकाओं को भगवान श्रीराम की उपस्थिति और अयोध्या की चेतना का प्रतीक बताया। उनके अनुसार, जहां भी इन पावन पादुकाओं की स्थापना होती है, वहां अयोध्या की आध्यात्मिक चेतना का अनुभव किया जा सकता है। शर्मा ने बताया कि यात्रा के प्रमुख पड़ावों में अयोध्या, चित्रकूट, दंडकारण्य, अमरकंटक, नासिक, किष्किंधा और रामेश्वरम् शामिल हैं। यह यात्रा देश के 10 राज्यों के 71 जिलों से होकर गुजरेगी। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और रामायण से जुड़े पावन स्थलों को एक आध्यात्मिक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया जाएगा।

पशु टीकाकरण में अनियमितता का आरोप, सीडीओ की गाड़ी के आगे बैठकर किसानों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मथुरा । पशुओं के टीकाकरण में कथित अनियमितताओं और शिकायतों की अनदेखी से नाराज भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की गाड़ी के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर के नेतृत्व में किसानों ने पशु चिकित्सा विभाग पर वैक्सीनेशन के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी किसान नेताओं का आरोप था कि पशु चिकित्सा विभाग में टीकाकरण के नाम पर अनियमितताएं की जा रही हैं। इस संबंध में पहले भी अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतों की लगातार अनदेखी से नाराज होकर किसानों को सड़क पर उतरना पड़ा। बुधवार दोपहर किसानों ने सीडीओ की गाड़ी के आगे सड़क पर बैठकर विरोध जताया। अचानक रास्ता रोके जाने से मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। किसानों के विरोध को देखते हुए सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने उनसे बातचीत की।

सीडीओ ने प्रदर्शनकारियों को गुरुवार सुबह कार्यालय में बैठक के लिए बुलाया और पूरे मामले पर चर्चा कर समस्या के समाधान का ठोस आश्वासन दिया। इसके बाद किसान नेताओं ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया और सीडीओ की गाड़ी का रास्ता खोल दिया।

बनारस स्टेशन पर गेमिंग जोन का शुभारंभ

- बच्चों के मनोरंजन के साथ यात्रियों को उपलब्ध होंगी खानपान एवं अन्य सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

इसी क्रम में, आज 25 नवम्बर 2026 को बनारस स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-08 के सर्कुलेटिंग एरिया में Gaming Zone cum Passenger Entertainment Centre Facility का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुश्री प्रशस्ति श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों के साथ गेमिंग जोन का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध कराई गई मनोरंजन एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.जे. चौधुरी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक आलोक श्रीवास्तव सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

बनारस स्टेशन पर स्थापित इस गेमिंग जोन में 05 से 14 वर्ष तक के बच्चों के मनोरंजन के लिए एयरोप्लेन झूला, ट्रेन राइड, मिकी माउस एवं ट्रैम्पोलिन जंपिंग जैसी आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को स्टेशन परिसर में ही मनोरंजन का अवसर मिलेगा और ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान उनका समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। गेमिंग जोन के अंतर्गत यात्रियों के लिए भी खानपान की समुचित व्यवस्था की गई है। यहां चाय, कॉफी, ढोकला, ब्रेड-मक्खन, रेलनीर एवं रेलवे द्वारा अनुमोदित बोतलबंद पेयजल के साथ कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, छाछ, चिप्स, नमकीन, बिस्किट एवं आइसक्रीम आदि उपलब्ध होंगे।

इस सुविधा के शुरू होने से बनारस स्टेशन पर आने वाले यात्रियों, विशेषकर बच्चों एवं उनके परिवारों को एक ही परिसर में मनोरंजन, खानपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल का निरंतर प्रयास है कि यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान कर उनकी यात्रा को अधिक सुविधाजनक, सुखद एवं यादगार बनाया जा सके।

शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद । जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टार संदर्भों के निस्तारण की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि प्रकरण की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करते हुए शिकायतकर्ता को प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में जनता दर्शन के दौरान प्राप्त गंभीर प्रकृति के प्रकरणों को जिलाधिकारी ने स्टार संदर्भ के रूप में चिन्हित किए जाने तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बीते माह के 13 तथा वर्तमान माह के 09 स्टार संदर्भों सहित कुल 23 संदर्भों के निस्तारण की स्थिति, कार्रवाई की गुणवत्ता एवं शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई।

जिलाधिकारी ने निस्तारित किए गए स्टार संदर्भों की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति जानने के लिए संबंधित शिकायतकर्ताओं एवं पीड़ित व्यक्तियों से फोन के माध्यम से स्वयं बातचीत भी की तथा निस्तारण के संबंध में उनका फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, समयबद्धता तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि तीनों पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। अतः सभी अधिकारी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा औपचारिक निस्तारण स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई स्पष्ट, तथ्यपरक और शिकायतकर्ता के लिए संतोषजनक होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित स्टार संदर्भों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता की नियमित रूप से समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

- 28 व 29 नवंबर को बूथों पर चलेगा विशेष अभियान
- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का पंजीकरण कराने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने और अधिक से अधिक पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की अपील की।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसके तहत एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया गया है। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, हटाने और संशोधन के लिए दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही है।

डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। वहीं, मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा।

28 और 29 नवंबर को बूथों पर विशेष अभियान

दावे और आपत्तियों के निस्तारण के लिए 28 दिसंबर 2026 तक की समयसीमा निर्धारित की गई है। वहीं, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर बूथों पर अधिक से अधिक संख्या में पात्र युवाओं के फॉर्म-6 भरवाने और उनका मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने पर जोर दिया गया। डीएम ने राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा उनकी सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि पुनरीक्षण कार्य में समन्वय और सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

बैठक का संचालन एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 18.12.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	01222026 दिनांक 23.11.2026
2	निविदा सख्या	1. 19-SR-DEN-IV-LKO-2026-27 2. 20-SRDEN-IV-LKO-2026-27 3. 21-SR-DEN-IV-LKO-2026-27
3	कार्य का नाम	1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर– चतुर्थ/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में, सहायक मंडल इंजीनियर – द्वित्य/सुलतानपुर के अंतर्गत आने वाले एसएसई/पीवे/श्रीकृष्णनगर सेक्शन में विविध ट्रैक मरम्मत कार्य।
		2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर– चतुर्थ/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में, सहायक मंडल इंजीनियर –द्वित्य/सुलतानपुर के अंतर्गत आने वाले एसएसई/पीवे/ लबुआ सेक्शन में विविध ट्रैक मरम्मत कार्य।
		3. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर– चतुर्थ/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में, सहायक मंडल इंजीनियर – द्वित्य /सुलतानपुर के अंतर्गत आने वाले एसएसई/पीवे/ द्वित्य /सुलतानपुर सेक्शन में विविध ट्रैक मरम्मत कार्य।
4	अनुमानित लागत	1. Rs. 10096834.56 2. Rs. 10324148.09 3. Rs. 10096834.56
5	धरोहर राशि	1. Rs. 201900.00 2. Rs. 206500.00 3. Rs. 205100.00
6	कार्य की समापन अवधि	1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। 3. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	04.12.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	18.12.2026 को 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 4086/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बन रहा मेरठः सीएम योगी आदित्यनाथ

- 2,900 करोड़ से अधिक के निवेश से लगेगी बॉल कॉर्पोरेशन की विश्वस्तरीय एल्युमिनियम बेवरेज कैन इकाई, मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास
- साढ़े नौ वर्षों में यूपी ने लगाई लंबी छलांग, फैक्ट्रियों की संख्या 14,000 से बढ़कर 35,000 के पार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्रांति और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे की कड़ी में बुधवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक दिग्गज 'बॉल कॉर्पोरेशन' की नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया। 2,900 करोड़ से अधिक के भारी-भरकम निवेश से स्थापित होने जा रही एल्युमिनियम बेवरेज कैन की इस विश्वस्तरीय इकाई के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री ने बॉल कॉर्पोरेशन की पूरी टीम का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि यह प्लांट 'आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रदेश में आ रहे निवेश की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के ?1,200 करोड़ से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ, दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ ?1,100 करोड़ से अधिक के निवेश पर सार्थक संवाद हुआ और आज मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन का शिलान्यास हो रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का जीवंत प्रमाण है।

मेरठ के औद्योगिक कायाकल्प पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक 'एंकर यूनिट' के रूप में कार्य करेगी, जिससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही स्थानीय एमएसएमई, पैकेजिंग सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और रीसाइक्लिंग पार्टनर्स के लिए भी व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। सीएम योगी ने कहा कि ओडीओपी स्पोर्ट्स गुड्स के लिए विश्व प्रसिद्ध मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण भी हो रहा है और अब स्पोर्ट्स व पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ मेरठ एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है।

बॉल कॉर्पोरेशन द्वारा मेरठ के चयन को अत्यंत दूरदर्शी निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-एनसीआर व 25,000 हेक्टेयर के यीडा क्षेत्र, जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निकटता तथा ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की पहुंच मेरठ को तेज, निर्बाध और वर्ल्ड-क्लास मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत में सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स और रेडी-टू-ड्रिंक बेवरेज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए मेरठ की यह लोकेशन बॉल कॉर्पोरेशन को अपने ग्राहकों और फिलिंग सुविधाओं के निकट रहकर पूरे भारत व वैश्विक बाजार में अपने बिजनेस को तेजी से विस्तार देने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

सौर ऊर्ज़ा से स्वच्छ, हरित एवं ऊर्ज़ा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ते कद

- प्रदेश में 315 मेगावाट की सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए 1,505 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हुआ विचार-विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को स्वच्छ, हरित एवं ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्ज़ा के व्यापक विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इसी क्रम में प्रदेश में सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने तथा नगरीय क्षेत्रों में सौर ऊर्ज़ा आधारित सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव, ऊर्ज़ा एवं अतिरिक्त ऊर्ज़ा स्रोत विभाग रणवीर प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को सौर विद्युत परियोजनाओं एवं मॉडल सोलर सिटी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विस्तार एवं नवीन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समिति की बैठक में जनपद आगरा की तहसील फतेहाबाद में 15 मेगावाट तथा जनपद ललितपुर की तहसील तालबेहट में 300 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। कुल 315 मेगावाट क्षमता की इन परियोजनाओं में 1,505 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। परियोजनाओं की स्थापना के लिए निवेशकों द्वारा प्रस्तुत सरकारी भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में संचालित मॉडल सोलर सिटी योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। योजना के अंतर्गत कुल 75.75 करोड़ रुपये की लागत से 21,972 सोलर स्ट्रीट लाइट, 1,807 सोलर हाईमास्ट लाइट तथा 501 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इन कार्यों से नगरीय क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होने के साथ नगर निगमों के विद्युत व्यय में भी कमी आएगी। प्रमुख सचिव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों में तेजी लाने, स्वीकृत एवं संचालित परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नवीन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कुछ नगर निगमों द्वारा बेहतर सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के लिए 18 वाट के स्थान पर 30 वाट क्षमता की सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित करने का सुझाव दिया गया।

बैठक में मोबाइल बैटरी आधारित ऊर्ज़ा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) विकसित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस प्रणाली के उपयोग से डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम होने के साथ ईंधन व्यय, ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में कमी लाने में मदद मिलेगी। इन सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं से लगभग 3.54 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है, जो लगभग 1.61 करोड़ वृक्षों की वार्षिक कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषण क्षमता के समतुल्य है।

सरकार का बिजली ढांचे को मजबूत करने पर जोर, डीटी उपकेंद्रों की बढ़ेगी क्षमता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को आधुनिक, मजबूत और अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर काम कर रही है। इसी क्रम में ऊर्ज़ा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अतिरिक्त बिजनेस प्लान के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश में विद्युत आधारभूत ढांचे का विस्तार करने के साथ ही मौजूदा वितरण नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रमुख सचिव ऊर्ज़ा एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश में 95 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 221.01 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, 302 मौजूदा उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि के लिए 76.64 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 12,528 मौजूदा डीटी उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने पर 746.68 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यूपीपीसीएल अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने के लिए ऊर्ज़ा विभाग द्वारा सुनियोजित ढंग से आधारभूत ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। यह कार्ययोजना प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से विद्युत वितरण प्रणाली की क्षमता बढ़ेगी, तकनीकी बाधाओं में कमी आएगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

गुजरात के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

- प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गुजरात के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री रमणभाई सोलंकी ने किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गुजरात और उत्तर प्रदेश के बीच साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में गुजरात सरकार के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की ओर से उन्हें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2027 में भाग लेने का आमंत्रण सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गुजरात के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री रमणभाई सोलंकी ने किया। इसमें सचिव आलोक कुमार पांडेय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग आयुक्त क्षिप्रा आग्रे तथा गुजरात सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी के साथ हुई इस बैठक में दोनों राज्यों के आपसी संबंध मजबूत करने, सहयोग के नए रास्ते तलाशने और साझा विकास प्राथमिकताओं पर विचार साझा किया गया।।

समिट से पहले चल रहे संपर्क अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्ज़ा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से भी मुलाकात की। उन्हें समिट में भाग लेने और ऊर्ज़ा एवं नगर विकास पर होने वाले ज्ञान सत्रों में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की। उन्हें भी स्वास्थ्य क्षेत्र तथा फार्मा निर्यात पर केंद्रित प्रमुख सेमिनारों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। बातचीत में नवीकरणीय ऊर्ज़ा, भूमि सुधार और शासन से जुड़ी अन्य प्रमुख पहलों पर भी चर्चा हुई।

दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के ओपन माइक विद म्यूजिक का 200वां एपिसोड आज होगा प्रसारित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम 'ओपन माइक विद म्यूजिक' ने अपने प्रसारण के 200 एपिसोड पूरे कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम अधिशासी नलिनी श्रीवास्तव ने बताया कि 6 अप्रैल 2024 को शुरू हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 500 उभरते हुए कलाकारों को मंच दिया तथा पांच हजार के लगभग आम नागरिकों को स्क्रीन पर आने का मौका दिया। इस कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक गुरुवार रात्रि 9:00 बजे डीडीयूपी पर किया जाता है।इस विशेष अवसर को और भी खास बनाने के लिए 200वें विशेष अंक में सुरीले गायक श्यामजीत यादव, अद्विका श्रीवास्तव, अध्यात्म शर्मा, शांभवी उपाध्याय, शिवांगी मिश्रा और प्रतीक शांडिल्य ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। आमंत्रित कलाकारों ने सूफी गीत, ग़ज़ल, लोकगीत, रॉक व फ्यूजन जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस विशेष अंक का प्रसारण दिनांक 26 नवंबर 2026 को रात्रि 9:00 बजे डीडीयूपी पर किया जाएगा।

एलडीए का दायरा दोगुने से ज्यादा बढ़ेगा, कैबिनेट मंजूरी के बाद जारी होगी अधिसूचना

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी के बाहरी इलाकों में अवैध प्लॉटिंग और अनियोजित निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ाया जाएगा। प्राधिकरण में 484 नए गांव शामिल करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तैयार इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद अधिसूचित किया जाएगा।विस्तार के बाद एलडीए का क्षेत्रफल करीब 1051 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2300 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। अभी प्राधिकरण के अधीन करीब 178 गांव हैं। नए गांव जुड़ने के बाद इनकी संख्या 662 हो जाएगी। क्षेत्रफल के लिहाज से यह एलडीए का अब तक का सबसे बड़ा विस्तार होगा।चारों तहसीलों के गांव होंगे शामिलप्रस्ताव में सरोजनीनगर, मोहनलालगंज, मलिहाबाद और बख्शी का तालाब तहसील के गांव शामिल हैं। सरोजनीनगर के इब्राहिमगंज और नारायणपुर, मोहनलालगंज के सिसंडी, सुरसमऊ, हरदोइया और जहांगीरपुर समेत कई गांव एलडीए के दायरे में आएंगे। मलिहाबाद के सैदापुर, सालेहनगर और शहजादपुर तथा बीकेटी के शेखूपुर, रायपुर राजा और शिवपुरी जैसे गांव भी प्रस्तावित सूची में हैं।बिना लेआउट स्वीकृत नहीं होगी प्लॉटिंगरिंग रोड, किसान पथ और एक्सप्रेसवे के आसपास तेजी से बढ़ती आवासीय गतिविधियों के चलते कई इलाकों में बिना लेआउट स्वीकृति के प्लॉटिंग हो रही है। सड़क, नाली, सीवर और पार्क जैसी सुविधाओं के बिना विकसित कॉलोनियों में बाद में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। एलडीए के दायरे में आने के बाद निर्माण और विकास कार्यों पर नियमानुसार निगरानी होगी।पुराने नक्शे रहेंगे मान्यविस्तार के बाद नए भवन निर्माण और लेआउट स्वीकृति के लिए एलडीए के नियम लागू होंगे। हालांकि, पहले से ग्राम सभा या ग्राम पंचायत से स्वीकृत नक्शों को मान्यता दी जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष अनुज सिह के मुताबिक, नियमानुसार हुए पुराने निर्माण को अवैध नहीं माना जाएगा। बिना अनुमति नए निर्माण और अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई होगी।नियमितीकरण का भी मिलेगा मौकाएलडीए के विस्तार से पात्र कॉलोनियों के नियमितीकरण का रास्ता खुलेगा। प्राधिकरण सर्वे कराकर नियमानुसार कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकेगा। इससे हजारों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम, नगर पंचायत, छावनी और अन्य विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र प्रस्ताव से बाहर रहेंगे। कैबिनेट मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद नए क्षेत्रों का मास्टर प्लान तैयार कर सड़क, आवासीय क्षेत्र, पार्क और ग्रीन बेल्ट निर्धारित किए जाएंगे। इससे राजधानी का बाहरी विकास नियोजित तरीके से हो सकेगा।

नगर निगमों की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने पर हुआ मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । योगी सरकार ने प्रदेश के 16 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए 40 करोड़ रुपये तथा मॉडल सोलर सिटी अयोध्या के लिए 15.75 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है।

इस संबंध में बुधवार को सोलर सिटी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाईमास्ट लाइट, रूफटॉप सोलर पावर प्लांट सहित विभिन्न सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर निगमों की ओर से सुझाव आया कि 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट में अपग्रेड किया जाय।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों को गति देने तथा स्वीकृत परियोजनाओं

- इस संबंध में बुधवार को सोलर सिटी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई

को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगमों द्वारा 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट में अपग्रेड करने तथा मोबाइल बैटरी आधारित ऊर्ज़ा भंडारण सुविधा विकसित करने के सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों के अनुसार, बैटरी स्टोरेज की सुविधा से डीजल जनरेटर पर निर्भरता एवं ईंधन व्यय कम करने में मदद मिलेगी। प्रमुख सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को यूपीनेडा एवं नगर निगमों के बीच समन्वय स्थापित कर परियोजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सोलर सिटी योजना का उद्देश्य नगर निगमों में उत्तर प्रदेश सौर ऊर्ज़ा नीति 2022 अनुसार प्रदेश में नवीन ऊर्ज़ा एवं ऊर्ज़ा दक्षता को बढ़ावा देकर पारंपरिक ऊर्ज़ा स्रोतों पर निर्भरता कम करना है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत जिलाधिकारी ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख द्वारा विधानसभा क्षेत्र-172, लखनऊ उत्तर के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। इस अभियान के अंतर्गत पहली बार मतदाता बनने की अर्हता प्राप्त कर रहे युवाओं सहित निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने से वंचित अन्य पात्र नागरिकों के पंजीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अलीगंज मांटेसरी स्कूल, अलीगंज स्थित मतदेय स्थल संख्या 211, 212 एवं 213 तथा प्राथमिक विद्यालय, चांदगंज स्थित मतदेय स्थल संख्या 218 एवं 219 का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे करते हुए इट्टक्क सूची में शामिल मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं एवं अन्य पात्र नागरिकों का चिन्हांकन कर उनका नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ द्वारा प्राप्त फर्मों की फीडिंग उसी दिन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार का विलंब न हो। उक्त के पश्चात कलेक्ट्रट सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट (ख्ब्र) नियुक्त करें, जिससे बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

तीसरे वर्ल्ड मेयर्स फोरम में लखनऊ की महापौर ने साझा की शहर के स्वच्छता एवं कूड़ा प्रबंधन की उपलब्धियां

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुंबई के होटल फ़ेयरमांट स्थित इन्फिनिटी बॉलरूम में बुधवार को आयोजित दो दिवसीय 'तीसरे वर्ल्ड मेयर्स फोरम' के अंतर्गत '7वें एशियन सिटीज समिट-2026' के पहले दिन लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने सहभागिता की। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए महापौरों, शहरी विकास विशेषज्ञों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आधुनिक नगर प्रबंधन, सतत शहरी विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण संरक्षण और कूड़ा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस , भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू , महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह , पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास एवं नगर मामले राज्य मंत्री उमेश राय तथा मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान के अध्यक्ष रंजीत एस. चव्हाण , महानिदेशक डॉ. जयराज फाटक एवं उप महानिदेशक रवि रंजन गुरु जी सहित देश-विदेश के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम द्वारा स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की। महापौर ने कहा कि लखनऊ नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर, हरित और बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। हमारा उद्देश्य है कि लखनऊ के प्रत्येक नागरिक को अच्छी सुविधाएं मिलें और हमारा शहर स्वच्छता एवं विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शहर की सफाई करना नहीं, बल्कि कूड़े को उपयोगी संसाधनों में बदलना, पर्यावरण को सुरक्षित रखना, हरियाली बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना भी है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण की पहचान एवं नियंत्रण तथा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में भी इक्र तकनीक की सहायता ली जा रही है।

यूपी को साइबर सुरक्षा के अभेद्य कवच से लैस करेगी योगी सरकार

- यूपीएसआईएफएस की पहल पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, डीएससीआई और सिस्को की संयुक्त कार्यशाला
- शासन-प्रशासन, पुलिस, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गज आए एक मंच पर

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और तेजी से बदलती डिजिटल तकनीक के दौर में साइबर सुरक्षा की चुनौतियां भी जटिल होती जा रही हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप से सुरक्षित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण मंथन हुआ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी की पहल पर आयोजित विशेष कार्यशाला में शासन-प्रशासन, पुलिस, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा, डेटा संरक्षण और साइबर हमलों से बचाव के उपायों पर विचार साझा किए।

गोमती नगर विस्तार स्थित यूपी-112 मुख्यालय के प्रज्ञा कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यशाला में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) और सिस्को सहयोगी संस्थाओं के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा तैयारियों का आकलन करना, साइबर गवर्नेंस को मजबूत करना और उभरती तकनीकों से पैदा होने वाले खतरों से निपटने के लिए संस्थागत क्षमता विकसित करने पर मंथन करना रहा।

डॉ. जीके गोस्वामी ने कार्यशाला के आयोजन और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों, साइबर सुरक्षा पेशेवरों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने प्रदेश में साइबर सुरक्षा के लिए सक्रिय, समन्वित और भविष्य के अनुरूप व्यवस्था विकसित करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसमें सरकारी डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा तैयारियों, साइबर हमलों से निपटने की क्षमता और उभरती तकनीकों के अनुरूप सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई। कार्यशाला में एआई आधारित साइबर खतरों, क्वांटम तकनीक के दौर में संभावित सुरक्षा कमजोरियों, डिजिटल प्लेटफॉर्म की जवाबदेही और साइबर घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

यूपी एआई मिशन से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक पर चर्चा

उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार उत्तर प्रदेश के निर्माण में आधुनिक तकनीक की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने दो हजार करोड़ रुपये के यूपी एआई मिशन को स्वीकृति दी है। इसके तहत बच्चों के पोषण की निगरानी जैसी जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में एआई का उपयोग और युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर रहेगा। उन्होंने तकनीकी विशेषज्ञों और संस्थाओं से मिशन के तहत प्रस्ताव भेजने का आह्वान किया।

क्वांटम कंप्यूटिंग पर उन्होंने बताया कि सरकार आईआईटी कानपुर के सहयोग से क्वांटम कंप्यूटर स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। यूपीएसआईएफएस भी स्वदेशी क्वांटम कंप्यूटर लाने की पहल कर रहा है। उन्होंने ग्रामीण युवाओं तक तकनीक की पहुंच बढ़ाने के लिए 25 लाख टैबलेट वितरण, डेटा सेंटर के विस्तार और सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं प्रशिक्षण योजना के तहत निजी कंपनियों को कौशल केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित करने की जानकारी दी।

कार्यकुशलता के साथ संवेदनशीलता और डेटा की शुद्धता जरूरी : लीना जौहरी

महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने कहा कि तकनीक की सफलता इस बात से तय होगी कि वह आम व्यक्ति का जीवन कितना आसान और सुरक्षित बनाती है। सरकारी सेवाओं में एआई का इस्तेमाल बढ़ाते समय लाभार्थियों की निजता, गरिमा और भरोसे की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील विभाग में एक गलत प्रविष्टि किसी बच्चे को जरूरी पोषण सेवाओं से वंचित कर सकती है। वहीं, उत्पीड़न की शिकायत करने वाली महिला की जानकारी का खुलासा उसकी सुरक्षा को जोखिम में डाल सकता है।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5.0 के तहत 26 नवंबर को लगेगा विशेष महाशिविर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश में संचालित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5.0 के तहत 26 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में विशेष महाशिविर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जनपदों में 1 नवंबर 2026 से यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले 04 नवंबर को प्रयागराज, 18 नवंबर को गोरखपुर और 23 नवंबर को वाराणसी में विशेष महाशिविर आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा और संयुक्त सचिव ध्रुवज्योति सेनगुप्ता उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव वित्त सहित वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। महाशिविर में पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही फ़ेस ऑथेंटिकेशन और अन्य डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनभोगियों का सम्मान करने के साथ उनसे संवाद भी किया जाएगा। कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश का उद्देश्य डिजिटल तकनीक के माध्यम से पेंशनभोगियों को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

डीएम ने 31 लाभार्थियों को बांटे ऋण चेक एक लाभार्थी को सौंपी ट्रैक्टर की चाबी

❑ जिलाधिकारी ने 31 लाभार्थियों को लगभग एक करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा रोजा मंडी परिसर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी ने 31 लाभार्थियों को लगभग एक करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए। साथ ही योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले रामापुर बरकतपुर निवासी नंदलाल को ट्रैक्टर की चाबी भी सौंपी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी ऋण योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत 18 से 35 वर्ष लोगों को पहली बार 5 लाख रुपए तक का ऋण 4 वर्ष के लिए बिना ब्याज के दिया जाता है। जिसमें 10 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि समय से ऋण चुकाने पर दूसरी बार 10 लाख रुपए ऋण बिना ब्याज के सब्सिडी के साथ दिया जाता हैं, इसी तरीके से ऋण अदा करने पर भविष्य में ऋण की क्षमता बढ़ती रहती है। उन्होंने बताया कि इस ऋण से आत्मनिर्भर बनने के लिए अपना स्वयं का ब्यूटी पार्लर, रेस्टोरेंट, बेकरी एवं कृषि संबंधित आदि रोजगार स्थापित कर सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा रोजा मंडी के शाखा प्रबंधक विमल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि स्वयं का उद्यम स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने वाला उद्यमी बनाना है। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा अरविंद प्रसाद गुप्ता, जीएमडीआईसी संजय कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक पवन कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी अतुल कुमार सक्सेना, ऋण प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालय दीपिका टंडन, चौक मंडी मुख्य शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार, चौड़ेरा शाखा प्रबंधक ज्योति मिश्रा, रोजा मंडी शाखा के ऋण अधिकारी सतीश कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विमल कुमार सहित बैंक के अन्य क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों को आसानी से उपलब्ध होंगी कृषि संबंधी कई सुविधाएं: डीपीएस राठौर

❑ किसान हित में सहकारिता विभाग का महत्वपूर्ण व सराहनीय कदम: हरिप्रकाश वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने रूपापुर सहकारी समिति के कार्य का शुभारंभ फीता काटकर किया।

इस दौरान जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा कहा कि किसानों को सहकारिता के माध्यम से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहकारिता विभाग द्वारा नवगठित बी-पैक्स का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने इस पहल को किसान हित में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। वहीं, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि नवगठित बी-पैक्स के माध्यम से स्थानीय किसानों को खाद, बीज, ऋण तथा अन्य कृषि संबंधी सुविधाएं एक ही छत के नीचे आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे किसानों का समय बचेगा और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने सहकारिता विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गणेश गुप्ता सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी ने किसानों को सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिवरतन लाल अपर जिला सहकारी अधिकारी जलालाबाद, हरिकेश परमार अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर सहित सहकारिता विभाग के तमाम अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित समिति सदस्य तथा स्थानीय किसान मौजूद रहे।

पलिया पुलिस का नशे के कारोबार पर प्रहार!

❑ 10 ग्राम स्मैक के साथ पीलीभीत का आरोपी गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल भी जब्त

❑ मेला घाट मोड़ पर पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया आरोपी, एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया कलां, खीरी । नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 10 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीला पदार्थ, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी पीलीभीत जनपद का निवासी बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 नवंबर की रात पलिया पुलिस टीम ने अतरिया क्रॉसिंग से पहले पलिया-भीरा रोड स्थित मेला घाट मोड़ के पास संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर घेराबंदी कर राजेन्द्र सिंह पुत्र जरनैल सिंह, निवासी राघवपुरी, थाना हजारा, जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक), परिवहन में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल (नंबर ठघ्26-इड्ड-1221) और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में थाना पलिया पर मुकदमा संख्या 344/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2022 में थाना हजारा, पीलीभीत में धारा 363 भादवि के तहत भी मुकदमा दर्ज रहा है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विवेक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कांस्टेबल रामभूल वर्मा, शनि यादव, कृष्ण मुरारी, रोहित भड़ाना और राजपाल शामिल रहे।

पलिया पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सहकारी समितियों पर खाद के लिए भटक रहे किसान, ददरा में हंगामा

मीरजापुर । रबी फसलों की बुवाई के बीच मीरजापुर में खाद की किल्लत और सहकारी समितियों की अव्यवस्था से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खाद के लिए किसानों को कई दिनों तक समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ददरा-हिनौता साधन सहकारी समिति पर वितरण में देरी को लेकर किसानों ने हंगामा किया, जबकि ड्रमंडगंज क्षेत्र की महोगढ़ी समिति पर लगातार ताला लटकने से किसान खाद के लिए परेशान हैं। ददरा-हिनौता सहकारी समिति पर मंगलवार को खाद लेने पहुंचे किसानों ने वितरण में देरी और अनियमितता का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि समिति के गोदाम में खाद उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें समय से नहीं दी जा रही है। सुबह से कतार में खड़े किसानों को बताया गया कि मंगलवार को चेक जमा करने वाले किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद दी जाएगी। इसके बाद बुधवार को आने वाले किसानों को चेक के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इस व्यवस्था को लेकर किसानों ने विरोध शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान सहायक विकास अधिकारी सहकारिता प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने खाद वितरण बंद करा दिया।

एल्पिस ग्लोबल स्कूल का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव भव्य समारोह के साथ संपन्न

❑ मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित, विधायक निर्मल वर्मा ने की विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर । बिसवां नगर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन दिवस सोमवार, 24 नवंबर 2026 को हर्षोल्लास, भव्यता एवं सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच संपन्न हुआ। समारोह के तृतीय दिवस में कक्षा 8 से 11 तक के विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिसवां विधायक निर्मल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी बिसवां श्री राहुल सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर मुदित सिंघल, निशीथ नारायण गोयल , उमंग राजवंशी एवं अनुज सिंघल ने किया।

समारोह का विशेष आकर्षण प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति से मुदित सिंघल, श्री निशीथ नारायण गोयल , उमंग राजवंशी एवं अनुज सिंघल, प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा, पी आर ओ सबा शकील द्वारा शैक्षिक एवं व्यावहारिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर अम्बरीन अफसर, अनस जमीर एवं बुशरा खान, अध्यापक अंकित मिश्र, विशाल मिश्र, पंकज शुक्ल, सौरभ यादव, जुनैद मुशीर एवं नवीन पोरवाल, अध्यापिका सुषमा गुप्ता एवं इकरा इसरार तथा हेड मेंटर्स राजेश कुमार द्विवेदी, विशाल कश्यप, शशांक यादव एवं सुजीत कुमार सहित श्री राजवीर सिंह चौहान एवं अमिता शुक्ला को सम्मानित किया गया। वहीं, हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले 35 मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें 25 विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपये तथा 10 विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की दिशा में विद्यालय की सराहनीय पहल रही। मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एल्पिस ग्लोबल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं शैक्षिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गांव में मगरमच्छ की दस्तक से मचा कोहराम!

❑ घर के पास विशालकाय शिकारी देख ग्रामीणों में दहशत, मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पढुवा खीरी। गांव में अचानक मगरमच्छ की दस्तक ने ग्रामीणों के होश उड़ा दिए। पढुवा थाना क्षेत्र के दरेरी गांव में गिरधारी मौर्य के घर के पास मगरमच्छ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। खूंखार मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि गांव के उत्तर दिशा में मगरमच्छ दिखाई दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को मगरमच्छ से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी।

घर के आसपास मगरमच्छ, ग्रामीणों की सांसें अटकीं!

मगरमच्छ की मौजूदगी से गांव में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों को आशंका है कि कहीं मगरमच्छ किसी आबादी वाले इलाके में घुसकर किसी पर हमला न कर दे। बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और मगरमच्छ के नजदीक जाने से सख्त मना किया है।

वन विभाग ने संभाला मोर्चा, रेस्क्यू अभियान जारी

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान में जुटी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि मौके पर भीड़ न लगाएं, मगरमच्छ को छेड़ने या पकड़ने का प्रयास बिल्कुल न करें तथा बच्चों को अकेले बाहर न भेजें।

गांव में मगरमच्छ निकलने की घटना ने ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके प्राकृतिक ठिकाने पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

सामुदायिक सहभागिता के सहयोग से ही विद्यालय का विकास सम्भव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां,सीतापुर। सामुदायिक सहभागिता के सहयोग से ही विद्यालय विकास सम्भव है। सशक्त विद्यालय प्रबन्ध समिति ही विद्यालय को बेहतर बनाने और विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका निभा सकती है।यह उद्गार बुधवार को सकरन विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कलिमापुर कंपोजिट में विद्यालय प्रबन्ध समिति के गठन के अवसर पर प्रधानाध्यापक कफील अहमद खान ने व्यक्त किये।

विद्यालय में अगले दो वर्षों के लिए नयी विद्यालय प्रबन्ध समिति का गठन किया गया। बैठक में पूर्व से जारी एजेंडा के अनुसार उपस्थित अभिभावकों द्वारा सर्व सम्मति से प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चयन किया गया। अभिभावक मुन्ना लाल को अध्यक्ष और श्रीमती को उपाध्यक्ष चुना गया।इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि बुद्ध सागर व ग्राम विकास अधिकारी शिव मंगल मिश्रा, बीएलओ सुधा देवी सहित अन्य अभिभावकगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन विद्यालय प्रधानाध्यापक कफील अहमद खान द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय प्रबन्ध समिति के कार्यों और समिति के दायित्वों से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर शिक्षक बृजेश कुमार,अशोक गौतम,भारत प्रसाद और रसोईया उपस्थित रही।

फर्जी पत्रकारों पर कस सकता है प्रशासन का शिकंजा

लखीमपुर,खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूट्यूबर और फ़ेसबुकिया पत्रकारों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, प्रेस का तमगा लगाकर रौब गांठने वालों की होगी पहचान!पत्रकारिता की आड़ में अपनी दुकान चलाने वाले कथित पत्रकारों पर अब कार्रवाई की तलवार लटकती नजर आ रही है। बिना किसी वैध पहचान, संस्थान या पत्रकारिता के मानकों के खुद को पत्रकार बताकर अधिकारियों पर दबाव बनाने, रौब गांठने और सोशल मीडिया पर खबरों के नाम पर अपनी पहचान चमकाने वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।सूत्रों के मुताबिक, फर्जी पत्रकारों की पहचान और उनकी गतिविधियों की जांच को लेकर कार्रवाई की तैयारी की चर्चा तेज है। ऐसे में यूट्यूब चैनल और फ़ेसबुक पेज के नाम पर खुद को पत्रकार बताने वालों में खलबली मची हुई है। सवाल साफ है–पत्रकारिता के नाम पर पहचान का दुरुपयोग करने वालों पर कब और कितनी सख्त कार्रवाई होगी। पत्रकारिता सम्मान और जिम्मेदारी का पेशा है, न कि दबाव बनाने और निजी स्वार्थ साधने का जरिया। असली पत्रकारों की प्रतिष्ठा बचाने के लिए फर्जी पहचान वालों पर निष्पक्ष कार्रवाई जरूरी है।

आज 05 घंटे बाधित रहेगी टाउनहॉल फीडर की बिजली आपूर्ति

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज गुरुवार को टाउनहॉल फीडर की विद्युत आपूर्ति पांच घंटे बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा दुर्गा होटल के पास एचटी लाइन को ऊंचा करने का कार्य कराया जाएगा। इसके साथ ही सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत तिलक पार्क पर स्थापित ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया जाना है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए टाउनहॉल फीडर की बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए बिजली से जुड़े अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें और पानी आदि की व्यवस्था भी कर लें। कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

ब्रास सिटी क्रिकेट एकेडमी ने सीएसएस को चार विकेट से हराया

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। द वंडर कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को ब्रास सिटी क्रिकेट एकेडमी ने सीएसएस को चार विकेट से हराकर जीत दर्ज की। वंश को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि बुधवार को कुंदरकी स्थित द वंडर क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसएस की टीम 30.1 ओवर में 151 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से शुऐब खान और अनुराग मुस्कान ने 27–27 रन बनाए। मन्नान उमर और मोहम्मद शारिक ने 20–20 रन का योगदान दिया। ब्रास सिटी की ओर से वंश ने 28 रन देकर पांच विकेट लिए। जुनैद खान और आरुष ने दो–दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रास सिटी की टीम ने 23.5 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। शिवम यादव ने नाबाद 38 और विशुदीप ने 31 रन बनाए। निजाम पाशा ने 29 और अभिनेश ने 22 रन का योगदान दिया।

एक साथ गूंजेगी पांच हजार विद्यार्थियों की आवाज, पढ़ेंगे संविधान की प्रस्तावना

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । एक मंच, पांच हजार से अधिक विद्यार्थी और सबकी जुबां पर संविधान की प्रस्तावना। संविधान दिवस पर 26 नवंबर को मीरजापुर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिलेगा। जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं एक साथ एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'संविधान संवाद अभियान' के तहत 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन सुबह नौ बजे डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार द्वितीय ने बताया कि कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य बच्चों को संविधान के मूल्यों से जोड़ना और उन्हें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करना है। सामूहिक वाचन के जरिए न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम को यादगार और सुव्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और नोडल शिक्षकों से समन्वय किया जा रहा है। विद्यार्थियों के समूह बनाने, कतारबद्ध व्यवस्था और अनुशासन सहित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में होने वाला यह आयोजन युवा पीढ़ी को संविधान की भावना से जोड़ने की पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जाएगा कि संविधान सिर्फ कानून की किताब नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव और हर नागरिक के अधिकारों व कर्तव्यों का मार्गदर्शक है।

मैलानी में प्रेमी युगल की मौत से मचा हड़कंप

❑ एक ही घर में फंदे से लटके मिले दोनों के शव; प्रेम प्रसंग की बात आई सामने

❑ साथ जीने-मरने की कसमें खाने वाले प्रेमी युगल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैलानी खीरी। लखीमपुर खीरी के मैलानी थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अमीन नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक और युवती के शव एक ही घर में फंदे से लटके मिले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मृतका वंशिका और युवक हिमांशु के बीच पिछले तीन से चार वर्षों से प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। दोनों की मौत की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका वंशिका पुत्री सिद्धार्थ कुमार चौधरी, उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी अमीन नगर तथा हिमांशु पुत्र राकेश कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी स्टेशन पुरवा बांकेगंज के शव वंशिका के घर में फंदे से लटके मिले।

सूचना मिलते ही बांकेगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सचिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं प्रभारी निरीक्षक मैलानी भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस की प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि दोनों के बीच करीब तीन से चार वर्षों से प्रेम संबंध थे। बताया गया है कि वंशिका की मां लक्ष्मी देवी का अपने पति सिद्धार्थ कुमार से कई वर्षों से विवाद चल रहा था और वह अपने मायके अमीन नगर में अलग मकान बनाकर रह रही थीं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस के मुताबिक गांव में शांति व्यवस्था कायम है और एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

मेडिको–लीगल में आएगी और अधिक तेजी सीएमओ सभागार में कार्यशाला आयोजित

❑ CCTNS और मेडलीएपीआर (MedLEaPR) पोर्टल को इंटरलिंक करने का दिया गया प्रशिक्षण

❑ जनपद के सभी 15 ब्लॉकों के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में मेडिको-लीगल मामलों की प्रक्रिया को अधिक सटीक, तेज और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के बीच डिजिटल समन्वय को और मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में CCTNS पोर्टल व मेडलीएपीआर (MedLEaPR) पोर्टल को इंटरलिंक किए जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. धनीराम भार्गव भी उपस्थित रहे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कार्यशाला के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि मेडिको-लीगल केस (MLC) और पोस्टमार्टम रिपोर्ट (PMR) के सुरक्षित एवं त्वरित आदान-प्रदान के लिए पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच मुख्य रूप से MedLEaPR और CCTNS पोर्टल संचालित किए जा रहे हैं। दोनों पोर्टल्स के आपसी जुड़ाव (इंटरलिंकिंग) और डिजिटल समन्वय से दोनों विभागों के बीच सूचनाओं का सीधा आदान-प्रदान संभव होगा, जिससे कागजी प्रक्रिया में लगने वाले समय की बचत होगी और मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी।?कार्यशाला में जनपद के सभी 15 ब्लॉकों से आए उन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित व संवेदनशील किया गया, जो इन पोर्टल्स के संचालन और डेटा प्रबंधन से जुड़े हैं। प्रतिभागियों को पोर्टल की इंटरलिंकिंग प्रक्रिया, रिपोर्ट तैयार करने, उसे ऑनलाइन अपलोड करने तथा संबंधित विभागों तक समयबद्ध तरीके से भेजने की व्यावहारिक बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया में मेडिको-लीगल व पोस्टमार्टम रिपोर्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए इनमें पूर्ण सटीकता और गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।

ब्लॉक स्तर पर आ रही तकनीकी व कार्यप्रणाली संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि नियमित प्रशिक्षण और बेहतर समन्वय से दोनों पोर्टल्स का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस पहल से न केवल विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि पीड़ितों और जांच एजेंसियों को भी समय पर विश्वसनीय रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी।

छूटे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से कराएं दर्ज: डीईओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं, नवविवाहित महिलाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों को पंजीकृत करने के उद्देश्य से जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है

बदायूँ। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं, नवविवाहित महिलाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों को पंजीकृत करने के उद्देश्य से जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है तथा 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने हैं। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 नवम्बर 2026 (शनिवार) एवं 29 नवम्बर 2026 (रविवार) को विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से विशेष अभियान की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं के फार्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सहयोग करें। साथ ही नवविवाहित महिलाओं के नाम भी प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में पंजीकृत कराएं, जिससे जनपद के जेंडर रेशियो में अपेक्षित सुधार हो सके। सभी बीएलए विशेष अभियान के दौरान संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित बीएलओ से समन्वय स्थापित कर आलेख्य मतदाता सूची का गहनता से अवलोकन करें और फार्म-6 के पंजीकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बीएलए की उपस्थिति में संबंधित मतदेय स्थल के बीएलओ द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को नामवार पढ़कर सुनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 01 जनवरी 2027 के अतिरिक्त 01 अप्रैल 2027, 01 जुलाई 2027 एवं 01 अक्टूबर 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिकों से भी फार्म-6 प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे आवेदनों पर संबंधित अर्हता तिथि को निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही नियमानुसार प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि उनकी भाग संख्या की मतदाता सूची में किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न पाए तथा प्रत्येक मतदाता के नाम, पिता/पति का नाम, आयु एवं फोटोग्राफ का विशेष रूप से सत्यापन करें। उन्होंने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराए जाएं। साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में जेंडर रेशियो, ईपी रेशियो एवं एज कोहोर्ट में सुधार लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। विशेष अभियान की तिथियों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पंचायत सचिवों तथा ग्रामों में स्थापित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों का सहयोग लेकर अधिक से अधिक फार्म-6 का ऑनलाइन पंजीकरण कराया जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद की जनसंख्या के अनुपात में महिला मतदाताओं का प्रतिशत पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा कम है। सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

सफाई कर्मी की मौत पर फूटा आक्रोश, किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ परिवार ने थाने के सामने रखा अस्थि कलश, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

बदायूं। सफाईकर्मी सोनू की मौत के मामले में बुधवार को परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिवार की महिलाओं ने सिविल लाइंस थाने के सामने अस्थि कलश रखकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। सफाई कर्मी सोनू की मौत के मामले में बुधवार को परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। मृतक की मां और पत्नी समेत परिवार की कई महिलाएं सिविल लाइंस थाने पहुंची और थाने का घेराव कर विरोध जताया।

महिलाओं ने जिम संचालक और उसके साथियों पर सोनू की हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उनसे दो दिन का समय मांगा। इसके बाद महिलाएं धरना प्रदर्शन समाप्त कर चली गई। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नेकपुर निवासी सोनू (22 वर्ष) नगर पालिका में सफाईकर्मी थे। परिजनों का आरोप है कि 18 नंवबर को जिम में जिम संचालक और उसके साथियों ने सोनू के साथ मारपीट की थी। सोनू के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। इसके बाद सोनू वहां से चला गया। रात करीब 10 बजे बरेली-मथुरा हाईवे पर आरिफपुर नवादा के पास उसका शव पड़ा मिला। मौके पर बाइक भी पड़ी थी।परिजनों ने जिम में हुई मारपीट को सोनू की मौत की वजह बताते हुए हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोटों के निशान मिलने की बात भी सामने आई थी। मृतक की मां शंकुतला की तहरीर पर पुलिस ने जिम संचालक समेत दो नामजद और अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज किया था। बुधवार को मृतक की मां, पत्नी और परिवार की अन्य महिलाओं ने थाने पहुंचकर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मृतक की पत्नी ने थाने के सामने अस्थि कलश रख दिया। महिलाओं का कहना था कि सोनू की मौत के मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सीओ सिटी सुमेध मिलिंद जाधव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

26 नवम्बर को संविधान दिवस पर छह स्थलों पर होगा शिलान्यास

बदायूँ। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत चयनित स्थलों पर शिलान्यास एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर लखनऊ स्थित लोक भवन में प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेशभर में योजना के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने बताया कि जनपद बदायूँ में छह चयनित स्थलों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शिलान्यास एवं पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। इनमें विधानसभा दातागंज हेतु विकासखंड समरेर के कमा गांव, विधानसभा सदर हेतु विकासखंड वजीरगंज के धंमपुर गांव, विधानसभा बिल्सी हेतु विकासखंड अम्बियापुर के रम नगला गांव, विधानसभा शेखूपुर हेतु विकासखंड जगत के हयात नगर, विधानसभा सहसवान हेतु विकासखंड अम्बियापुर के बेहटा गुसाईं छोलायन तथा विधानसभा बिसौली हेतु विकासखंड इस्लामनगर के भुसाया गांव में कार्यक्रम आयोजित होंगे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखंड बदायूँ को कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

फाइलेरिया की दवा के बाद हल्का बुखार और उल्टी आदि आना सामान्य प्रतिक्रिया, घबराएं नहीं : स्वास्थ्य विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर देहात । फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा सेवन के बाद कुछ लोगों में हल्की प्रतिकूल प्रतिक्रिया (एडीआर) सामने आ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि हल्का बुखार, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी और खुजली जैसी शिकायतें सामान्य हैं। ये लक्षण शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवियों के नष्ट होने के कारण हो सकते हैं। आमतौर पर ये 24 से 48 घंटे में ठीक हो जाते हैं।

मलासा ब्लॉक के कैलाइ गांव में आशा कार्यकर्ता बृजवती देवी की टीम घर-घर दवा खिला रही थी। इसी दौरान सूरज कुमार (40) और लाखन सिंह (17) ने भोजन के बाद दवा का सेवन किया। करीब दो घंटे बाद दोनों को सिरदर्द, बदन दर्द और हल्का बुखार महसूस हुआ। आशा कार्यकर्ता ने उन्हें आराम कराया और पानी, ओआरएसतथा पैरासिटामोल दी। करीब चार घंटे में उनकी तबीयत सामान्य हो गई। अगले दिन सूरज कुमार काम पर भी चले गए।

जिला मलेरिया अधिकारी मारुति दीक्षित के अनुसार, फाइलेरिया की डीईसी और अल्बेंडाजोल दवाएं शरीर में मौजूद परजीवियों को नष्ट करती हैं। इसी प्रक्रिया में कुछ लोगों को अस्थायी प्रतिक्रिया हो सकती है। उन्होंने बताया कि दवा हमेशा भोजन के बाद ही लेनी चाहिए। हल्की परेशानी होने पर आराम करें और पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस या नींबू पानी लें।

स्वास्थ्य विभाग ने चेताया है कि सांस लेने में दिक्कत, शरीर में तेज सूजन, लगातार उल्टी, तेज बुखार या बेहोशी जैसी स्थिति होने पर तत्काल नजदीकी प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। प्रत्येक ब्लॉक में इसके लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई है।

ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में बुधवार को मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेला गांव के पास बेकाबू डंपर ने मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल चालक सौरभ (22) पुत्र चंद्रगुप्त मौर्य, शबनम (35) पुत्री हामिद व इलमा (17) पुत्री सरीफ मौत हो गई। वही घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने, उसके संबंध में जानकारी जुटाने तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई करें।

औरैया में 741 गांवों में हो रही नियमित जलापूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की जिलाधिकारी बृजेश कुमार ने बुधवार को समीक्षा की। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित बैठक में निर्माण कार्यों की स्थिति, गुणवत्ता और निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को तय समयसीमा में पूरा कराने के साथ निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के 725 राजस्व ग्रामों में 375 पाइप पेयजल योजनाओं पर काम कराया जा रहा है। इनमें 151 गांवों में 97 योजनाएं और 574 गांवों में 278 योजनाएं शामिल हैं। कुल 359 अवर जलाशयों के सापेक्ष 353 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि छह का निर्माण कार्य जारी है। निर्धारित 412 नलकूपों का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के 3555 किलोमीटर के लक्ष्य के सापेक्ष 3545 किलोमीटर कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में 298 पेयजल योजनाएं संचालित हैं, जबकि 64 योजनाओं का परीक्षण चल रहा है और 13 योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिले के 768 गांवों में से 741 में निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। घरेलू नल कनेक्शन के तहत 2,17,903 परिवारों को कनेक्शन देने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2,15,217 परिवारों को क्रियाशील नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसी तरह सड़कों के पुनर्स्थापन के 2343 किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले 2342 किलोमीटर का कार्य पूरा कर लिया गया है।

जिलाधिकारी ने सड़क खुदाई के बाद शेष पुनर्स्थापन कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थर्ड पार्टी एजेंसी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच करे। इसके साथ ही सभी पेयजल योजनाओं की जियो टैगिंग कराने और पूर्ण हो चुकी योजनाओं में जलार्पण की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से जल सारथी ऐप डाउनलोड करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से पेयजल योजनाओं की वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

काशी तमिल संगम 5.0 के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू,छह अन्य जोड़ी विशेष ट्रेनें भी चलेंगी

❐ कन्याकुमारी से बनारस के लिए पहली विशेष ट्रेन रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। काशी तमिल संगमम् 5.0 में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को लेकर दक्षिण रेलवे की पहली विशेष ट्रेन बुधवार को कन्याकुमारी से बनारस के लिए रवाना हुई। यात्रा शुरू होने से पहले कन्याकुमारी रेलवे स्टेशन पर प्रतिनिधियों का समारोह पूर्वक स्वागत किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल काशी तमिल संगमम् 5.0 का आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आईआईटी मद्रास और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य काशी और तमिलनाडु के बीच प्राचीन सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक एवं सभ्यतागत संबंधों को सुदृढ़ करना तथा दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देना है।

प्रतिनिधियों और अन्य यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण रेलवे ने बनारस को कन्याकुमारी, डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल और कोयंबटूर से जोड़ने वाली सात जोड़ी विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। स्थानीय आयोजकों के अनुसार, ट्रेन संख्या 06041 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस स्पेशल 25 नवंबर को कन्याकुमारी से रवाना हुई और 27 नवंबर को रात 08 बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06042 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस स्पेशल 01 दिसंबर को रात 10:30 बजे बनारस से रवाना होकर 04 दिसंबर को सुबह 4:45 बजे कन्याकुमारी पहुंचेगी। इन ट्रेनों का मार्ग में विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसके अतिरिक्त, दिसंबर में चेन्नई, कोयंबटूर और कन्याकुमारी से छह अन्य जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। ये ट्रेनें नियमित काशी तमिल संगमम् साप्ताहिक एक्सप्रेस के अतिरिक्त चलाई जाएंगी। इन सेवाओं से तमिलनाडु और बनारस के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा संगमम् में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों और अन्य यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा।

गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में जोगीपुरा स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा को सम्मानित किया गया। शहर में गुरुद्वारा जोगीपुरा रोड पर हॉटमिक्स सड़क निर्माण तथा प्रकाश पर्व के अवसर पर ऑक्टागोनल पोल पर तिरंगा लाइट लगवाने के लिए गुरुद्वारा कमेटी ने दोनों का आभार जताया।

कमेटी की ओर से शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न देकर और सरोपा भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में सिख समाज के लोगों ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की खुशियां साझा करते हुए सेवा, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। गुरुद्वारा कमेटी ने कहा कि सड़क निर्माण और प्रकाश व्यवस्था से श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ी है। धार्मिक स्थलों के आसपास बेहतर व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मानवता, सेवा, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। सभी धर्मों का सम्मान और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। शहर के विकास और जनता की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में सहयोग करना हमेशा प्राथमिकता रही है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर में सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। जोगीपुरा गुरुद्वारा मार्ग पर हॉटमिक्स सड़क और तिरंगा लाइट लगवाने का उद्देश्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ शहर को सुंदर बनाना है। उन्होंने सिख समाज को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के पदाधिकारियों ने दोनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी, सिख समाज के लोग और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी हुई है। बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं उनके संचालन का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस में रखी सभी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें पूर्णतः सुरक्षित हैं। वेयरहाउस की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के उपरांत उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वेयरहाउस में की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर परिचर्चा

वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र स्थित भंदहा कला, कैथी के आशा लाइब्रेरी परिसर में 'हम भारत के लोग' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया। परिचर्चा में बतौर अतिथि शामिल वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति, मजबूती और विकास में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक सशक्त और सुव्यवस्थित संविधान ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संविधान में प्रदत्त अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे भविष्य में जागरूक नागरिक बनकर समाज और जनहित के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए केवल अपने अधिकारों की जानकारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध रहना भी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कठपुतली कलाकार मिथिलेश दुबे की ओर से संविधान से संबंधित विभिन्न पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से उपस्थित लोगों को संविधान और उससे जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने परिचर्चा में शामिल अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत

फतेहपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में बुधवार को मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेला गांव के पास बेकाबू डंपर ने मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल चालक सौरभ (22) पुत्र चंद्रगुप्त मौर्य, शबनम (35) पुत्री हामिद व इलमा (17) पुत्री सरीफ मौत हो गई। वही घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने, उसके संबंध में जानकारी जुटाने तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई करें।

मुरादाबाद में शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता का शुभारंभ

मुरादाबाद , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता (टैलेंट हंट) 2026-27 का बुधवार को शुभारंभ हुआ। मुरादाबाद के गांव मनोहरपुर स्थित एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के बाल, किशोर और युवा कलाकारों ने गायन, वादन और नृत्य की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के केंद्र संयोजक आदर्श भटनागर ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इसके साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ना और कला-संस्कृति के प्रति उनकी रुचि विकसित करना भी इसका उद्देश्य है। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित किए। अवनद्ध वाद्य (तबला) के बाल वर्ग में विप्यांश मदान ने प्रथम और मयूर कश्यप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में दक्ष अग्रवाल तथा युवा वर्ग में विवेक कुमार प्रथम रहे।

कंचौसी रेलवे स्टेशन पर यूटीएस सिस्टम खराब, अनारक्षित टिकटों की बिक्री ठप, यात्री परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के कंचौसी रेलवे स्टेशन पर यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) का कंप्यूटर खराब होने से टिकट वितरण व्यवस्था ठप हो गई है। मंगलवार शाम से आई तकनीकी खराबी के कारण बुधवार को भी यात्रियों को स्टेशन पर अनारक्षित टिकट नहीं मिल पाए। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई लोगों को बिना यात्रा किए ही लौटना पड़ रहा है।

कंचौसी स्टेशन पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए केवल एक काउंटर है। ऐसे में कंप्यूटर सिस्टम खराब होने से टिकट वितरण पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बुधवार को भी टिकट लेने के लिए स्टेशन पहुंचे यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

यात्री विनोद कुमार, पिंटू सविता, अनमोल गुप्ता और देवेश पालीवाल ने बताया कि टिकट नहीं मिलने से उनकी यात्रा प्रभावित हो रही है। रेलवे प्रशासन को जल्द से जल्द तकनीकी खराबी दूर कराकर टिकट वितरण शुरू कराना चाहिए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

स्टेशन मास्टर सतीश कुमार ने बताया कि कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण अनारक्षित टिकटों की बिक्री प्रभावित हुई है। इसकी जानकारी स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने उच्चाधिकारियों को दे दी है। उन्होंने बताया कि फरक्का एक्सप्रेस और ऊंचाहार एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कानपुर सेंट्रल, फफूंद, भरथना और इटावा रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों को रुकवाकर टिकट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से कंचौसी स्टेशन पर जल्द टिकट वितरण व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है, ताकि उन्हें टिकट के लिए दूसरे स्टेशनों पर निर्भर न रहना पड़े।

अब फोन पर मिलेगी निर्वाचन संबंधी हर जानकारी, शिकायतों का भी होगा समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ खीरी में जिला निर्वाचन कार्यालय ने स्थापित किया डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर, टोल फ्री नंबर 1950 पर करें कॉल

लखीमपुर खीरी । मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, विवरण में संशोधन कराने या वोटर आईडी से जुड़ी किसी समस्या के लिए अब लोगों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय खीरी में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (डीसीसी) स्थापित किया गया है। यहां टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर नागरिक निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त करने के साथ अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से स्थापित यह सेंटर मतदाताओं और निर्वाचन प्रशासन के बीच सीधे संवाद का माध्यम बनेगा। इसके लिए 1950 के अलावा फोन नंबर 05872-271127 और टोल फ्री नंबर 1800-180-1950 भी जारी किया गया है। इन सभी नंबरों पर आने वाली कॉल डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर में प्राप्त होंगी। सेंटर सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित रहेगा। यहां तैनात प्रशिक्षित कार्मिक नागरिकों की समस्याएं सुनकर नियमानुसार जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।

नए मतदाता बनने से लेकर वोटर आईडी तक मिलेगी मदद

डीसीसी के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 की प्रक्रिया बताई जाएगी। वहीं, नाम, पता, आयु और फोटो में संशोधन के लिए फॉर्म-8 से संबंधित जानकारी मिलेगी। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदान केंद्र, बूथ और भाग संख्या की जानकारी प्राप्त करने तथा मतदाता पहचान पत्र के नए आवेदन, डाउनलोड और वितरण से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।

इसके अलावा बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संबंधित शिकायतें, मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन कार्यक्रम और ऑनलाइन मतदाता सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं मतदाता पोर्टल पर आवेदन करने और उसकी स्थिति जानने में भी नागरिकों को सहायता मिलेगी।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 में भी बनेगा मददगार

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने अथवा संशोधन कराने से संबंधित जिज्ञासाओं और शिकायतों के निस्तारण में यह सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका उद्देश्य मतदाताओं को एक ही माध्यम से निर्वाचन संबंधी सभी जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और जनसुलभ बनाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में डि

जिम्मेदार बने उदासीन, धड़ल्ले से चल रहे अवैध पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में सैकड़ो अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर गो पनीय तरीके से चल रहे। वहीं, कुछ अल्ट्रासाउंड हुआ पैथोलॉजी सेंटर कार्रवाई के बाद भी नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में धड़ल्ले से धंधेबाज अपना काम कर रहे हैं। अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथालॉजी के इस गिरोह पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथालॉजी बिना पंजीयन सक्रिय हैं।बताया गया कि वजीरगंज में स्थित एक अस्पताल के पा स अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित है, लेकिन इसे स्थानीय अधिकारियों के सह के चलते बंद न हीं करवा रहे हैं।इसी प्रकार परसपुर बाजार और करनैलगंज में बि ना मानक विपरीत और बिना पं जीकरण के पैथा लॉजी चल रही है। यहां नियमों को दरकिनार कर के जांच की जा रही। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि हाल यह है कि रिपोर्ट पर नाम और मोबाइल नंबर तक दर्ज नहीं है। इस से मरीज छले जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो अवैध सेंटर संचालक कथित आशा कार्यकर्ताओं को र कम का लालच देकर मरीजों को अस्पताल भेजने के लिए कहते हैं।सामान्य से लेकर गंभीर जांच त क के मरीजों को भेजने के एवज में कमीशन अल ग-अलग मिलता है। अल्ट्रासाउंड के लिए दो सौ से लेकर पांच सौ और ब्लड जांच में भी मोटा क मीशन मरीज लाने के एवज में दिए जाते हैं।मरीज और तीमारदारों को जब तक जानकारी होती है, तब तक धंधेबाज अपना काम कर किनारा कस लेते हैं।

बिना पंजीयन व प्रशिक्षित डॉक्टर के चल रहे अस्पताल

सूत्रों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथालॉजी के अलावा तमाम ऐसे अस्पताल हैं जो पंजीकरण के समय किसी डॉक्टर के नाम का इस्तेमाल कर ते हैं। कुछ दिन वह डॉक्टर एक या दो घंटे के लिए ओपीडी में बैठ जाते हैं।बाद में वह अस्पताल डॉक् टर के बजाय झोलाछाप संचालित करने लगते हैं। किसी बड़े अस्पताल में फार्मासिस्ट रहे लोग ही ऐ से अस्पतालों में डॉक्टर बन जाते हैं।गंभीर मरीजों के इलाज से लेकर ऑपरेशन तक करने लगते हैं।

ऑनकॉल व्यवस्था से अवैध अस्पतालों का जाल मजबूत

सूत्रों की माने तो जिले में क्लीनिक, पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर और नर्सिंग होम मिलाकर करी ब सैकड़ो से अधिक संचालित हैं। इनमें लग भग सैकड़ो से अधिक डॉक्टर कार्यरत हैं,शेष अस्पता ल ऐसे हैं,जिनका संचालन गैर चिकित्सक करते हैं।वहां अपनी क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर ऑन कॉल प्रैक्टिस करते हैं। इस ऑनकॉल व्यवस्था ने ही अवैध अस्पतालों का जाल मजबूत कर दिया।

गोंडा - अयोध्या रोड वजीरगंज बाजार में बिना पं जीकरण के पैथोलॉजी चल रही है। यहां जांच के लिए मशीनें लगी हैं। बताते हैं कि निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों से सेटिंग करके यहां मरीज को ब्लड जांच के लिए लाया जाता है।रिपोर्ट भी हवा-हवाई दी जा रही है।इसी तरह बाजार में एक अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित हैं।मरीजों की जांच की जा रही,जबकि रिपोर्ट हवा-हवाई है, वही वजीर गंज थाना क्षेत्र में एक अस्पताल के पंजीयन में भी लोचा है।यहां अप्रशिक्षित व्यक्ति जांच करते दिख जा रहे हैं,बावजूद इसके स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।बिना वैध पंजीयन के यदि अल्ट्रासाउंड और पैथालॉजी सेंटर व अस्प ताल चल रहे हैं तो यह गलत है।ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो इस कार्य में शा मिल हैं।जांच के लिए टीम मौके पर भेजेंगे,डॉक्टर संतलाल पटेल (सीएमओ गोंडा)

मनरेगा कर्मियों का आर-पार की लड़ाई का एलान, 28 से भूख हड़ताल की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

एपीओ की वापसी और बकाया मानदेय को लेकर डीसी कार्यालय का घेराव, 27 को पैदल मार्च

गोंडा । मनरेगा कर्मचारियों का आक्रोश अब आंदो लन में तब्दील होता नजर आ रहा है।साथी अति रिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) गिरिजेश कु मार पांडेय पर की गई कार्रवाई वापस लेने और लं बित मानदेय जारी करने की मांग को लेकर अखि ल भारतीय मनरेगा वीबी-जी-राम-जी कर्मचारी म हासंघ ने मोर्चा खोल दिया है।बुधवार को कर्मचारि यों ने विकास भवन स्थित डीसी वीबी-जी-राम-जी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।कर्म चारियों ने साफ चेतावनी दी कि मांगों पर सका रात्म क निर्णय नहीं हुआ तो 28 नवंबर से अनिश्चि तकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।आंदोलन को धार देते हुए कर्मचारियों ने 27 नवंबर को गां धी पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले निकाले जाने वाले इस मार्च के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा,उन्हें अपनी मांगों पर ठोस कार्रवाई चाहिए।अखिल भारतीय मनरेगा वीबी-जी-राम-जी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमवन्त राव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर एपीओ गिरिजेश कुमार पांडेय की जिला मुख्यालय से संबद्धता का आदेश निरस्त करने की मांग की है।उनका आरोप है कि भावना ओं की अभिव्यक्ति के मामले में एपीओ के खिला फ कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला मुख्यालय से सं बद्ध कर दिया गया।इस कार्रवाई को लेकर कर्मचा रियों में गहरी नाराजगी है।बुधवार को विकास भव न परिसर में जुटे कर्मचारियों ने आंदोलन की अग ली रणनीति भी तैयार की।पदाधिकारियों के मुता बिक,अधिकारियों की ओर से 27 नवंबर को मुख्य मंत्री के आगमन के बाद मामले में सकारात्मक पह ल किए जाने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि 27 नवंब र के बाद भी गिरिजेश कुमार पांडेय की वापसी न हीं हुई तो 28 नवंबर से सभी कर्मचारी भूख हड़ ताल पर बैठेंगे।ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक अजय तिवारी और फूलचन्द चौ हान ने बताया कि पैदल मार्च के जरिए कर्मचारि यों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाया जाए गा। महासंघ ने संबद्धता आदेश निरस्त करने रोका गया मानदेय तत्काल जारी करने और कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग उठाई है।प्रदर्शन के दौरान मुकेश कुमार तिवारी, पाटेश्वरी प्रसाद वर्मा, अजय कुमार, ललित श्रीवास्तव,विनोद कुमार आ र्य,संदीप सिंह और महाजन प्रसाद विश्वकर्मा सहि त बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

रामकथा के बाद जयप्रभा ग्राम में प्रतियोगिताओं का महासंगम, 935 ने कराया पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ आज खेल,भक्ति और संस्कृति की दिखेगी अनूठी झलक, शाम सात बजे भोजपुरी गायक पवन सिंह की भजन संध्या



गोंडा । जयप्रभा ग्राम में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन के बाद अब खेल,संस्कृति और आध्यात्मि क प्रतिभाओं का संगम देखने को मिलेगा,26 नवं बर को यहां विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।खास बात यह है कि इन प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन माध्यम से अब तक 935 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।आयोजन को लेकर प्रतिभागियों और श्रद्धालुओं में खासा उ त्साह है। श्रीश्यामा श्याम जू ट्रस्ट एवं श्री चित्रकूट बालाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत आलोक दास जी महाराज ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे से प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू होगा।इसमें ऊं ची कूद,लंबी कूद और दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिता ओं के साथ भजन, भक्ति गीत, रामायण एवं गीता पाठ, वैदिक एवं संस्कृत उच्चारण,सांस्कृतिक नृत्य कला,धार्मिक प्रश्नोत्तरी, श्लोक सूत्र, संस्कार ज्ञान और मंत्रोच्चारण जैसी विधाओं में प्रतिभागी अप नी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।आयोजन की खासि यत यह है कि यहां खेल के मैदान से लेकर भक्ति और संस्कृति के मंच तक प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा।आयोजकों के मुताबिक, प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति,धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना भी है।प्रतियोगिताओं के बाद आज शाम सात बजे भोजपुरी गायक पवन सिंह की भजन संध्या आयोजित होगी। वहीं, 27 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रद र्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कार देकर स म्मानित किया जाएगा। श्री रामकथा के बाद अब जयप्रभा ग्राम में प्रतिभा, परंपरा और संगीत का यह आयोजन आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।

जनपद में छूटे हुए पात्र नागरिकों विशेषकर युवाओं और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का किया जायेगा हर सम्भव प्रयास : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पंचायत-निकाय और विधानसभा मतदाता सूची के मिलान से चिन्हित होंगे मतदाता सूची में शामिल होने हेतु पात्र नागरिक

उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों का किया जायेगा चिन्हांकन

बहराइच । जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं को सम्मिलित करने के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों, ब्लाक व ग्राम स्तरीय कार्मिकों विशेषकर आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं समूह सखियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के साथ-साथ विभागीय कार्मिकों, गठित समूहों के सहयोग सें सभी पात्र युवाओं विशेषकर 18-19 आयु वर्ग के युवक-युवतियों एवं महिलाओं के नामों को मतदाता सूची में शामिल कराये जाने का प्रयास किया जाय। जिलाधिकारी ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों कों निर्देश दिया गया है कि मतदाता सूचियों का गहनतापूर्वक मिलान पंचायत एवं नगरीय निकाय मतदाता सूची से करते हुए ऐसे समस्त नागरिक, जो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने की पात्रता रखते हैं। ऐसे चिन्हांकित पात्र नागरिक जो भारत की किसी भी विधानसभा की मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, उनके फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम शामिल किये जाएं।

जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया है कि सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के माध्यम से छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने में सहयोग लिया जाय। सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में पंजीकृत राशन कार्डों में अंकित 18 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के पात्र नागरिकों का चिन्हांकन कराया जाय तथा जिनके नाम वर्तमान मतदाता सूची में शामिल नहीं है। इन सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु फॉर्म-6 भरवाया जायेगा। डीएम ने बताया कि वर्तमान मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष असामान्य रूप से कम है। जनपद में जेण्डर रेशियों में सुधार के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विभिन्न शासकीय विभागों तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन के अतंर्गत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा, एएनएम एवं समूह सखियों का सहयोग प्राप्त किया जाय। लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बैंकों द्वारा संचालित योंजनाओं के सभी छूटे हुए अर्ह व्यक्ति भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने पाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भ्रमण किया जाता है। इस लिए इनकी सहायता से पात्र महिलाओं को चिन्हित कर फॉर्म-6 भरवाये जाने में सहयोग लिया जाय। इसी प्रकार प्रत्येक ग्राम में गठित महिला स्वंय सहायता समूह में कार्यरत समूह सखियों के सहयोग से भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक पात्र महिला का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में सहयोग प्राप्त किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतूरानी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

गोंडा जिला महिला अस्पताल में प्रसूता की मौत परिजनों का हंगामा



❐ परिजनों का गंभीर आरोप- रातभर तड़पती रही सलोनी,सूचना के बाद भी नहीं पहुंची स्टाफ नर्स

❐ ऑपरेशन और सुविधा शुल्क के नाम पर आठ हजार रुपये लेने का भी आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ऑपरेशन से बेटे को जन्म देने के कुछ घंटे बाद ही एक प्रसूता की मौत हो गई।घटना के बाद अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ।मृतका के परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ न र्स पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि प्रसूता रातभर दर्द से तड़पती और चिल्ला ती रही, लेकिन सूचना देने के बावजूद स्टाफ नर्स समय पर नहीं पहुंची।इतना ही नहीं,ऑपरेशन औ र सुविधा शुल्क के नाम पर करीब आठ हजार रु पये वसूलने का भी आरोप लगाया गया है।देहात कोतवाली क्षेत्र के दर्जीकुआं लोडियाघाटा निवा सी सूरज सिंह ने अपनी पत्नी सलोनी सिंह को आशा कार्यकर्ता के माध्यम से 24 नवंबर को जि ला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती करा या था।परिजनों के मुताबिक, महिला चिकित्सक डॉ.सौम्या ने सामान्य प्रसव संभव न होने की बात कहते हुए ऑपरेशन की सलाह दी।परिजनों की सहमति के बाद ऑपरेशन किया गया,जिसमें स लोनी ने बेटे को जन्म दिया।इसके बाद उसे वार्ड में सात नंबर बेड पर शिफ्ट कर दिया गया।

तड़पती रही प्रसूता, नर्स के नहीं पहुंचने का आरोप

परिजनों का आरोप है कि रात करीब एक बजे सलोनी की हालत अचानक बिगड़ने लगी। वह दर्द से तड़पती रही और लगातार चिल्लाती रही। परिजनों ने कई बार स्टाफ नर्स को इसकी जान कारी दी,लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंची।परिवार का आरोप है कि समय रहते समुचित उपचार मि लता तो शायद सलोनी की जान बच सकती थी।रात करीब तीन बजे उसकी मौत हो गई।ऑक्सी जन लगाने के दौरान तेज आवाज आने से भी व हां मौजूद लोग घबरा गए।

सुविधा शुल्क के नाम पर रूपये लेने का आरोप

मृतका के परिजनों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आशा कार्यकर्ता के कहने पर ऑपरेशन के नाम पर पां च हजार रुपये और सुविधा शुल्क के नाम पर ती न हजार रुपये लिए गए,परिजनों का कहना है कि उन्होंने यह रकम इस उम्मीद में दी थी कि अस्पता ल में मरीज का बेहतर इलाज होगा,लेकिन इसके बावजूद उनकी पत्नी की जान नहीं बच सकी।

मौत के बाद डॉक्टर का इंतजार करते रहे परिजन

सलोनी की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा।उनका आरोप है कि घटना की जानकारी तत्काल पुलिस और अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को दी गई, लेकिन सीएमएस मौके पर नहीं पहुंचे।पुलिस औ र चौकी प्रभारी भी चिकित्सक का इंतजार करते रहे।परिजनों का कहना है कि अस्पताल अधीक्षक और सीएमओ को कई बार फोन किया गया है ले किन फोन रिसीव नहीं हुआ।मामले में परिजनों ने संबंधित थाने में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गल्ला मंडी के पास हुआ हादसा, बस में बच्चे नहीं थे सवार, स्थानीय लोगों ने डीसीएम को कराया सीधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नानपारा बाईपास पर गल्ला मंडी के समीप बुधवार को सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज की स्कूली बस और फल लदी डीसीएम के बीच टक्कर हो गई। भिड़ंत के बाद डीसीएम का संतुलन बिगड़ गया और वह बस की तरफ झुक गई। गनीमत रही कि डीसीएम पलटी नहीं और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक, बाईपास पर गल्ला मंडी के पास दोनों वाहनों के बीच साइड से टक्कर हुई। टक्कर लगने के बाद फल से लदी डीसीएम असंतुलित होकर स्कूली बस की ओर झुकने लगी। कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, लेकिन वाहन पलटने से बच गया। हादसे के समय स्कूल बस में कोई बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे संभावित खतरा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने सहयोग करते हुए डीसीएम को दोबारा सीधा कराने में मदद की। दुर्घटना में किसी के घायल होने अथवा जनहानि की सूचना नहीं है। डीसीएम के बस पर पलटने की आशंका टलने से मौके पर मौजूद लोगों ने राहत महसूस की।

मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । नगर कोतवाली और देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है।क्षेत्र के गांव कई गांवों में खनन मा फिया खेतों की छाती चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खि लाफ कोई कार्रवाई नहीं की जारही,गोंडा बहराइच रोड, बेलसर रोड, गोंडा अयोध्या रोड पर मिट्टी खन न में लगी ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट और बिना व्या वसायिक रजिस्ट्रेशन के प्रयोग में लाई जा रही हैं। ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ को ई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सड़कों पर अवैध मिट्टी से भरी ट्रॉलिया दिन रात दौड़ती नजर आती हैं।क्षे त्र में चारों तरफ अवैध मिट्टी का व्यापार हो रहा है।

अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई न होने से अवैध ख नन का कारोबार जोरों पर चल रहा है। इस संबंध मे जिला खनन अधिकारी मोबाइल पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन नेटव र्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

रामकथा जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस बेकाबू बिजली के खंभों से टकराकर मची खलबली

बाल-बाल बचे बस में सवार श्रद्धालु, बिजली विभाग ने थाने में दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जयप्रभा ग्राम में आयोजित नौ दिवसीय प्रभु श्रीराम की भव्य रामकथा में श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस बुधवार सुबह बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गई।खरिहा मार्ग से क था स्थल की ओर जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस बीएचडी इंटर कॉलेज के पास पार्सिंग के दौरान अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों से जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली के कई खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का मा हौल बन गया।गनीमत रही कि बस में सवार कि सी भी श्रद्धालु को चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया।यदि बस की टक्कर से कोई बड़ा विद्युत हादसा होता तो श्रद्धालुओं की जान पर भी संकट आ सकता था।घटना के बाद बिजली विभाग में भी खलबली मच गई। विभागीय नुक सान का आकलन करने के बाद अवर अभियंता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर जिम्मेदारों के वि रुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।रामकथा में श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही के बीच हुई इ स घटना ने कथा स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।फिलहाल हादसे में किसी प्रकार की जनहानि न होने से सभी ने राहत की सांस ली।

अखिलेश के अयोध्या दर्शन पर राजनीति बंद करे सत्ता पक्ष : अशोक सिंह बिसेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के अयोध्या दर्शन को लेकर हो रही बयानबाजी पर सत्ता पक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। अखिलेश यादव का अयोध्या पहुंचकर दर्शन करना उनकी श्रद्धा का विषय है, इसे राजनीतिक विवाद का मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। नमक मंडी में वरिष्ठ सपा नेता निसार अहमद गुड्डू के आवास पर आयोजित गोष्ठी में बिसेन ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी को जो समर्थन दिया है, उससे विपक्ष की ताकत बढ़ी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में रोजगार, किसान, नौजवान, व्यापारी और विकास के मुद्दे अहम होंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी राहुल गांधी यदि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़ा दिल दिखाते हैं, तो 2029 के लोकसभा चुनाव के परिणाम भी ऐतिहासिक हो सकते हैं। इस मौके पर अजहर जमाल सोनू, हाजी हारुन, प्रदीप यादव, अरशद जमाल शानू, पवन जायसवाल, सुरेश गौतम, इरफान पिंटू, राजू चौधरी, सुरेंद्र यादव और अकरम जमाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

नाबालिग बेटे का बनवा दिया बालिग बताकर जॉब कार्ड प्रधान-पुत्र पर मुकदमा

बल्दीराय/सुल्तानपुर। मनरेगा में कथित भ्रष्टाचार का मामला बल्दीराय क्षेत्र के पूरे रामबक्श शुक्ल मजरे दक्खिनगांव से सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान कमलेश यादव ने वर्ष 2020 में अपने बेटे सौरभ यादव का मनरेगा जॉब कार्ड बनवाते समय उसकी उम्र 21 वर्ष दर्ज कराई, जबकि हाईस्कूल की अंकतालिका में उसकी जन्मतिथि 18 मई 2005 अंकित है। इस आधार पर जॉब कार्ड बनवाते समय उसकी उम्र करीब 15 वर्ष थी।

शिकायतकर्ता अखिलेश कुमार की याचिका पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या श्रीवास्तव की अदालत ने प्रधान कमलेश यादव और उनके बेटे सौरभ यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में 24 नवंबर की देर रात बल्दीराय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नाबालिग को अभिलेखों में बालिग दर्शाकर मनरेगा में मजदूरी दिखाई गई और सरकारी धन का भुगतान कराया गया। अब सवाल यह है कि जॉब कार्ड जारी करने से पहले उम्र का सत्यापन किसने किया? ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और संबंधित मनरेगा कर्मियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। जांच में मस्टर रोल, कार्यस्थल की उपस्थिति, भुगतान की धनराशि और लाभार्थी के बैंक खाते का सत्यापन जरूरी है।

ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने चलाया मतदाता जागरूक अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के रामपुर फकीरे, प्रसादपुर, नदाहा, सिसैया में पहुंचकर मतदाता जागरूक अभियान के तहत सभी माता-बहनों को जागरूक किया। बूथों पर पहुंचकर मतदाता जोड़ो फॉर्म भरवाकर नए वोट बनवाने का कार्य किया गया। साथ ही सम्मानित बहनों के बीच बैठकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई और आत्मीय जनसंवाद किया गया।अभियान के दौरान ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने महिलाओं को बताया कि वोट ही सबसे बड़ी ताकत है। एक-एक वोट से ही सरकार बनती है और क्षेत्र का विकास होता है। इसलिए हर माता-बहन को अपना वोट जरूर बनवाना चाहिए और मतदान के दिन मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम में सुधार और नए वोटर कार्ड बनवाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया।बूथों पर पहुंचकर सभ्यता वर्मा ने स्वयं मतदाता जोड़ो फॉर्म भरवाए और नए वोट बनवाने का कार्य किया। कई महिलाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं थे, उनके फॉर्म भरवाए गए। जिन महिलाओं के नाम में गलती थी, उनके सुधार के लिए भी फॉर्म भरे गए। महिलाओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ब्लॉक प्रमुख का उत्साहवर्धन किया।इस दौरान सम्मानित बहनों के बीच बैठकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। महिलाओं ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और राशन से जुड़ी समस्याएं बताईं। सभ्यता वर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

जनसंवाद के दौरान सभ्यता वर्मा ने कहा कि यह अपार स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं के बीच बैठकर हुई इस आत्मीय बातचीत से उन्हें अपनापन महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान से महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। हर बूथ पर जाकर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता वोट बनवाने से वंचित न रहे।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से की मुलाकात साक्षी फाउंडेशन आश्रम पहुंचे बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। साक्षी फाउंडेशन आश्रम में बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने आश्रम के संस्थापक स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात की। दोनों की इस भेंट को लेकर धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।जानकारी के मुताबिक, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे आश्रम पहुंचे। इस दौरान स्वामी प्रेम सुगंध महाराज ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और आश्रम परिसर में उनका स्वागत किया। दोनों के बीच कुछ समय तक बातचीत हुई। धर्म, संस्कृति, सनातन परंपरा और समाज सेवा को लेकर दोनों संतों ने अपने विचार साझा किए। हालांकि उनका कार्यक्रम संक्षिप्त रहा और मुलाकात के बाद वह अपनी अगली यात्रा के लिए रवाना हो गए।धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आश्रम पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंच गए। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया। श्रद्धालुओं ने दोनों संतों का आशीर्वाद लिया। कई श्रद्धालुओं ने धीरेंद्र शास्त्री के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्रम प्रबंधन ने विशेष इंतजाम किए थे। गौरतलब है कि साक्षी फाउंडेशन आश्रम में इससे पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी पहुंच चुके हैं। दोनों प्रमुख नेताओं ने स्वामी प्रेम सुगंध महाराज से मुलाकात की थी। अब बागेश्वर धाम के कथावाचक के आगमन से आश्रम एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।लगातार विशिष्ट हस्तियों की आवाजाही से पूरनपुर स्थित यह आश्रम क्षेत्र में विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। हरदोई ब्रांच नहर किनारे स्थित यह आश्रम अब केवल धार्मिक केंद्र की गतिविधियों का भी केंद्र बनता जा रहा है।धीरेंद्र शास्त्री ने मुलाकात के दौरान प्रेम सुगंध महाराज के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आश्रम के माध्यम से जो सेवा, भक्ति और संस्कार का कार्य हो रहा है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। संतों का मिलन ही सनातन धर्म की सबसे बड़ी ताकत है।

प्रेम सुगंध महाराज ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री का आगमन आश्रम के लिए सौभाग्य की बात है। उनकी कथा से लाखों लोग धर्म से जुड़ रहे हैं। युवा पीढ़ी भी सनातन संस्कृति की ओर लौट रही है। यह पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।धीरेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म पर चलना ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, माता-पिता की सेवा करें और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की भक्ति से ही जीवन में हर संकट दूर होता है।आश्रम में हुई इस मुलाकात को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं का कहना था कि दो बड़े संतों का मिलन दुर्लभ संयोग है।

विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के लिए मंगल दल करें आवेदन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास खण्ड स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड योजना के अन्तर्गत द्वारा मंगल दल के द्वारा अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक किये गये सामाजिक कार्य यथा खेल प्रतियोगिता का आयोजन, सामाजिक वृक्षारोप रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, नशामुक्ति, राष्ट्रीय एकीकरण, आदि सामाजिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रत्येक विक खण्ड स्तर एक युवक मंगल दल एवं एक महिला मंगल दल अर्थात एक दल को 5000/- प्रति विकास खण्ड की दर से जनपद स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ एक युवक मंगल दल एवं सर्वश्रेष्ठ एक महिला मंगल दल को रु 20000/- का पुरस्कार प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शासन / महानिदेशालय लखनऊ द्वारा विकास खण्ड स्तरीय विवेकान यूथ एवार्ड प्रदान किये जाने हेतु चयन समिति का विवरण निम्न प्रकार है।खण्ड विकास अधिकारी

सहायक विकास अधिकारी पंचायतक्षेत्रीय युवा कल्याण से प्राप्त निर्देशो के परिपालन में विकास खण्ड से एक युवक मंगल दल अथवा एक महिला मंगल अर्थात एक मंगल दल को उपरोक्तानुसार महानिदेशालय द्वारा निर्धारत विकास खण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम फोटोग्राफ, इत्यादि साक्ष्यों सहित प्रस्ताव संलग्न निर्धारित प्रारूप अ एवं ब पर इस कार्यालय की 30 नवम्बर 2026 अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव को संकलित करते हुये 2026-27 जनपद स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड एक सर्वश्रेष्ठ युवक मंगल दल एवं एक सर्वश्रेष्ठ महिला मंगल दल के चयन किये सम्बन्धी कार्यवाही की जा सके। मंगल दल से जुड़े सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक सदस्य अपना निर्धारित प्रारूप पर संबंधित विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को 30 नवम्बर 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

धनाराघाट पर नावों का संचालन शुरू लोगों को मिली राहत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। धनाराघाट स्थित शारदा नदी पर बुधवार सुबह एक बार फिर नावों का संचालन शुरू कर दिया गया। कार्तिक पूर्णिमा के मेले को देखते हुए मंगलवार को प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नावों के संचालन पर रोक लगा दी थी। इसके चलते हजारा क्षेत्र के लोगों को नदी पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।नावों का संचालन बंद होने से क्षेत्र के लोगों को जरूरी कामों के लिए आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ी। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। इससे लोगों का समय भी अधिक खर्च हुआ। बुधवार सुबह प्रशासन की ओर से दोबारा नावों का संचालन शुरू कराए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। नाव चलने से एक बार फिर नदी पार कर पूरनपुर और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचना आसान हो गया है। लंबे समय से शारदा नदी पर पेंटून पुल न बनने के कारण नाव ही क्षेत्र के लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन बनी हुई है। ऐसे में नावों का संचालन बंद होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। संचालन बहाल होने से लोगों ने राहत महसूस की।

विधायक ने विद्युत सखियों को प्रिंटर डिवाइस एवं दो समूहों को डेमो चेक सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करने, उनके प्रचार प्रसार एवं विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी प्राप्त की तथा उनके प्रयासों की सराहना की। सरस मेले में जनपद के सभी विकासखंडों से कुल इकतीस स्वयं सहायता समूहों द्वारा सैंतीस विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये गये हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से समूह की महिलाओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त खादी एवं ग्रामोद्योग, प्रोबेशन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आरसेटी द्वारा भी विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह द्वारा दस विद्युत सखियों को प्रिंटर डिवाइस वितरित किये गये। साथ ही दो स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के डेमो चेक प्रदान किये गये। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए उनके उत्पादों एवं आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। सरस मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री, व्यापक पहचान बनाने तथा बाजार से जुड़ने का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

हरिपुर किशनपुर में दरांती से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में युवक पर दरांती से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दरांती भी बरामद की है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश होने के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, गांव हरिपुर किशनपुर निवासी भूपेंद्र सिंह ने 24 नवंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके भाई अमृतपाल सिंह पर निजामुद्दीन ने जान से मारने की नीयत से दरांती से हमला कर दिया। हमले में अमृतपाल के दोनों हाथों और सीने पर गंभीर चोटें आई थीं। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।तहरीर के आधार पर पुलिस ने निजामुद्दीन के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान मेडिकल रिपोर्ट और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को सेहरामऊ उत्तरी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुरादपुर पुलिया के पास से करीब 4:15 बजे आरोपी निजामुद्दीन पुत्र नत्थू गाजी निवासी हरिपुर किशनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई दरांती भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दस लाख रुपये की स्मैक और लूट की बाइक एवं नकदी के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना गौरीगंज पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुये एक अन्तर्जनपदीय शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक, एक हजार दो सौ रुपये नकद, एक आधार कार्ड, एक पीड़ित का बैग व चोरी की एक अपाचे मोटर साइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।चेकिंग के दौरान आपाचे मोटर साइकिल सवार कृष्ण कुमार निषाद उर्फ टाइगर पुत्र स्व. राम सुन्दर निवासी ग्राम सरवन मौघाडा थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर को रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक व एक हजार दो सौ रुपये नकद बरामद हुये जिसकी कीमत दस लाख रूपये बताई जाती है अपाचे मोटर साइकिल कूट रचित संख्या यूपी 36 0417 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में हिस्ट्रीशीटर ने बताया कि वह करीब दो माह पहले बैंक ऑफ इण्डिया कौहार के पास से एक व्यक्ति से काले रंग के बैग में रखे पचास हजार रुपये छीनकर मोटर साइकिल से भाग गया था। भागते समय मुसाफिरखाना जाने वाले रास्ते में बैग से रुपये निकालकर बैग को झाडियों में फेंक दिया था। अपाचे मोटर साइकिल के संबंध में पूंछताछ में बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने रौनाही से चोरी की थी तथा उपरोक्त घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को सौहावल चौराहे पर छोड़ दिया था।उक्त पल्सर मोटरसाइकिल को माह अगस्त में बीकापुर चौराहे, अयोध्या से चोरी किया था तथा माह दिसम्बर में कुचेरा बाजार, अयोध्या से भी एक काली पल्सर चोरी की थी जिसे परुआ चौराहे पर छोड़ दिया था।वह जहां भी लूट करने जाता था वहां पर अपनी मोटर साइकिल छोड़कर दूसरी मोटरसाइकिल चोरी कर लेता था। पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर बताये गये स्थान से एक काला बैग जिसमें पीड़ित का एक आधार कार्ड बरामद हुआ।कौहार के पास हुई घटना के संबंध में थाना गौरीगंज पर पंजीकृत अभियोग में धाराओ की बढ़ोत्तरी कर तथा उपरोक्त सम्पूर्ण घटना के संबंध में थाना गौरीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कृष्ण कुमार निषाद उर्फ टाईगर उपरोक्त एक शातिर अन्तर्जनपदीय अपराधी है जो कि जनपद सुलतानपुर के थाना गोसाईगंज का हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध जनपद सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर, बस्ती व अयोध्या के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व गैंगेस्टर एक्ट आदि विभिन्न गम्भीर धाराओं में कुल बीस अभियोग पंजीकृत है।

नगर में लगता है भीषण जाम, यातायात पुलिस नदारद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग, माधोटांडा, शेरपुर कला, ब्लाक चौराहा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भीषण जाम लगा रहता है। लेकिन यातायात पुलिस कहीं नजर नहीं आती है। जाम के कारण लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चे, मरीज और नौकरीपेशा लोग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।नगर के लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। क्रॉसिंग खुलने के बाद भी जाम खुलने में काफी समय लग जाता है। इस दौरान एंबुलेंस तक फंसी रह जाती है, जिससे मरीजों की जान को खतरा पैदा हो जाता है।माधोटांडा रोड पर भी यही हाल है। सड़क किनारे अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम लगता है।

ऑल इंडिया निजाम-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस अमन-ओ-अमान के साथ संपन्न हुआ

पूरनपुर। मोहल्ला खानकाह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऑल इंडिया निजाम-ए-मुस्तफा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। पूरी कॉन्फ्रेंस अमन-ओ-अमान और खैरियत के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में पहुंचे उलमा-ए-किराम ने अपने इल्मी और नसीहत आमेज खिताब के जरिए लोगों को दीन की शिक्षाओं पर अमल करने, आपसी भाईचारा बनाए रखने और नेक रास्ते पर चलने की सीख दी। वहीं नातख्वानों ने अपने दिलनशीं अंदाज और खूबसूरत कलाम से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान दरगाह आला हजरत के साहिबे सज्जादा की मुबारक आमद भी कार्यक्रम का खास आकर्षण रही।सिलसिला-ए-रजविया से जुड़े लोगों की बड़ी तादाद में मौजूदगी ने आयोजन की रौनक बढ़ाई।आयोजकों ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में उलमा, मशाइख, नातख्वानों, मेहमानों और सहयोग करने वालों की सहभागिता से कार्यक्रम यादगार बन गया।

बीबी उम्मुल बनीन के चारों बेटे कर्बला में शहीद हुए : मौलाना आजम मेहदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बधुआंकलां क्षेत्र के मनियारपुर गांव स्थित रौजा-ए-सकीना में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस का आगाज जीशान हैदर की सोजख्वानी से हुआ। संचालन लकाउल हसन ने किया, जबकि शहवार, नावेद फैसल, शबीह हैदर व मशरकैन ने पेशख्वानी की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना आजम मेहदी ने जनाबे उम्मुल बनीन की जिंदगी और उनकी कुर्बानियों पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि बीबी उम्मुल बनीन के चारों बेटे कर्बला की जमीं पर शहीद हुए। इनमें मौला गाजी अब्बास सबसे बड़े थे। मौलाना ने बीबी उम्मुल बनीन के सब्र, वफा और अजीम कुर्बानी का भी जिक्र किया। इस दौरान नौहाख्वान अली मूसा लखनऊ और अंजुमन हैदरिया मनियारपुर ने नौहा व सीनाजनी कर पुरसा पेश किया। मजलिस में मौलाना रईस अहमद समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। यह जानकारी कमेटी खादिमाने अबुल फजल के सदस्य फजल रिजवी फैज ने दी।

सम्पादकीय

व्यापक है भारतीय संविधान

भारत का संविधान विश्व के सबसे विस्तृत और व्यापक संविधानों में से एक है। इसके निर्माण में दुनिया के विभिन्न देशों के संविधानों के श्रेष्ठ प्रावधानों को समाहित किया गया। यही कारण है कि इसमें मानवीय अधिकारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता के साथ अपराधों पर नियंत्रण के लिए कठोर प्रावधान भी किए गए हैं। भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया स्वतंत्रता से पहले ही आरंभ हो गई थी। इसे तैयार करने में दो वर्ष, ग्यारह महीने और अठारह दिन लगे। भारतीय संविधान के संदर्भ में दो तिथियाँ विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं- 26 नवंबर और 26 जनवरी। 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था। इसीलिए इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जबकि 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसलिए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। आरंभ में 26 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर संविधान दिवस मनाने की परंपरा नहीं थी। इसकी शुरुआत वर्ष 2015 में हुई। इससे पहले यह दिन राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। डॉ. आंबेडकर संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। संविधान सभा के गठन की प्रक्रिया सितंबर 1946 में आरंभ हुई थी, जो नवंबर 1946 में पूरी हुई। संविधान सभा की विधिवत घोषणा 6 दिसंबर, 1946 को हुई और 9 दिसंबर, 1946 को इसकी पहली बैठक आयोजित की गई। संविधान सभा के कुल 11 सत्र हुए और विचार-विमर्श के लिए 165 दिनों तक बैठकें चलीं। प्रारूप समिति की बैठकें कुल 141 दिनों तक चलीं। इसी समिति ने संविधान का मसौदा तैयार किया था। संविधान सभा की अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई थी। इसी दिन संविधान के अंतिम स्वरूप पर सदस्यों ने हस्ताक्षर किए।

इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ। संविधान सभा के आरंभिक स्वरूप में कुल 389 सदस्य थे। किंतु 14 अगस्त, 1947 को भारत का विभाजन होने के बाद कुछ सदस्य पाकिस्तान चले गए और भारतीय संविधान सभा के सदस्यों की संख्या घटकर 299 रह गई। संविधान सभा में 15 महिला सदस्य, अनुसूचित जाति के 26 और अनुसूचित जनजाति के 33 सदस्य थे। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष बने थे। बाद में डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष चुने गए। संविधान सभा में कुल 22 समितियाँ थीं, जिनमें आठ प्रमुख और शेष सहायक समितियाँ थीं। इन सभी में सबसे महत्त्वपूर्ण प्रारूप समिति थी, जिसके अध्यक्ष बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर थे। अन्य समितियों में पंडित जवाहरलाल नेहरू दो समितियों के अध्यक्ष थे। इनमें संघ शक्ति समिति और संघ संविधान समिति शामिल थीं। सरदार वल्लभभाई पटेल प्रांतीय संविधान समिति तथा मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों, आदिवासी और अपवर्जित क्षेत्रों से संबंधित सलाहकार समिति के अध्यक्ष थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद प्रक्रिया के नियमों से संबंधित समिति, संचालन समिति तथा वित्त एवं कर्मचारी समिति के अध्यक्ष थे। अन्य समितियों में मौलिक अधिकार उपसमिति के अध्यक्ष जे.बी. कृपलानी थे। राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित तदर्थ समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे, जबकि बी.एन. राव संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार थे। भारतीय संविधान के मूल स्वरूप में 395 अनुच्छेद थे, जिन्हें 22 भागों में विभाजित किया गया था। उस समय इसमें कुल आठ अनुसूचियाँ थीं। समय के साथ संविधान में अनेक संशोधन हुए और इसका विस्तार हुआ। वर्तमान स्वरूप में इसमें 470 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियाँ हैं। भारतीय संविधान के 22 भागों की प्रस्तुति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है। इसमें शब्दों के साथ चित्रों के माध्यम से भी संदेश दिए गए हैं।

लतीफ भट के बाद कश्मीर में स्थाई शांति की आहट

मोदी सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा बलों की जान पर आसन्न खतरे भी अब बहुत कम हो गए हैं। अब कोई भी आकड़े देख कर संतुष्ट हो सकता है कि 2016 के बाद आतंकवादी अब देश के भीतरी इलाकों में कोई बड़ा हमला करने में सफल नहीं हुए हैं। कारण साफ है कि अब पहले के मुकाबले हमारी खुफिया एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और किसी संभावित हमले से पहले ही नापाक तत्वों को पकड़ ले रही हैं। सक्रिय आतंकी समूहों के अधिकतर गुर्गे या तो मारे गए हैं या गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अब पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी पीओके से आसानी से घुसपैठ नहीं कर पाते। मोदी सरकार ने जो सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों पर प्रहार किए उसे पाकिस्तान में बैठे उनके आका वर्षों याद रखेंगे। मोदी सरकार ने आतंकवाद पर पूरी तरह नकेल डालने के लिए पिछले 12 सालों में बड़े पैमाने पर कानूनी बदलाव किए हैं। खासकर गृहमंत्री का एक ही मकसद रहा कि आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस रखेंगे और उसी अप्रोच से काम करेंगे। मजबूत कानूनी फ्रेमवर्क, इंस्टीट्यूशनल सुधार और इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन का काम पूरे शिद्दत से किया गया। सेंट्रल और स्टेट एजेंसियों के बीच इंटर-एजेंसी को-ऑर्डिनेशन पर सबसे अधिक जोर दिया गया। क्रॉस बॉर्डर आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के साथ साथ 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी गई। टेरर फाइनेंसिंग नेटवर्क को खत्म करने के लिए अलग से नेटवर्क बनाए गए, जिसमें विदेशी एजेंसियों के साथ तालमेल कर सोर्स पर प्रहार किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को आतंकी फंडिंग रोकने की विशेष जिम्मेदारी दी गई। सनद रहे कि 'राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 मुंबई हमले के बाद लागू किया गया।

कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट के मारे जाने के बाद कश्मीर में अब कोई सक्रिय स्थानीय आतंकवादी नहीं बचा है। यह देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आतंकवाद का दंश कश्मीर 35 वर्षों से झेल रहा है, लेकिन अब कह सकते हैं कि वहां अब शांति का एक अहसास स्थानीय लोग महसूस कर रहे हैं। लगभग चार दशक बाद यह बात सुकून देने वाली है कि इस समय कोई अपना कश्मीरी बच्चा देश के खिलाफ जेहाद के रास्ते पर नहीं है। इसके लिए मोदी सरकार, खासकर गृहमंत्री अमित शाह को शाबाशी मिलनी चाहिए। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार किया और देश के खिलाफ जेहाद करने वालों को ह्लजहां भी हों खत्म करोङ्क की नीति को मजबूती से लागू किया। आतंकवाद के खिलाफ आम कश्मीरियों में भी वितृष्णा देखी जा रही है। खासकर युवाओं में देश के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने की नई प्रवृत्ति जन्म ले चुकी है। मोदी सरकार भी उन्हें भरपूर प्रोत्साहन दे रही है। अकेले 2026 में पूरे कश्मीर से 500 से अधिक युवाओं ने अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती ली है। यह बदलते कश्मीर की एक झलक है।

हाल ही में एनआईए के आतंकवाद-रोधी सम्मेलन में गृहमंत्री ने कहा भी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में स्थायी सफलता के लिए बहुत जरूरी है कि केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो। खुफिया जानकारी साझा हो और स्पष्ट जवाबदेही भी हो। वास्तव में कश्मीर घाटी से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी लतीफ भट का खात्मा इसी समन्वय का परिणाम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर में कोई भारतीय सक्रिय आतंकवादी नहीं है। भारत की यह धरती लोकल आतंकवादी जैसे दोषपूर्ण नाम से मुक्त हो गई है। बकौल गृहमंत्री इस समय देश भर से 40 से अधिक आतंकवादी मॉड्यूल्स को निष्क्रिय किया जा चुका है।

कश्मीर में शांति पाकिस्तान के लिए बिजली के झटके से कम नहीं है, क्योंकि वह लगातार घाटी में आतंकवादी हिंसा को बढ़ावा देकर उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थानीय आंदोलन के रूप में पेश करता रहा है। लेकिन मोदी सरकार की सतर्कता और लोगों के हितों से जुड़ी योजनाओं ने स्थानीय युवकों में आतंक के प्रति आकर्षण को लगभग खत्म सा कर दिया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में यह स्थिति किसी वरदान से कम नहीं है। गृहमंत्री अब आतंकवाद के पूरे इको सिस्टम को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। मोदी सरकार ने न सिर्फ कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद पर लगाम लगाने में सफलता प्राप्त की है, बल्कि इसके पहले वामपंथी उग्रवाद को भी समाप्त करने की उपलब्धि हासिल की है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा बलों की जान पर आसन्न खतरे भी अब बहुत कम हो गए हैं। अब कोई भी आकड़े देख कर संतुष्ट हो सकता है कि 2016 के बाद आतंकवादी अब देश के भीतरी इलाकों में कोई बड़ा हमला करने में सफल नहीं हुए हैं। कारण साफ है कि अब पहले के मुकाबले हमारी खुफिया एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और किसी संभावित हमले से पहले ही नापाक तत्वों को पकड़ ले रही हैं। सक्रिय आतंकी समूहों के अधिकतर गुर्गे या तो मारे गए हैं या गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अब पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी पीओके से आसानी से घुसपैठ नहीं कर पाते। मोदी सरकार ने जो सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों पर प्रहार किए उसे पाकिस्तान में बैठे उनके आका वर्षों याद रखेंगे। मोदी सरकार ने आतंकवाद पर पूरी तरह नकेल डालने के लिए पिछले 12 सालों में बड़े पैमाने पर कानूनी बदलाव किए हैं। खासकर गृहमंत्री का एक ही मकसद रहा कि आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस रखेंगे और उसी अप्रोच से काम करेंगे। मजबूत कानूनी फ्रेमवर्क, इंस्टीट्यूशनल सुधार और इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन का काम पूरे शिद्दत से किया गया। सेंट्रल और स्टेट एजेंसियों के बीच इंटर-एजेंसी को-ऑर्डिनेशन पर सबसे अधिक जोर दिया गया। क्रॉस बॉर्डर आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के साथ साथ 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी गई। टेरर फाइनेंसिंग नेटवर्क को खत्म करने के लिए अलग से नेटवर्क



बनाए गए, जिसमें विदेशी एजेंसियों के साथ तालमेल कर सोर्स पर प्रहार किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को आतंकी फंडिंग रोकने की विशेष जिम्मेदारी दी गई। सनद रहे कि 'राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 मुंबई हमले के बाद लागू किया गया। तभी से एनआईए भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के प्रति खतरा बन रहे संगठित अपराधियों के खिलाफ काम कर रही है। पहले इसकी जांच का दायरा बहुत सीमित रखा गया, लेकिन 2019 में गृह मंत्रालय की ओर से एनआईए संशोधन विधेयक लाया गया, जिसे दोनों सदनों की मंजूरी भी मिली। उसके बाद एनआईए के दायरे में कई तरह के नए अपराधों की जांच को शामिल कर दिया गया। आतंकवाद के मामलों के अलावा, मानव तस्करी, जाली मुद्रा या बैंक नोटों से जुड़े अपराधों, प्रतिबंधित हथियारों के निर्माण या बिक्री, साइबर-आतंकवाद और 'विस्फोटक पदार्थ से जुड़े अपराधों की भी जांच एनआईए कर सकती है। एनआईए को मजबूती प्रदान करने के गृह मंत्रालय के फैसले ने कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रख दी। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर से जुड़े आतंकियों की अचल संपत्तियां जब्त की गईं। उनमें एक पुलवामा के आतंकी आसिफ अहमद मलिक की छह संपत्तियां भी शामिल हैं। वह सीमा पार से कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की घुसपैठ कराता था। अब तक एनआईए आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर में 110 से अधिक संपत्तियों को जब्त कर चुकी है। जाहिर है आतंकवाद के खिलाफ यह एक बहुत बड़ी सफलता है। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के आधुनिकीकरण पर निवेश किया गया और नेशनल सिक्योरिटी आर्किटेक्चर को मजबूत किया गया। वित्त वर्ष 2026527 में केंद्र सरकार ने अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9,925.50 करोड़ रुपये आधुनिकरण के लिए आवंटित किए। इसके अलावा, खुफिया एजेंसियों के लिए भी अलग से फंड दिया गया है। साइबर सिक्योरिटी को भी चुस्त बनाने के साथ डिजिटल खतरों के खिलाफ भी मोर्चेबंदी की गई। गृहमंत्री अमित शाह आतंकवाद के खिलाफ रिएक्टिव रिस्पॉन्स के बजाय प्रोएक्टिव अप्रोच की नीति से काम कर रहे हैं और जांच एजेंसियों की कार्यक्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस समय हमारी एजेंसियां डिप्लोमैटिक चैनल का इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्रवाई करने में सक्षम है अब आतंक के प्रयोजकों को ग्लोबल लेवल पर एक्सपोज किया जा रहा है। देश में आज सुरक्षा का माहौल है। लोग अपनी जिंदगी सुकून से जी रहे हैं। देश के सिक्योरिटी सिस्टम पर देश को भरोसा है। भारत का काउंटर-टेररिज्म रिकॉर्ड भी इसकी पुष्टि करता है। 2014 में आतंकवाद को लेकर हमारे सामने बड़ी चुनौतियां थीं। 2004 से 2014 के दौरान 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं। सैकड़ों लोग आतंकवाद की भेंट हर साल चढ़ रहे थे। लश्कर ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से 2008 मुंबई में हमला किया जिसमें 166 लोगों की जान गई। तब कोई जवाबदेही लेने के लिए तैयार नहीं हुआ। फिर 2010 से 2014 तक लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं हुईं। 2014 में ही इस्लामिक स्टेट की भी गतिविधियां देखी गई। ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन और रिक्रूटमेंट की नई लहर भी आई। 2019 में जब गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी अमित शाह ने संभाली तो कुछ समय बाद ही धरातल पर स्थितियां बदलती नजर आने लगी। पत्थरबाजी रुक गई और कश्मीर घाटी में आतंकवादी हिंसा भी थमने लगी। अनुच्छेद 370 को समाप्त कर कश्मीरियों को मुख्य धारा में लाने की कोशिश रंग लाई और मोदी सरकार के आह्वान से कश्मीरी युवाओं के नजरिये में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। मोदी सरकार ने जो विश्वास कश्मीर के लोगों को दिया उससे लोग जुड़ते चले गए। वर्षों बाद कश्मीर के हर चुनाव में युवाओं की सक्रिय भागीदारी हुई और एक नए कश्मीर का उदय होने लगा।

विक्रम उपाध्याय

कैंसर के खिलाफ जंग में अब एआई का साथ

विवेक शुक्ला

कैंसर आज दुनिया की सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी से लड़ाई में अहम बात यह है कि समय रहते इसकी पहचान। यदि कैंसर का शुरुआती अवस्था में पता चल जाए तो इलाज की संभावनाएं बेहतर हो सकती हैं। लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में कैंसर की समय पर जांच आज भी बड़ी चुनौती है। जांच का खर्च, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की सीमित उपलब्धता और बीमारी के प्रति जागरूकता का अभाव इसके प्रमुख कारण हैं। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से विकसित की जा रही एक नई ब्लड टेस्ट तकनीक उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। हैदराबाद स्थित केयरओन्को बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को कैंसर की पहचान के लिए एआई आधारित मेडिकल किट बनाने का एमडी-13 लाइसेंस केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से मिलना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी इस तकनीक के माध्यम से ऐसी जांच सुविधा विकसित करने की तैयारी में है, जिससे शरीर में कैंसर से जुड़े शुरुआती जैविक संकेतों का पता लगाने में मदद मिल सके। कंपनी हैदराबाद में अपनी पहली प्रयोगशाला स्थापित कर रही है। भारत में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश की बड़ी आबादी को समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। अक्सर लोग बीमारी के लक्षण गंभीर होने के बाद ही अस्पताल पहुंचते हैं। यदि कम खर्च में स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध होती है तो अधिक लोग समय रहते जांच कराने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इससे बीमारी की आशंका वाले लोगों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए भेजना आसान हो सकता है। इस परियोजना की खासियत यह है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ जीनोमिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और सिंगल-सेल एनालिसिस जैसी आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. देबार्का सेनगुप्ता, जो आईआईआईटीडी-दिल्ली में इनोवेशन, रिसर्च एवं डेवलपमेंट के एसोसिएट डीन भी हैं, के अनुसार इस किट से होने वाली जांच कैंसर की पहचान और उसके इलाज की योजना तैयार करने में मददगार हो सकती है। इसका उद्देश्य केवल बीमारी का पता लगाना नहीं, बल्कि मरीज के लिए आगे की जांच और उपचार की दिशा तय करने में भी चिकित्सकों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना है। दरअसल शोधकर्ताओं ने एआई आधारित ऐसा ब्लड टेस्ट विकसित किया है, जो कई प्रकार के कैंसर की अपेक्षाकृत किफायती स्क्रीनिंग में मदद कर सकता है। इस तकनीक का महत्वपूर्ण पहलू इसका 11-जीन वाला ब्लड टेस्ट है, जो प्लेटलेट आरएनए पर आधारित है। इसमें रियल टाइम पीसीआर (आरटी-पीसीआर) तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके जरिए रक्त में मौजूद विशेष जैविक संकेतों और जीन से संबंधित बदलावों का विश्लेषण कर कैंसर की आशंका को पहचानने में मदद मिल सकती है। कैंसर की पहचान के लिए शरीर में होने वाले सूक्ष्म जैविक बदलावों को समझना बेहद जरूरी है। कई बार बीमारी के शुरुआती चरण में स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। मरीज को तब तक अपनी परेशानी का अंदाजा नहीं होता, जब तक बीमारी काफी आगे न बढ़ जाए। ऐसे में रक्त के नमूने के माध्यम से कैंसर से जुड़े संकेतों की पहचान करने वाली तकनीक चिकित्सा जगत के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि, स्क्रीनिंग में किसी संभावित संकेत का मिलना अंतिम निदान नहीं माना जाएगा। इसकी पुष्टि के लिए चिकित्सकीय सलाह और आवश्यक अतिरिक्त जांच जरूरी होगी। अब यदि इसी व्यवस्था का इस्तेमाल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए किया जा सके तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। हर जगह नई और महंगी मशीनें लगाने की आवश्यकता कम होगी। मौजूदा प्रयोगशालाओं को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार करके जांच का दायरा बढ़ाया जा सकेगा। इससे छोटे शहरों और कस्बों तक कैंसर की जांच सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिल सकती है। एआई की भूमिका भी इस पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। बड़ी मात्रा में प्राप्त जैविक और जीन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसे पैटर्न पहचानने में मदद कर सकता है, जिन्हें सामान्य तरीके से समझना कठिन हो सकता है। इससे जांच के परिणामों का आकलन करने और चिकित्सकों को निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है।

सेहत मंत्र

सर्दियों में अवश्य करें हल्दी का सेवन, मिलेंगे फायदे

हल्दी और सर्दी का एक बहुत पुराना रिश्ता है। ठंड के मौसम में लोग हल्दी वाले दूध से लेकर कच्ची हल्दी को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। दरअसल, इसमें ऐसे कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सर्दी में होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं को आपसे दूर रखती है। बढ़ाए इम्युनिटीः ठंड के मौसम में लोगों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण वह इस मौसम में खांसी, जुकाम व अन्य कई मौसमी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में हल्दी का सेवन जरूर करना चाहिए, यह एक इम्युनिटी बूस्टर की तरह काम करती है। यह एक एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-एलर्जिक की तरह भी काम करती है। इतना ही नहीं, हल्दी पाउडर श्वसन रोग जैसे अस्थमा से निपटने में भी प्रभावी है। यह समस्या सर्दियों में आम है। घटाए वजनः आप चाहे मानें या न मानें, ठंड के मौसम में अक्सर लोगों का वजन बढ़ने लगता है। दरअसल, इस मौसम में लोग तला हुआ व मीठा आदि अधिक खाते हैं। जिससे उनका वजन बढ़ जाता है। अगर आप भी अपना बढ़ता हुआ वजन देखकर परेशान है तो आपको अपनी समस्या का हल आपकी किचन में ही मिलेगा। हल्दी का सेवन करना शुरू कर दें। आप इसे सब्जी की करी से लेकर शहद या दूध के साथ मिक्स करके ले सकते हैं। यह आपको बढ़े हुए कोलेस्टॉल लेवल से छुटकारा दिलाने में मदद करेगी और वजन घटाने और उसे मैनेज करने में भी मदद करेगी। स्किन का ख्यालः यूं तो स्किन समस्याएं आपको पूरा साल ही परेशान करती हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में यह अधिक तंग करती हैं। इस मौसम में स्किन में रूखापन होना एक आम समस्या है और इसके लिए महिलाएं महंगी-महंगी क्रीम व पार्लर टीटमेंट लेती हैं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है, बस आप हल्दी को अपनी स्किन का साथी बनाइए। आप हल्दी, दूध और शहद को मिक्स करके एक पेस्ट बनाएं और उसे स्किन पर लगाएं। जहां एक ओर यह पेस्ट एक्सफोलिएटिंग एजेंट के रूप में काम करेगा, वहीं दूसरी ओर स्किन को हाइडेट भी करेगा। जिसके कारण आपको रूखी स्किन से छुटकारा मिलेगा। जोड़ों का दर्दः ठंड के मौसम में जोड़ों का दर्द यकीनन काफी तंग करता है। चूंकि हल्दी पाउडर में एंटी-इंफलेमेटरी गुण होते हैं, इसलिए यह रोगी को जोड़ों के दर्द से राहत दिलाती है। इस बदलते मौसम में आप हल्दी का सेवन शुरू कर दें। यकीनन आपको दर्द से काफी हद तक आराम मिलेगा।

धर्म मंत्र

डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

पर्यटन



कुदरती खूबसूरती से सराबोर पुलवामा को कहा जाता है कश्मीर का 'राइस बाउल'

पुलवामा का नाम लेते ही शायद आपको भी आतंक और दहशतगर्दी की याद आ जाती होगी, लेकिन कश्मीर का यह जिला कुदरत का नायाब तोहफा है। झरने, घाटी और पहाड़ों से घिरा पुलवामा आपकी सारी थकान और तनाव दूर कर देगा। यदि कभी जम्मू कश्मीर जाने का प्लान बनाएं तो पुलवामा की सैर अवश्य करें। पुलवामा जिले में खेती अच्छी होती है इसी वजह से इसे कश्मीर का 'राइस बाउल' यानी धान का कटोरा कहा जाता है। हरियाला, साफ आसमान, कुदरती झरने और सुंदर घाटियां पुलवामा को परफ़ेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाती है। ऐसी जगह जिसकी तलाश हर किसी को होती है छुट्टियां बिताने के लिए। एक बार पुलवामा जाकर तो देखिए यकीनन यहां की सुदंरता आपका मन मोह लेगी। ऐसा लगता है जैसे कुदरत ने बड़ी फुर्सत से बैठकर पुलवामा को संवारा हो। अहरबल झरनाः पुलवामा में कई खूबसूरत झरने हैं। अहरबल झरना यहां की मशहूर जगहों मे से एक है, यहां का प्राकृतिक सौंदर्य आपका दिल जीत लेगा। पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं में घने पाइन और देवदार के पेड़ों से घिरी घाटी के बीच 25 मीटर की ऊंचाई पर तेजी से बहता अहरबल झरने को देखने का अनुभव आपके लिए यादगार बन जाएगा। पयेर मंदिर : झरने और कुदरती खूबसूरती के साथ ही पुलवामा में कई मंदिर भी है, जिसमें से एक है पयेर मंदिर। इसके बारे में कहा जाता है कि यह मंदिर 0वीं शताब्दी में बनवाया गया था। इस मंदिर की खासियत यह है कि यह एक ही पत्थर से बना है। इसकी वास्तुकला पर्यटकों आकर्षित करती है। यह मंदिर घने जगंलों के बीच स्थित है। अवंतीश्वर मंदिरः यह पुलवामा के ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। भगवान विष्णु और भगवान शिव को स?मर्पित है इस मंदिर को 9वीं शताब्दी ईस्वी में राजा अवंति वर्मा ने बनवाया था। अवंतीश्वर मंदिर झेलम नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर के देखभाल की जिम्मेदारी पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत होती है। मंदिर की दीवारों पर प्राचीन लोक कथाओं और देवताओं की बहुत बारीक नक्काशी है। दुनियाभर से लोग इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं।

तीन दिन में ही दम तोड़ गई मनरेगा, हाजिरी 1191 से घटकर सिर्फ 38 पर आई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मनरेगा श्रमिकों के नहीं, रोजगार सेवकों के कार्य बहिष्कार ने पूरे जिले की वीबी-जी रामजी योजना को ठप कर दिया है। सरकार के ''मानव दिवस सृजन सप्ताह'' का हश्र यह है कि तीन दिन के अंदर ऑनलाइन हाजिरी 1191 से गिरकर महज 38 पर आ गई।

''आंकड़े ही चीख रहे हैं -''

23 नवंबरः 11 ब्लॉकों में 1191 श्रमिकों की हाजिरी 24 नवंबरः 8 ब्लॉकों में सिर्फ 282 श्रमिक 25 नवंबरः दोपहर 3 बजे तक सिर्फ 2 ब्लॉक हरख और सूरतगंज में कुल 38 श्रमिक यानि बहिष्कार हर दिन और धारदार होता जा रहा है। जिले के 15 ब्लॉकों में से 13 ब्लॉक पूरी तरह ठप हैं। विकास कार्य रुक गए हैं, मस्टर रोल नहीं निकल रहे, पोर्टल खाली पड़ा है।

''निंदूरा बना आंदोलन का गढ़''

सबसे ज्यादा असर निंदूरा में दिखा। तीसरे दिन बुधवार को भी दोपहर 3 बजे तक किसी भी ग्राम पंचायत में एक भी श्रमिक की हाजिरी नहीं लगी। सोमवार को शून्य, मंगलवार को सिर्फ महोलिया में 2 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज हुई, उसके बाद फिर सन्नाटा। योजना की रीढ़ ने ही कर दिया बहिष्कार

गौरतलब है कि वीबी-जी रामजी योजना की असली रीढ़ गांव के रोजगार सेवक ही हैं। काम की मांग से लेकर मस्टर रोल, हाजिरी, माप और ऑनलाइन फीडिंग तक - सब कुछ उन्हीं के भरोसे चलता है। उन्हीं के बिना न मस्टर रोल जारी होगा, न मानव दिवस सृजित होगा।

और आज वही रीढ़ टूटने की कगार पर है। मानदेय के अभाव में आर्थिक तंगी से जूझ रहे रोजगार सेवकों ने उत्तर प्रदेश

बाराबंकी में बहिष्कार ने खोली सरकार की पोल, निंदूरा में तीसरे दिन भी सन्नाटा

वीबीजी रामजी महासंघ के नेतृत्व में सोमवार से पूर्ण बहिष्कार शुरू कर दिया। नाराज सेवकों ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप भी सामूहिक रूप से छोड़ दिया।

''9 महीने से एक रुपया नहीं, टारगेट रोज बढ़ रहा है''

महासंघ के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी ने तीखे तेवर में कहा, ''सरकार ने दीपावली पर भी मानदेय नहीं दिया। मुख्यमंत्री की घोषणाएं फाइलों में दफन हैं। 9 महीने से हमें एक रुपया नहीं मिला, लेकिन टारगेट का दबाव रोज बढ़ रहा है।''

उन्होंने बताया कि मृतक साथियों के परिवार आज भी ईपीएफ के लिए भटक रहे हैं। संगठन ने 23 से 30 नवंबर तक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है।

9 महीने की गुहार, मिला सिर्फ आश्वासन

रोजगार सेवकों का कहना है कि बीते नौ माह में शासन से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

सबसे बड़ा दर्द यह है कि ईपीएफ कटने के बाद रोजगार सेवकों को मात्र 7788 रुपये मानदेय मिल रहा है। गांव-गांव में विकास को रफ्तार देने वालों का अपना विकास कब होगा? ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मारे गए साथियों के परिवारों का दर्द कौन सुनेगा?

अब नैतिक समर्थन भी साथ

इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव का कहना है कि उनका संगठन भी नैतिक रूप से रोजगार सेवकों के साथ है। यह सरकार के लिए और बड़ी चेतावनी है।

आगे की रणनीति - अब आर-पार

महासंघ ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर आंदोलन और तेज होगा। 27 नवंबर को डीएम कार्यालय बाराबंकी पर धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा और 3 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा घेराव किया जाएगा। रोजगार सेवकों का साफ कहना है - ''जब पेट खाली है तो फाइलें कैसे भरें?'' गौरतलब है कि दीपावली से दो दिन पूर्व मानदेय के बजाय प्रतिकूल प्रविष्टि का पत्र दिए जाने से भी रोष व्याप्त है।

मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य पर विस.कुर्सी के दो बीएलओ सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा क्षेत्र कुर्सी के दो बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों बीएलओ ने अपने-अपने बूथ पर सबसे पहले 50-50 फॉर्म-6 की ऑनलाइन फीडिंग पूरी कर उपलब्धि हासिल की।

सम्मानित होने वालों में भाग संख्या-89 स्थित कम्पोजिट विद्यालय मिठवारा की बीएलओ ममता कुमारी और भाग संख्या-346 स्थित कम्पोजिट विद्यालय बजरंगबाग के बीएलओ अमर सिंह भार्गव शामिल हैं। ममता कुमारी ने 58 और अमर सिंह भार्गव ने 51 फॉर्म-6 की ऑनलाइन फीडिंग पूरी की। जिलाधिकारी ने दोनों बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि



मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बीएलओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पात्र युवाओं और छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए पूरी निष्ठा और तत्परता से कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने अन्य बीएलओ को भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

लखनऊ में 30 नवंबर को होने वाले प्रदर्शन को लेकर मजदूर बस्ती में जुटे कार्यकर्ता, निकाली रैली

पूरनपुर। आगामी 30 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बुधवार को राहुल नगर मजदूर बस्ती में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) की ओर से बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय कमेटी सदस्य कृष्णा अधिकारी के नेतृत्व में हुई बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदर्शन की तैयारियों, मजदूरों की समस्याओं और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूर, गरीब और मेहनतकश वर्ग के लोग समाज की अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मजदूरों को उनके अधिकार, सम्मान और उचित सुविधाएं दिलाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मजदूर और आम जनता एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद नहीं करेंगे, तब तक उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि 30 नवंबर को लखनऊ में होने वाला प्रदर्शन मजदूरों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

दुकान निर्माण विवाद, आश्वासन पर समाजसेवी अल्ताफ का धरना खत्म

बेलहरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बेलहरा के बाबा साहब मंदिर परिसर स्थित मेला मैदान में बनी 12 दुकानों के निर्माण को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को आमरण अनशन तक पहुंच गया। समाजसेवी मास्टर अल्ताफ हुसैन मांगों को लेकर अनशन पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बातचीत कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही नगर पंचायत की ओर से अल्ताफ हुसैन और मंदिर कमेटी अध्यक्ष अरुण सिंह को जारी नोटिस रद्द कराए। इसके बाद पानी पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। अल्ताफ हुसैन की प्रमुख आपत्ति थी कि मंदिर परिसर में बनी दुकानों और मेला मैदान से संबंधित अभिलेख नगर पंचायत में दर्ज नहीं हैं। उन्होंने नगर पंचायत के लिपिक, अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, रामनवमी मेले की जमीन पर हुए निर्माण तथा मंदिर की 12 दुकानों को वैध घोषित करने और पूर्व में जारी सभी नोटिस निरस्त करने की मांग की थी। एसडीएम ने मामले की तहसीलदार से जांच कराकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का भरोसा दिया। नगर पंचायत के लिपिक चंदन नेगी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात भी कही। हालांकि, एफआईआर दर्ज कराने और निर्माण को वैध घोषित करने जैसी मांगों पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है। प्रशासन के आश्वासन और दो नोटिस रद्द होने के बाद अल्ताफ हुसैन ने अनशन समाप्त कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जागरूकता बैठक

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बड़ागांव मे अधिक से अधिक परिवारों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने को लेकर बुधवार को यूपी नेडा परियोजना निदेशक व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मसौली के प्रबंधक ने सीएसी सभागार मे बैठक कर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूक किया। यूपी नेडा परियोजना निदेशक कमलेश सिंह यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकारी सब्सिडी दी जा रही है। इससे परिवार अपनी बिजली की जरूरत सौर ऊर्जा से पूरी कर सकेंगे। साथ ही बिजली बिल के खर्च में भी काफी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सब्सिडी का लाभ लेने की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2027 तक है। ऐसे में इच्छुक उपभोक्ताओं को समय रहते आवेदन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार जानकारी के अभाव में सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में सोलर रूफटॉप लगाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज और तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी गई।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मसौली के प्रबंधक विनोद कुमार ने ग्रामीणों को सोलर पैनल लगाने से होने वाले लाभ, बिजली खर्च में कमी और केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व लोन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ागांव को सोलर विलेज बनाने का लक्ष्य है ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने और गाँव को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित करने पर जोर दिया । इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, फील्ड आफिसर अमित कुमार मौर्य, शिवशक्ति इंटरप्राईजेज के प्रतिनिधि उदय कुमार वर्मा, पंकज कुमार, बैकमित्र रामहर्ष वर्मा स ग्रामीण मौजूद रहे।

महादेवा महोत्सव तीर्थ अंचल की सफाई शुरू

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा में 6 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं।महोत्सव में भोजपुरी बॉलीवुड और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ विद्यालयों के छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम वॉलीबॉल दंगल और महिला सशक्तीकरण से जुड़े आयोजन होंगे।बुधवार को तहसील सभागार में एसडीएम आकांक्षा गुप्ता और तहसीलदार शशांक उपाध्याय ने पत्रकारों के साथ बैठक कर तैयारियों और प्रचार-प्रसार पर चर्चा की।एसडीएम ने बताया कि लोक गायिका रेणुका पंवार गजल एवं भजन गायिका डिंपल भूमि कवयित्री कविता तिवारी और तृप्ति पांडेय सहित अन्य कलाकारों से वार्ता चल रही है।इस बार महिला सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता देते हुए महिलाओं की प्रतिभा और आत्मनिर्भरता को मंच प्रदान किया जाएगा।उन्होंने पत्रकारों से महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

28 नवंबर को विशेष लोक अदालत में होगा लंबित चालान का निस्तारण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश पर जनपद सुल्तानपुर के समस्त जिला न्यायालयों में 28 नवंबर 2026 (शनिवार, चौथा शनिवार) को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत लंबित चालान के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। 12 सितंबर 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयार सूची में शामिल और अभी तक लंबित चालान के मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य लंबित चालान के मामले भी इस विशेष लोक अदालत में लिए जा सकेंगे। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि विशेष लोक अदालत में चालान का तुरंत निस्तारण होगा। कोर्ट के चक्कर से मुक्ति, नियमानुसार जुर्माने में छूट/ समझौते का लाभ, लोक अदालत का निर्णय अंतिम होगा। उन्होंने बताया कि निर्णीत वाद के विरुद्ध कोई अपील नहीं होगी। चालान की प्रति नोटिस/एसएमएस, आधार कार्ड/पहचान पत्र। वाहन से संबंधित कागजात। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियों एवं चालान से संबंधित पक्षकारों से अपील की है कि 28 नवंबर को जिला न्यायालय, सुल्तानपुर में स्वयं उपस्थित होकर अपने लंबित चालान मामलों का निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

समस्याओं को लेकर बीएसए एवं वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुल्तानपुर (संबध्द-आखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ भारत) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नामवर सिंह यादव से मिला। जनपद में कार्यभार ग्रहण करने पर जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों के विभिन्न वित्तीय एवं सेवा संबंधी मामलों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों को समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने, लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान कराने, दै धारक शिक्षकों के नोशनल इंक्रीमेंट से संबंधित भुगतान तथा ळव्ष् लेजर पूर्ण कर लेखापर्ची जारी करने की मांग प्रमुखता से रखी। वित्त एवं लेखाधिकारी ने शिक्षक हित से जुड़े मामलों पर संगठन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों की पदोन्नति के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।प्रतिनिधिमंडल ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर अंतिम सूची प्रकाशित कर पदोन्नति की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री राम आशीष मौर्य जिलाउपाध्यक्ष एवं प्रदेशीय मंत्री रमेश तिवारी कोषाध्यक्ष विनय प्रजापति अध्यक्ष क्रमशरू पीपी कमैचा संजय सिंह, लंभुआ रणवीर सिंह, जयसिंहपुर दीपेंद्र सिंह कुड़वार मनोज मौर्य ब्लॉक मंत्री शिव सहाय पांडेय वैभव भटनागर, फिरोज अहमद राकेश दूबे आदि उपस्थित रहें।

महादेवा ऑडिटोरियम में 65 जोड़ों का विवाह संपन्न, नवदंपतियों को मिला आशीर्वाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। महादेवा ऑडिटोरियम में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से 65 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बनी है। सरकार ने योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में बड़ी राहत मिल रही है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, रामनगर एवं सूरतगंज के खंड विकास अधिकारी, सीओ रामनगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारत सरकार ने 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। डाक विभाग द्वारा जारी इस टिकट पर माताजी का दिव्य चित्र अंकित है, जिस पर हिंदी और अंग्रेजी में जन्म शताब्दी अंकित है।

माताजी का जन्म 20 सितंबर 1926 को आगरा में हुआ था। उन्होंने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साथ मिलकर गायत्री परिवार और युग निर्माण अभियान को नई दिशा दी। महिलाओं को यज्ञ, संस्कार और समाज सेवा से जोड़कर उन्होंने नारी जागरण का ऐतिहासिक कार्य किया।

31 अक्टूबर को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित जन्मशताब्दी महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस टिकट का



विमोचन किया। बाद में हरिद्वार शांतिकुंज में भी इसका अनावरण हुआ। गायत्री परिजनों-अखिलेश पाण्डेय, ए.पी. शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, धनंजय शुक्ला, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,श्रीमती केश कुमारी सिंह, रमेश चंद्र मौर्य, शरद जायसवाल,आर.पी. सिंह, प्रयाग नारायण गुप्ता, पवन भारद्वाज, राम शंकर गुप्ता, दिनेश दीक्षित व अमिताभ अग्निहोत्री ने इसे माताजी के तप, त्याग, सेवा और मातृत्व को राष्ट्र की श्रद्धांजलि बताया। महंत बी.पी दास ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला संचार मंत्री ज्योतिराज सिंधिया के प्रति आभार जताते हुए, धन्यवाद ज्ञापित किया।

शीतकाल में अस्पताल का समय बदलने की मांग, भाकियू ने सीएमएस को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। सर्दियों में मरीजों की सुविधा को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन ने 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर के समय में बदलाव की मांग की है। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि अक्टूबर से मार्च तक शीतकालीन अवधि में अस्पताल का संचालन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाए, जबकि अप्रैल से सितंबर तक गर्मी के मौसम में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक अस्पताल खोला जाए।



भाकियू नेताओं का कहना है कि सर्दियों में दिन छोटा होने और सुबह-शाम ठंड बढ़ने के कारण दूरदराज से आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। समय में बदलाव होने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने और उपचार कराने में सहूलियत मिलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने सीएमएस से जनहित में शीघ्र व्यवस्था लागू करने की मांग की। इस पर सीएमएस डॉ. अजय सिंह ने मरीजों की सुविधा के अनुसार आवश्यक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा और अधिवक्ता अजीत वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वैवाहिक वर्षगाँठ पर प्रकृति को दिया अनूठा उपहार, पत्नी संग लगाए नीम के पौधे को चार साल बाद भी सहेज रहे मोनू भास्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अनूठी पहल के लिए चर्चित पर्यावरण प्रेमी कुँवर मोनू भास्कर ने अपनी चौथी वैवाहिक वर्षगाँठ को प्रकृति के नाम समर्पित किया। उन्होंने पत्नी स्नेहलता के साथ चार वर्ष पहले लगाए गए नीम के पौधे का थाला बनाकर उसमें जल अर्पित किया और उसकी निरंतर देखभाल का संकल्प दोहराया। वर्ष 2022 में 26 नवंबर को वैवाहिक जीवन की शुरुआत से पहले कुँवर मोनू भास्कर ने अपनी पत्नी स्नेहलता के साथ ग्राम पंचायत लोधौरा के बखारेपुर स्थित प्राचीन दाता साईं आश्रम परिसर में नीम का पौधा लगाया था। चार साल बाद वही पौधा उनके वैवाहिक जीवन की यादों और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक बन गया है।

चौथी वर्षगाँठ पर दंपती ने पौधे के चारों ओर थाला बनाकर उसमें पानी डाला। इस मौके पर मोनू भास्कर ने कहा कि जिस तरह



पति-पत्नी जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाते हैं, उसी तरह प्रकृति के साथ भी हमारा रिश्ता आजीवन होना चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें परिवार के सदस्य की तरह सींचना और वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। उनकी यह पहल संदेश देती है कि जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगाँठ जैसे विशेष अवसरों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर यादगार बनाया जा सकता है। दंपती ने जीवनसाथी के साथ रिश्ते की तरह प्रकृति के साथ हरियाली का रिश्ता भी जीवनभर निभाने का संकल्प लिया।



आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों का जलवा, पंत छठे, गिल सातवें और जायसवाल नौवें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी

दुबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन का असर आईसीसी की ताजा टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में देखने को मिला है। वेलिंगटन में खेला गया यह मुकाबला ड्रॉ रहा था, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी बेहतरीन पारियों के दम पर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल अब शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में ऋषभ पंत सबसे आगे बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 128 रन की आकर्षक पारी खेलने वाले पंत एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने 98 रन की पारी के दम पर तीन स्थान की छलांग लगाई और सातवें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के



सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 85 रन बनाने के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गए हैं। इस तरह अब तीन भारतीय बल्लेबाज टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वेलिंगटन में भारत की पहली पारी में नौ विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित किए गए स्कोर में सर्वाधिक 136 रन बनाने वाले केएल राहुल को भी फायदा हुआ है। वह चार स्थान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर पहुंच गए हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 80 रन बनाए थे, जिसके बाद उन्हें 15 स्थान का फायदा हुआ और वह 39वें नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों में प्लेयर ऑफ द मैच हेनरी निकोल्स को सबसे अधिक फायदा हुआ है। उन्होंने नाबाद 175 और 31 रन की पारियां खेलीं, जिसके दम पर वह 10 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स ने 118 और नाबाद 26 रन बनाए थे। उन्हें 13 स्थान का फायदा हुआ और वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट तथा पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट के बाद जारी ताजा रैंकिंग में बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भी फायदा हुआ है। पहली पारी में 137 रन बनाने वाले तौहीद हृदोय 28 स्थान ऊपर चढ़कर 33वें नंबर पर पहुंच गए हैं। लिटन दास ने 120 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन करियर की सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 15वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं, जबकि मार्क्स एकरमैन 60वें स्थान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वेलिंगटन टेस्ट में पांच विकेट लिए थे। इसके दम पर वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को भी फायदा हुआ है। जोहान्सबर्ग टेस्ट में आठ विकेट लेकर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले रबाडा दो स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं।

घुटने की सर्जरी के बाद छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे जेवियर बार्टलेट

एजेंसी



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट के टेस्ट टीम में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद वह करीब छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस चोट के कारण वह आगामी बिग बैश लीग के शुरुआती मुकाबलों में भी नहीं खेल पाएंगे। बार्टलेट को इस टूर्नामेंट में ब्रिस्बेन हीट की ओर से खेलना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को उक्त जानकारी दी।बार्टलेट को पिछले सप्ताह होबार्ट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए बाएं घुटने में चोट लगी थी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था और टीम ने श्रृंखला भी गंवा दी थी। चोट के कारण मैदान छोड़ने के बावजूद बार्टलेट दोबारा गेंदबाजी करने लौटे और तीन ओवर किए। उन्होंने सात ओवर में 66 रन देकर एक विकेट लिया। इसके बाद उन्हें पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। बाद में उनके घुटने की दूरबीन विधि से सर्जरी की गई। बार्टलेट पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल थे। उन्होंने शेफील्ड शील्ड के मौजूदा सत्र की शुरुआत क्वींसलैंड की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए की थी। उन्होंने दो मैचों में 16 विकेट हासिल किए थे। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की मेजबानी करनी है और इसके बाद पांच मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करना है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न में इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर खेले जाने वाले विशेष टेस्ट मुकाबले में हिस्सा लेगा। ऐसे में बार्टलेट की चोट से उनके टेस्ट पदार्पण की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। यदि बार्टलेट का पुनर्वास कार्यक्रम तय योजना के अनुसार आगे बढ़ता है, तो भारत दौरे के आसपास उनकी वापसी संभव हो सकती है। हालांकि, उनका तत्काल लक्ष्य बिग बैश लीग के मध्य सत्र में मैदान पर लौटना हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

सचिवालय प्रीमियर लीग में रॉयल रेंजर्स और डेंजर्स ने दर्ज की जीत

देहरादून । उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित सचिवालय प्रीमियर लीग-2026 में सचिवालय रॉयल रेंजर्स और सचिवालय डेंजर्स ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पहले मुकाबले में रॉयल रेंजर्स ने सचिवालय यूनाइटेड को छह विकेट से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में सचिवालय डेंजर्स ने सचिवालय स्मैशर्स को शिकस्त दी। पहले मुकाबले में टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सचिवालय यूनाइटेड की टीम ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर 172 रन बनाए। टीम की ओर से सचिन बिष्ट ने 46, संतोष पांडे ने 29 और अरविंद दानू ने 20 रन का योगदान दिया। रॉयल रेंजर्स की ओर से अजीत शर्मा और हितेश छेत्री ने दो-दो विकेट हासिल किए।

173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल रेंजर्स की टीम ने 15.5 ओवर में चार विकेट खोकर 174 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के ऑलराउंडर अजीत शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 85 रन बनाए, जबकि कप्तान टिकराज ने 26 रन का योगदान दिया। यूनाइटेड की ओर से अंकित नौटियाल, सिद्धार्थ उनियाल और संतोष पांडे ने एक-एक विकेट लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अजीत शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में सचिवालय डेंजर्स ने सचिवालय स्मैशर्स को हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मैशर्स की टीम 13 ओवर में 68 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अशोक ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। डेंजर्स की ओर से शीशपाल रावत ने चार और रविंदर ने तीन विकेट लिए।

69 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय डेंजर्स की टीम ने सात विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से मनोज भट्ट ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। स्मैशर्स की ओर से नूर मोहम्मद ने तीन विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए शीशपाल रावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आईपीएल-2027 ऑक्शन के लिए 10 नेपाली खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

काठमांडू । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) के लिए नेपाल के 10 क्रिकेटरों ने अपना नाम रजिस्टर कराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अनुसार आईपीएल-2027 के ऑक्शन के लिए कुल 18 देशों के 1,220 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 939 भारतीय और 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। भारत के बाद सबसे अधिक 53 खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया से रजिस्ट्रेशन कराया है।एसोसिएट देशों के कुल 42 खिलाड़ियों ने ऑक्शन के लिए अपना नाम दिया है। एसोसिएट देशों में अमेरिका के 13, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात के 10-10, नीदरलैंड के तीन तथा कनाडा, जापान और स्कॉटलैंड के दो-दो खिलाड़ी शामिल हैं। ऑक्शन से पहले ही फ्रेंचाइजी टीमों ने 184 खिलाड़ियों को रिटेन और चयनित कर लिया है। अब नीलामी के जरिए कुल 66 खिलाड़ियों को टीमों में जगह मिलेगी। इनमें 25 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। बीसीसीआई के मुताबिक ऑक्शन की अंतिम सूची में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के नामों पर 4 दिसंबर को अंतिम फैसला किया जाएगा। इसके बाद ही यह स्पष्ट होगा कि नेपाल के 10 खिलाड़ियों में से किन्हें आईपीएल- 2027 की नीलामी में शामिल होने का मौका मिलता है।

खेल पंचाट न्यायालय ने सेनेगल को घोषित किया अफ्रीका कप ऑफ नेशंस 2025 का विजेता

लुसाने। खेल पंचाट न्यायालय ने मंगलवार को सेनेगल को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस 2025 का विजेता घोषित कर दिया। न्यायालय ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) के अपील बोर्ड के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें मोरक्को को चैंपियन घोषित किया गया था। इसके साथ ही सीएएफ की अनुशासन समिति का मूल फैसला बहाल हो गया और फाइनल में सेनेगल की 1-0 की जीत को बरकरार रखा गया।

स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट न्यायालय ने अपने फैसले में कहा, ल्लखेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने सेनेगल फुटबॉल महासंघ (एफएसएफ) की ओर से अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) और रॉयल मोरक्कन फुटबॉल महासंघ (एफआरएमएफ) के खिलाफ दायर अपील स्वीकार कर ली है। यह अपील अफ्रीका कप ऑफ नेशंस मोरक्को 2025 के फाइनल से संबंधित थी। सीएएफ अपील बोर्ड का फैसला रद्द किया जाता है और सीएएफ अनुशासन समिति का फैसला बहाल किया जाता है।

न्यायालय ने आगे कहा, ल्लपरिणामस्वरूप, अफ्रीका कप ऑफ नेशंस 2025 के फाइनल के अंत में प्राप्त नतीजे की पुष्टि की जाती है। सेनेगल ने यह मुकाबला 1-0 से जीता था।ङ्क

सेनेगल ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें जनवरी में रबात में खेले गए फाइनल में मेजबान मोरक्को को चैंपियन घोषित किया गया था। सेनेगल ने अतिरिक्त समय में मोरक्को को 1-0 से हराया था, लेकिन बाद में सीएएफ के फैसले के कारण उससे खिताब छिन गया था।

फाइनल के नियमित समय के अंतिम क्षणों में सेनेगल के खिलाफ पेनाल्टी दिए जाने के बाद टीम के खिलाड़ियों ने विरोध जताते हुए मैदान छोड़ दिया था। कुछ खिलाड़ी विरोध में ड्रेसिंग रूम तक चले गए थे। करीब 14 मिनट तक खेल रुका रहा, जिसके बाद सेनेगल की टीम दोबारा मैदान पर लौटी और मुकाबला शुरू हुआ।

मोरक्को पेनाल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहा। इसके बाद मैच अतिरिक्त समय में पहुंचा, जहां सेनेगल ने निर्णायक गोल कर जीत हासिल की।

हालांकि, दो महीने बाद सीएएफ के अपील बोर्ड ने मैदान छोड़ने की घटना को आधार बनाते हुए सेनेगल को मैच गंवाने का दोषी ठहराया। बोर्ड ने फाइनल का नतीजा पलटते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता घोषित कर दिया था।

इसके बाद सेनेगल ने फुटबॉल की सर्वोच्च खेल न्यायिक संस्था खेल पंचाट न्यायालय में अपील दायर की। यह अपील 25 मार्च को दाखिल की गई थी, जबकि इस मामले की सुनवाई 8 अक्टूबर को हुई थी। मंगलवार को आए फैसले के बाद सेनेगल की फाइनल में दर्ज 1-0 की जीत और उसका खिताब बहाल हो गया।

आईपीएल-2027 की नीलामी के लिए 1220 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण, 66 स्थानों के लिए लगेगी बोली

एजेंसी



नई दिल्ली। टाटा आईपीएल-2027 की खिलाड़ी नीलामी के लिए कुल 1220 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 939 भारतीय और 17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी ने 184 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है या चुना है। ऐसे में नीलामी के दौरान अधिकतम 66 स्थान भरे जाने हैं, जिनमें 25 विदेशी खिलाड़ियों के स्थान शामिल हैं।

पंजीकृत खिलाड़ियों में 184 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ी, 994 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है और 42 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ियों में 925 भारतीय हैं। इनमें से 127 खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के किसी सत्र में खेल चुके हैं।

विदेशी खिलाड़ियों के पंजीकरण में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे है। वहां के 53 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए नाम दिया है। दक्षिण अफ्रीका के 40, वेस्टइंडीज के 36, न्यूजीलैंड के 25 और अफगानिस्तान के 23 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। एसोसिएट देशों में अमेरिका के 13 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के 10-10 खिलाड़ी नीलामी की दौड़ में हैं।

नीलामी के लिए पंजीकृत 1220 खिलाड़ियों को छह श्रेणियों में रखा गया है। इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके 14 भारतीय खिलाड़ी और 170 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। एसोसिएट देशों के 42 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा, पहले आईपीएल खेल चुके 127 गैर-अंतरराष्ट्रीय भारतीय खिलाड़ी, 798 अन्य गैर-अंतरराष्ट्रीय भारतीय खिलाड़ी और 69 गैर-अंतरराष्ट्रीय विदेशी खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। देश के अनुसार देखें, तो भारत के 939 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। ऑस्ट्रेलिया के 53, दक्षिण अफ्रीका के 40, वेस्टइंडीज के 36, न्यूजीलैंड के 25, अफगानिस्तान के 23 और श्रीलंका के 21 खिलाड़ी सूची में हैं। इंग्लैंड के 16, अमेरिका के 13, बांग्लादेश के 12, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के 10-10 तथा आयरलैंड के सात खिलाड़ी शामिल हैं। जिम्बाब्वे के छह, नीदरलैंड के तीन, जबकि कनाडा, जापान और स्कॉटलैंड के दो-दो खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

एक्सिस बैंक ने राजस्थान में अपनी मौजूदगी मजबूत की: विविधीकृत बैंकिंग कारोबार का किया विस्तार

जयपुर । भारत के प्रमुख निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक राजस्थान में अपनी मौजूदगी लगातार मजबूत कर रहा है। बैंक की 257 शाखाओं में से आधे से अधिक अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस नेटवर्क के जरिए बैंक एमएसएमई को कार्यशील पूंजी और व्यापार वित्त, किसानों को कृषि ऋण, संस्थानों को बैंकिंग सेवाएं और संपन्न परिवारों को संपत्ति प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड ब्रांच बैंकिंग (नॉर्थ एंड वेस्ट) बीसीयू और टीएएससी बिजनेस रेनॉल्ड डिसूजा के अनुसार राजस्थान की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण, खनन, पर्यटन, बुनियादी ढांचे, अक्षय ऊर्ज़ा और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अलवर, भीलवाड़ा और भिवाड़ी राज्य के प्रमुख कारोबारी केंद्रों में शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में कारोबार और एमएसएमई मौजूद हैं।

जहीर खान की नई पहल 'इक्वल' से क्रिकेट में आएगा बड़ा बदलाव, एक ही टीम में खेलेंगे महिला और पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी



मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और 2011 विश्व कप विजेता जहीर खान को नई मिश्रित टी20 क्रिकेट लीग 'इक्वल' की अपार संभावनाओं पर पूरा भरोसा है। यह महत्वाकांक्षी पहल क्रिकेट के पारंपरिक प्रारूप को चुनौती देते हुए महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक ही एकादश में खेलने का अवसर देगी। इस पहल की परिकल्पना एंकर स्पोर्ट्स ने की है, जिसके सह-मालिक जहीर खान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्यमी नागेंद्र सिद्धौताम हैं। इसे जर्मन क्रिकेट महासंघ के साथ साझेदारी में विकसित किया जा रहा है।

पहली बार इस तरह की मिश्रित महिला-पुरुष क्रिकेट लीग शुरू करने की तैयारी है। 'इक्वल' में पेशेवर महिला और पुरुष क्रिकेटर एक साथ मैदान पर उतरेंगे। इससे टी20 प्रारूप को एक नया और समावेशी स्वरूप मिलेगा। पुरुष और महिला क्रिकेट के अलग-अलग टूर्नामेंटों की परंपरा से हटकर इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी एक ही लीग में हिस्सा लेंगे। इसमें एक ही अंकतालिका होगी और एक ही टीम चैंपियन बनेगी। प्रस्तावित प्रारूप के अनुसार, पहले संस्करण में पांच टीमें कुल 12 टी20 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी होंगे। हर मैच की एकादश में छह महिला और पांच पुरुष खिलाड़ी शामिल होंगे। टी20 क्रिकेट के मौजूदा नियमों को बरकरार रखते हुए इस प्रारूप में खेलने के स्पष्ट नियम, खिलाड़ियों की सुरक्षा के उपाय और स्थानापन्न खिलाड़ियों से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे, ताकि प्रतियोगिता को व्यवस्थित और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। एंकर स्पोर्ट्स के सह-मालिक जहीर खान ने कहा, ल्लक्रिकेट में लोगों को एकजुट करने की ताकत है। खासकर यूरोप जैसे उभरते बाजारों में इस खेल का विकास इस बात पर निर्भर करेगा कि हम इसे कितने व्यापक दर्शक वर्ग के लिए सुलभ बना पाते हैं। 'इक्वल' जैसी पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यह सभी लिंगों के लोगों को खेल में हिस्सा लेने, योगदान देने और क्रिकेट के विकास का हिस्सा बनने का अवसर देती है। उन्होंने कहा, ल्ल2028 में क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी के साथ इस खेल को नए समुदायों तक पहुंचाने और इसकी वैश्विक पहुंच बढ़ाने का अवसर है। 'इक्वल' को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें एक महिला और एक पुरुष क्रिकेटर एक साथ मैदान पर उतरेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2026 के अनुसार, जर्मनी 145 अर्थव्यवस्थाओं में नौवें स्थान पर है। यह रिपोर्ट 16 सितंबर 2026 को प्रकाशित हुई थी। इसमें बताया गया है कि जर्मनी ने लैंगिक अंतर का 81.7 प्रतिशत पाट लिया है। इस पहल का उद्देश्य केवल नए प्रारूप को पेश करना नहीं, बल्कि क्रिकेट में भागीदारी, प्रतिभा विकास और प्रशंसकों की सहभागिता के लिए नए रास्ते तैयार करना भी है। महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक साझा व्यवस्था में लाकर यह पहल क्रिकेट के विकास के लिए समावेशी, टिकाऊ और प्रतिस्पर्धी मॉडल तलाशना चाहती है।

मैट हेनरी ने डफी को बताया शानदार गेंदबाज, बोले- टीम के लिए बदलते हैं अपनी रणनीति

एजेंसी



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जैकब डफी का समर्थन करते हुए उन्हें शानदार गेंदबाज और टीम को सबसे पहले रखने वाली मानसिकता का खिलाड़ी बताया है। वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट में डफी ने 201 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि, हेनरी ने उनके प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि बेसिन रिजर्व की पिच पर गेंद मुश्किल से ही स्लिप तक पहुंच रही थी और डफी को अपनी गेंदबाजी के आंकड़ों की परवाह किए बिना बाउंसर डालने की जिम्मेदारी दी गई थी। क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में दूसरे टेस्ट से पहले हेनरी ने पत्रकारों से कहा, उन्होंने पिछले कई वर्षों में दिखाया है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं और उनके लिए टीम सबसे पहले है। इसलिए जब हम उनसे कहते हैं कि यहां बाउंसर डालने की योजना अपनाई जा सकती है, तो उन्हें अपने व्यक्तिगत आंकड़ों की चिंता नहीं होती। वह खेल पर प्रभाव डालने की कोशिश करते हैं। उस समय उनकी भूमिका ऐसी थी, जिसमें उन्हें काफी सपाट पिच पर अधिक आक्रामक होना पड़ा। ऐसे में उनका टीम को पहले रखने वाली मानसिकता के साथ इस योजना को स्वीकार करना बेहद प्रभावशाली है। हेनरी ने कहा, उनकी कौशल क्षमता पर कोई सवाल नहीं है। हमारे लिए कुछ ऐसे मौके थे, जब हमें किसी खिलाड़ी से अलग रणनीति अपनाने की जरूरत थी और वह इसके लिए तैयार थे। मेरे विचार से यही हमारी टीम की खासियत है। हम परिणाम की चिंता करने के बजाय इस बात पर ध्यान देते हैं कि खेल पर किस तरह प्रभाव डाला जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखने को मिला है कि उनकी इसी सोच के कारण टीम को कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन मिले हैं। इसलिए हमें इस मामले में बिल्कुल भी चिंता नहीं है।

शेयर बाजार में रही तूफानी तेजी सेंसेक्स 1502 अंक उछला

एजेंसी



नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में आज तूफानी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,502.29 अंक उछलकर 83,938.28 और निफ्टी 469.60 अंक चढ़कर 25,819.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,502.29 अंक यानी 1.82 फीसदी की उछाल के साथ 83,938.28 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 469.60 अंक यानी 1.85 अंकों की बढ़त के साथ 25,819.25 के स्तर पर बंद हुआ है।

शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में पौने दो फीसदी से ज्यादा की यह तेजी बाजार की मजबूत चाल को साफ तौर पर दिखाती है। बाजार में आज कारोबार के दौरान फार्मा, आईटी, ऑटो, निजी क्षेत्र के बैंक और ऑयल एंड गैस कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। साथ ही हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 6 फीसदी तक चढ़े। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.42 फीसदी गिरकर 90.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। नवंबर में अब तक इसकी कीमत करीब 23 फीसदी गिर चुकी है। इससे भारत का तेल आयात बिल और महंगाई कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपये की विनिमय दर 66 पैसे चढ़कर 92.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को गुरुनानक जयंती की छुट्टी के मौके पर शेयर बाजार बंद रहा। वहीं, 23 नवंबर को बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 1483 अंक गिरकर 82,435 के स्तर पर बंद हुआ।

कल्याण कृष्णमूर्ति 11 साल से ज्यादा समय तक कंपनी के साथ रहने के बाद छोड़ेंगे फ्लिपकार्ट

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में 11 साल से अधिक समय तक सवाएं देने के बाद कल्याण कृष्णमूर्ति यह पद छोड़ रहे हैं। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि फ्लिपकार्ट समूह सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति 11 साल से अधिक समय तक कंपनी में रहने के बाद अपना पद छोड़ रहे हैं। कंपनी के मुताबिक नए स्थायी सीईओ की नियुक्ति होने तक चीफ प्रोडक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर बालाजी त्यागराजन अंतरिम नेतृत्व संभालेंगे। फ्लिपकार्ट ने बताया कि त्यागराजन फिलहाल फ्लिपकार्ट में मुख्य उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी ने कहा कि कृष्णमूर्ति के नेतृत्व में उसका कारोबार पांच गुना से अधिक हो गया और भारत की अग्रणी ई-कॉमर्स कंपनियों में उसकी स्थिति मजबूत हुई। कंपनी ने कहा कि उनके कार्यकाल में 'द बिग बिलियन डेज' भारत में त्योहारों के दौरान खरीदारी का पर्याय बन गया। इस दौरान फ्लिपकार्ट ने कई नई पहल कीं और देशभर में अपनी पहुंच का विस्तार किया।

फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर आज 14 लाख से ज़्यादा विक्रेता (सेलर्स) मौजूद हैं, जिनमें शॉपसी के विक्रेता शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से हर भारतीय को सशक्त बनाने और उन्हें बेहतर अनुभव देने के उद्देश्य से फ्लिपकार्ट ने 'कैश ऑन डिलीवरी', 'नो कॉस्ट ईएमआई, 'आसान रिटर्न' और 'यूपीआई पेमेंट' जैसी सेवाओं की शुरुआत की है। शॉपिंग के अलावा, फ्लिपकार्ट लगातार रोज़गार के अवसर पैदा कर रहा है, उद्यमियों को सशक्त बना रहा है और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर रहा है। उल्लेखनीय है कि फ्लिपकार्ट समूह भारत की प्रमुख डिजिटल कॉमर्स कंपनियों में से एक है, जिसकी नींव मजबूत तकनीक पर टिकी है। इस समूह में मुख्य रूप से फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, फ्लिपकार्ट होलसेल, क्लियरट्रिप और सुपर.मनी जैसी कंपनियां शामिल हैं।

स्तंभ पर नहीं जला दीपम तो तमिलनाडु ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी

कोर्ट से कहा- मंदिर बोर्ड ने ही टीम को अनुमति नहीं दी

एजेंसी

नई दिल्ली। कोर्ट से कहा- मंदिर बोर्ड ने ही टीम को अनुमति नहीं दी नई दिल्ली, एजेंसी। तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से 24 नवंबर को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथून (पत्थर के स्तंभ) पर दीप प्रज्वलित नहीं किए जाने के लिए माफी मांगी। सरकार ने दावा किया कि मंदिर के न्यासी बोर्ड ने इस काम के लिए प्रस्तावित दल को अनुमति नहीं दी। इसके बजाय परंपरा के अनुसार कार्तिगई महादीपम को उसके पारंपरिक स्थान पर ही जलाने का निर्णय लिया।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ के सामने मदुरै के जिलाधिकारी निशांत कृष्णा ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन ने दीपथून में दीप प्रज्ज्वलन को लेकर देवस्थानम की अनुमति प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया। 22 नवंबर को भेजे गए दो संदेशों में मंदिर प्रशासन से कहा गया था कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। 24 नवंबर को भी रिमाइंडर भेजा गया था। जिलाधिकारी का कहना है कि सभी इंतजाम कर लिए गए थे। 5,797 जवान भी सुरक्षा के लिए तैनात थे। जस्टिस अरविंद कुमार ने कहा कि निर्देश के मुताबिक जिलाधिकारी को समारोह के तीन दिन बाद स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी थी। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि प्रशासन ने विरोधी पक्ष की ओर से मामला उठाए जाने का इंतजार करने के बजाय घटनाक्रम की जानकारी खुद अदालत को देना सही समझा। 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि कार्तिक पूर्णिमा यानी 24 नवंबर को दीपथून पर दीप जलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्तिगई दीपम जलाने की मांग से जुड़ी नई अर्जियों और अवमानना याचिकाओं पर एक-दो दिन में सुनवाई की जाएगी। रजिस्ट्री पहले इन अर्जियों के दाखिल होने की पुष्टि करेगी। इसके बाद अदालत देखेगी कि मामले को गुरुवार या शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है या नहीं। इससे पहले कोर्ट ने दीपम नहीं जलाए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने दीपम विवाद को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'आप हमेशा संविधान को अपनी जेब में रखने की बात करते हैं, लेकिन अब आप सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने के लिए तैयार नहीं हैं।' वहीं, तमिलनाडु कांग्रेस के अध्यक्ष बी. मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस राज्य के लोगों को बांटने के लिए मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

तमिलनाडु सरकार के खिलाफ कार्रवाई हो : विहिप

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने तमिलनाडु की टीवीके सरकार पर अदालत के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि यह न्यायपालिका, संविधान और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान है। यह राज्य सरकार की हिंदू विरोधी हठधर्मिता को दर्शाता है। समाज इसका लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा।

बेवजह लंबित चुनावों को टाला नहीं जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि लंबित चुनावों को 'बिना किसी ठोस वजह के' नहीं टाला जाना चाहिए। कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने के संकेत दिए हैं, जिसमें वार्ड परिसीमन का मुद्दा सुलझने तक कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के चुनावों को टाल दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे 30 नवंबर तक इस मामले पर निर्देश लेकर आएं। केएमसी ने आगामी निकाय चुनावों से पहले नगर निगम के वार्डों की सीमाओं में बदलाव (परिसीमन) की प्रक्रिया शुरू की है। इस योजना के तहत, नगर निगम में वार्डों की संख्या मौजूदा 144 से बढ़कर 209 हो सकती है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग को केएमसी चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करने से रोक दिया था, जब तक कि एकल पीठ वार्ड परिसीमन से जुड़ी याचिका पर फैसला नहीं सुना देती।पीठ ने कहा कि हम इस आदेश पर रोक लगाने के पक्ष में हैं, क्योंकि जिन तथ्यात्मक और कानूनी मुद्दों को उठाया गया है, उन पर खंडपीठ एक नया और उचित आदेश पारित करेगी। पीठ ने कहा कि एकल जज के समक्ष चल रही रिट याचिका को खंडपीठ में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया जाएगा। जब तक खंडपीठ इस पर कोई राय नहीं बना लेती, तब तक चुनावों को टाला जा सकता है। सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि हमें लंबित चुनावों को बिना किसी ठोस वजह के नहीं टालना चाहिए।

चिकित्सा सेवा के मूल में करुणा का होना जरूरी : राष्ट्रपति

एजेंसी



भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुसंधान संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पेशेवर संगठनों से होम्योपैथी के क्षेत्र में मजबूत अनुसंधान संस्कृति विकसित करने के लिए आपसी सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी की भविष्य की विश्वसनीयता और अकादमिक प्रतिष्ठा काफी हद तक उसके अनुसंधान की वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा और उससे प्राप्त होने वाले नैदानिक साक्ष्यों की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय होम्योपैथी वैज्ञानिक सम्मेलन में शिरकत करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी भारत की विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुलभ, समतामूलक, वैज्ञानिक दृष्टि से जिम्मेदार और जनहित के प्रति संवेदनशील बनाने में संस्थानों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा से जुड़ा प्रत्येक निर्णय मरीज की गरिमा, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा का अंतिम उद्देश्य लोगों की पीड़ा को कम करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसलिए चिकित्सा के प्रत्येक क्षेत्र में मरीज का हित सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने होम्योपैथी के विकास में वैज्ञानिक अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण नैदानिक साक्ष्यों की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि होम्योपैथी की विश्वसनीयता और शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत बनाने के लिए अनुसंधान में वैज्ञानिक ईमानदारी तथा प्रमाण आधारित दृष्टिकोण अनिवार्य है। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पेशेवर संगठनों से इस दिशा में मिलकर काम करने तथा अनुसंधान की मजबूत परंपरा विकसित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि एक ऐसी स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का निर्माण आवश्यक है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता और मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए।

प्रदर्शनों के दौरान नेताओं को हिरासत में लेने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दे केंद्र : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को उन याचिकाओं पर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिनमें आरोप लगाया गया है कि 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान लोगों, खासकर राजनीतिक नेताओं को हिरासत में लिया गया। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह आदेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी द्वारा यह बताए जाने के बाद पारित किया कि हिरासत से जुड़ी कुछ ही याचिकाओं में हलफनामे दाखिल किए गए हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र और दिल्ली सरकार को 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, और याचिकाकर्ताओं से कहा कि यदि वे कोई प्रत्युत्तर देना चाहते हैं, तो उसे उसके एक सप्ताह के भीतर दाखिल करें। दिल्ली पुलिस ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को विरोध स्थल से हटाए जाने के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद और वकील मेनका गुरुस्वामी द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका अब निरर्थक हो गई है, क्योंकि 10 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन के दौरान किसी को भी गिरफ्तार या हिरासत में नहीं लिया गया था। शीर्ष अदालत ने 11 अक्टूबर को एक विशेष सुनवाई में कहा था कि शांतिपूर्ण ढंग से इकट्ठा होने वाले लोगों को गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। साथ ही, अदालत ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि दिल्ली मेट्रो का संचालन सामान्य रूप से हो और इंटरनेट सेवाओं में कोई रुकावट न आए-बशर्ते कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य रहे। निर्वाचन आयोग के कामकाज में कथित अनियमितताओं को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) और कुछ छात्र संगठनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया था। जंतर-मंतर पर 11 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर लोगों के इकट्ठा होने की योजना को सरकार ने विफल कर दिया था। इसके लिए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए और 7,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया; जिनमें कॉजपा नेता अभिजीत दीपके, यूट्यूबर ध्रुव राठी और विपक्ष के कई नेता भी शामिल थे।

डाक संचालन और संपदा प्रबंधन योजनाओं के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में डाक सेवा के संचालन और ढांचागत सुविधाओं के रखरखाव के लिए दो अलग-अलग फैसलों में 1,141 और 1,491 करोड़ की दो योजनाओं के अगले 5 सालों के संचालन को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डाक विभाग की योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। वैष्णव ने बताया कि डाक संचालन योजना को 16वें वित्त आयोग की पांच साल की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सुविधाओं को अपग्रेड करना, मेल और पार्सल सेवाओं को संचालित करना, ई-कॉमर्स और अंतरराष्ट्रीय डाक लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना और डिलीवरी सुविधाओं के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ उनकी सुविधाओं में वृद्धि करना है।

महिला सशक्तिकरण एक सामूहिक जिम्मेदारी: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। महिला सशक्तिकरण सरकारों, विश्वविद्यालयों, उद्योग जगत, नागरिक समाज और परिवारों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बुधवार को एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि वे महिलाओं को कौशल हासिल करने, आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने और नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार होने में मदद करें। राधाकृष्णन राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में 'स्वयंसिद्धा' पहल के अंतर्गत आयोजित पहले राष्ट्रीय सम्मेलन, 'विजया: शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण की एक यात्रा', के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा को महिलाओं के लिए कक्षाओं से लेकर शोध, पेशेवर करियर, प्रशासन और संस्थागत निर्णय लेने की प्रक्रियाओं तक के रास्ते खोलने चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से यह भी आग्रह किया कि वे छात्रों, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों या आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले छात्रों की जरूरतों को पहचानें और उन्हें डिजिटल सुविधाओं, करियर मार्गदर्शन और कौशल प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करें।उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालयों को शोध को बढ़ावा देना चाहिए, सफल प्रयासों का दस्तावेजीकरण करना चाहिए और उन्हें अन्य संस्थानों के साथ साझा करना चाहिए।

निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना लाई सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना लेकर आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज निर्माण एवं अवसंरचना उपकरण (सीआईई) विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सीआईई और इसके पुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। योजना की अवधि 8 वर्ष (वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक) होगी। योजना के दो घटक हैं, पहला बिक्री-आधारित प्रोत्साहन और सीआईई परीक्षण सुविधा। ब्रिक्री आधारित प्रोत्साहन के तहत पात्र ओईएम और पुर्जा निर्माताओं के लिए पांच वर्षों में होने वाली अतिरिक्त बिक्री पर 13 से 8 प्रतिशत तक का श्रेणीबद्ध प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं परीक्षण सुविधा के तहत एक समर्पित परीक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए 375 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सीआईई इकोसिस्टम के निर्माण से घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। सप्लाई चेन की सुरक्षा बेहतर होगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी होगी।

कामराजर बंदरगाह पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी, 4,288 करोड़ रुपये होंगे खर्च

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चेन्नई के निकट स्थित कामराजर बंदरगाह (एन्नोर पोर्ट) पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर विकसित होने वाली इस परियोजना पर 4,288.26 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इस टर्मिनल की वार्षिक कंटेनर संचालन क्षमता 20 लाख टीईयू होगी। इसके लिए 900 मीटर लंबा बर्थ और 18 मीटर गहरा जलमार्ग विकसित किया जाएगा। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा और यहां 24,000 से अधिक टीईयू क्षमता वाले विशाल कंटेनर जहाजों को भी संभालने की सुविधा होगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कामराजर बंदरगाह में कंटेनर टर्मिनल विकसित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसकी विशेषता यह है कि बंदरगाह की आंतरिक परिवहन संपर्क व्यवस्था काफी अच्छी है और यहां तक रेलवे की सीधी कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि भारत में कंटेनर यातायात तेजी से बढ़ रहा है। छह वर्ष पहले देश में कंटेनर यातायात लगभग 1.7 करोड़ टीईयू था। टीईयू यानी ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट कंटेनर यातायात मापने की इकाई है। इसमें 20 फुट के एक कंटेनर को एक टीईयू और 40 फुट के कंटेनर को दो टीईयू माना जाता है। उन्होंने कहा कि कंटेनर यातायात में वृद्धि को देखते हुए कामराजर बंदरगाह पर दूसरा टर्मिनल विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस बंदरगाह का बड़ा क्षेत्रीय बाजार और व्यापक माल परिवहन क्षेत्र है। चेन्नई, श्रीपेरंबदूर और गुम्मिडिपूंडी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के प्रमुख केंद्रों को इस बंदरगाह से बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उनके कलपुर्जों का निर्माण होता है। वैष्णव ने कहा कि नए कंटेनर टर्मिनल से विनिर्माण गतिविधियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को भी महत्वपूर्ण समर्थन मिलेगा। इससे निर्यात एवं आयात (एक्जिम) कारोबार के लिए माल ढुलाई व्यवस्था मजबूत होगी तथा क्षेत्रीय उद्योगों को अपने उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलेगी।

पेज एक का शेष

सपा-कांग्रेस...

को तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता मिली है। महिला कार्यबल की भागीदारी भी तीन गुना से अधिक बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। प्रदेश में 17 क्रियाशील एयरपोर्ट हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन और देश की पहली रैपिड रेल भी यूपी की नई पहचान हैं। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी जल्द शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की संकीर्ण सोच के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल नहीं बन पाया। उस समय कई क्षेत्रों में अवैध कट्टा और बम बनाने की गतिविधियां चलती थीं। आज उसी उत्तर प्रदेश में आधुनिक रिवॉल्वर, राइफल और ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। यह कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक विकास के बीच बने संबंध का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 36 सेक्टोरल पॉलिसीज के माध्यम से निवेशकों को अवसर दिए जा रहे हैं। करीब 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमएसएमई सेक्टर को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से नई पहचान मिली है। इस क्षेत्र के जरिए करीब सवा तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। विपक्ष के इस आरोप पर कि वर्तमान सरकार पिछली सरकारों की परियोजनाओं का उद्घाटन कर श्रेय ले रही है, मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पिछली सरकारों ने काम किया था तो उन्हें उद्घाटन करने का अवसर क्यों नहीं मिला? उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौरान अंधविश्वास, पाखण्ड और संकीर्ण सोच के कारण मुख्यमंत्री वहां जाने से बचते थे। 2017 में चार लाख होम बायर्स अपने मकानों की प्रतीक्षा कर रहे थे। सरकार ने बिल्डर-बायर्स के बीच संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया। आज इसी क्षेत्र में जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सेमीकंडक्टर यूनिट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और डेटा सेंटर हब विकसित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में सफल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। महिला सुरक्षा और व्यापारियों के सम्मान को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि गलत निगाह रखने वालों के सामने दो ही रास्ते हैं- जेल या जहन्नुम। कानून का पालन करने वालों का कानून सम्मान करेगा, लेकिन कानून के खिलाफ जाने वालों पर कार्रवाई होगी। कानून-व्यवस्था सुधारना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जैसे घर की सफाई हमेशा होती रहती है, वैसे ही व्यवस्था को साफ-सुथरा रखने का काम भी लगातार चलता रहेगा। रोजगार और युवाओं को टैबलेट वितरण को चुनावी प्रलोभन बताए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ये योजनाएं किसी चुनाव को देखकर शुरू नहीं की गई हैं। वर्ष 2018 से लगातार सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब तक करीब पौने 10 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं और 26 जनवरी 2027 तक यह संख्या साढ़े 10 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा की जरूरत को देखते हुए 25 दिसंबर 2021 से टैबलेट वितरण की शुरुआत की गई थी। पहले चरण में करीब 60 लाख युवाओं को डिजिटल डिवाइस दिए गए। अब दूसरे चरण में 25 लाख और युवाओं को टैबलेट देने की योजना है। सरकार युवाओं को एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेमीकंडक्टर जैसे नए क्षेत्रों से जोड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और अपनी धार्मिक पहचान को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें सनातन धर्म पर और हिंदू होने पर गर्व है। किसी की धारणा या सोच के कारण वे अपनी पहचान नहीं बदलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश भी आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एआई सिटी, डेटा सेंटर क्लस्टर, सेमीकंडक्टर यूनिट, ड्रोन टेक्नोलॉजी और रोबोटिक्स के क्षेत्र में काम हो रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर भी नई संभावनाएं खोल रहा है। मेरठ में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे एक अमेरिकी कंपनी करीब 3000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। उन्होंने कहा कि निवेशक प्रदेश में इसलिए आ रहे हैं क्योंकि यहां सुरक्षा, बेहतर नीतियां, लैंड बैंक और मजबूत लॉजिस्टिक नेटवर्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के रैपिड फायर राउंड में मुख्यमंत्री योगी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कई राजनीतिक और वैचारिक संदेश दिए। भारत को उन्होंने 'वर्ल्ड स्पिरिचुअल पावर हाउस', उत्तर प्रदेश को 'अनलिमिटेड पोटेंशियल', श्रीराम को 'विग्रहवान धर्म' और भाजपा को 'नेशन फर्स्ट' बताया। अखिलेश यादव के पीडीए पर तंज कसते हुए उन्होंने इसे 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' कहा। राहुल गांधी को उन्होंने ऐसा रॉकेट बताया, जिसे लॉन्च करने के लिए छोड़ा जाता है, लेकिन वह हमेशा विफल रहता है। बुलडोजर को उत्तर प्रदेश की स्ट्रेंथ और प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर एवं विकसित यूपी का सारथी बताया। मुख्यमंत्री चेहरे (सीएम फ़ेस) को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कमल का फूल ही सब कुछ है और वे भी कमल के फूल के चुनाव चिह्न पर ही चुनाव लड़ेंगे। अपनी माताजी के निधन के बाद हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार कर उसी दिन लखनऊ आकर प्रधानमंत्री मोदी को रिसीव करने से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री योगी ने संक्षिप्त जवाब दिया- 'यही संन्यासी धर्म है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव की घुसपैठिया टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से अनैतिक तरीके से भारत में दाखिल होने वाले वास्तविक घुसपैठिए समाजवादी पार्टी को दिखाई नहीं देते, बल्कि वे उन्हें अपने सगे-संबंधी नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि वे अविभाजित उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं और 1992 से गोरखपुर में रहकर नाथ संप्रदाय की संन्यासी परंपरा के माध्यम से सेवा कार्य कर रहे हैं। उत्तराखंड की बेटी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के संदर्भ में अपनी टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के प्रति कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, क्योंकि वहीं से गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का जल आता है और वहां के जवान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए घुसपैठियों को रोकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या उत्तराखंड के पानी और जवानों को भी घुसपैठिया कहेंगे? अखिलेश के साथ व्यक्तिगत टकराव के सवाल पर योगी ने कहा कि उनकी कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। वे नाथ संप्रदाय के योगी हैं और उन्हें अपनी पहचान या संन्यासी धर्म के लिए समाजवादी पार्टी से किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि संन्यासी का दायित्व केवल गुफा या मठ में बैठना नहीं, बल्कि देश और समाज के सामने चुनौती आने पर उसका मुकाबला करने के लिए खड़ा होना भी है।

कोई भी वैश्विक...

किनारे रखकर उनके काम को अपनाना चाहिए। अगली पीढ़ी को उनके काम को आगे बढ़ाना चाहिए, जिससे उन्हें संतुष्टि मिलेगी। भागवत ने कहा कि पद्म पुरस्कार पाने वालों ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है। हमारे समाज के इन लोगों ने उच्च सोच और दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है, प्रयास किए हैं और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाए हैं। उन्होंने चाहे कितना भी पैसा कमाया हो, लेकिन उन्हें जो संतुष्टि मिली है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। इस कार्यक्रम ने यहां मौजूद लोगों को ऐसे व्यक्तियों के साथ बातचीत करने का मौका दिया है।

हिंद महासागर...

सीएससी हिंद महासागर क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा प्रदान करने और साझा हितों की देखभाल करने के लिए एक प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत श्रीलंका, मालदीव और अन्य देशों के साथ बहुत करीब से काम करने की कोशिश कर रहा है और हम चाहते हैं कि यह सहयोग और आगे बढ़े। पिछले साल मार्च में मॉरीशस की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ग्लोबल साउथ' के साथ भारत के जुड़ाव के लिए 'महासागर' विजन की घोषणा की थी। इसका पूरा नाम 'क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र प्रगति' है।

यूरिया उत्पादन में...

किया जा सकेगा। साथ ही, पहले से मौजूद तकनीकी कर्मचारियों का भी लाभ मिलेगा। इससे नए कारखाने लगाने के मुकाबले समय और खर्च दोनों बच सकते हैं। भारत में हर साल करीब 400 लाख टन यूरिया की खपत होती है। किसानों को खेती के लिए यूरिया की जरूरत पड़ती है। देश में इसका उत्पादन बढ़ने के बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2014-15 में देश में यूरिया का उत्पादन 225 लाख टन था। यह बढ़कर वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 314.07 लाख टन तक पहुंच गया। वर्ष 2025-26 में घरेलू उत्पादन 293.30 लाख टन रहा। वहीं, देश की कुल यूरिया उत्पादन क्षमता भी 2014-15 के 207.54 लाख टन से बढ़कर 2026-27 में 269.42 लाख टन सालाना हो गई है। सरकार को उम्मीद है कि नई परियोजनाओं के शुरू होने से घरेलू उत्पादन में और बढ़ोतरी होगी। सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 बनाई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 15 जुलाई को इसे मंजूरी दी थी। इसके तहत नई परियोजनाओं और पुराने कारखानों के विस्तार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस नीति में कंपनियों को निवेश पर 12 से 16 प्रतिशत तक रिटर्न देने का प्रावधान है। इसके अलावा विदेशी मुद्रा की दरों में होने वाले बदलाव के असर को कम करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। सरकार का अनुमान है कि पुराने कारखानों की सुविधाओं का इस्तेमाल करने से हर साल करीब 225 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

जेईई एडवांस्ड 2027...

जरूरी है। इनमें सामान्य वर्ग के लिए 40.5 फीसदी, ओबीसी-एनसीएल के लिए 27 फीसदी, एससी के लिए 15 फीसदी, सामान्य-ईडब्ल्यूएस के लिए 10 फीसदी और एसटी के लिए 7.5 फीसदी हिस्सेदारी निर्धारित है। सभी श्रेणियों में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पांच फीसदी क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।

दूसरा मानदंड: अभ्यर्थी का जन्म एक अक्तूबर 2002 को या उसके बाद होना चाहिए। एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों को पांच वर्ष की छूट मिलेगी। इनके लिए जन्म की तारीख एक अक्तूबर 1997 या उसके बाद होनी चाहिए।

तीसरा मानदंड: कोई अभ्यर्थी लगातार दो वर्षों में अधिकतम दो बार ही जेईई एडवांस्ड की परीक्षा दे सकता है।

चौथा मानदंड: अभ्यर्थी को 2026 या 2027 में पहली बार 12वीं या समकक्ष परीक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित अनिवार्

मंगलौर को मिली विकास की सौगात, लिब्बरहेड़ी में बनेगा कन्या डिग्री कॉलेज और गंगनहर पर पुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मंगलौर में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। लिब्बरहेड़ी में कन्या डिग्री कॉलेज के नवनिर्माण और गंगनहर पर वर्षों से बंद पड़े पुल का निर्माण कराने की घोषणा से क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलौर के समग्र विकास और प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



मुख्यमंत्री ने नारसन खुर्द में नाले की सफाई और पक्के नाले का निर्माण कराने, मंगलौर से गुरुकुल बाईपास की ओर जाने वाली सराय राजवाहे की पटरी का निर्माण कराने की भी घोषणा की। इसके अलावा टिकौला कलां में ग्राम सुथराड़ा की ओर जाने वाले सिलाखाला पर तटबंध निर्माण कराया जाएगा। ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने की मांग पर उन्होंने परीक्षण कराने का आश्वासन दिया। रैली में किसानों के मुद्दे भी प्रमुखता से उठे। मुख्यमंत्री ने गन्ना मूल्य में वृद्धि की मांग पर कहा कि राज्य सरकार हर वर्ष किसानों के हित में गन्ना मूल्य बढ़ाने का प्रयास करती है। पिछले वर्ष भी मूल्य में वृद्धि की गई थी और इस वर्ष भी जल्द निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि लागत कम करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसानों को तीन लाख रुपये तक ब्याजमुक्त कृषि ऋण, निःशुल्क नहर सिंचाई और कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलौर अपनी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और मेहनतकश लोगों के लिए जाना जाता है। क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट स्थापित की गई है, जबकि लिब्बरहेड़ी की आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक हजार से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 21 हजार से अधिक घरों में शौचालय बनाए गए हैं। 32 हजार से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत 58 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 27 पेयजल पंपिंग योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून और दंगा रोधी कानून लागू किए गए हैं।

माटी कला के लाइव डेमो से लेकर आकर्षक छूट तक, दर्शकों को लुभा रहा झारखंड पवेलियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) में झारखंड पवेलियन में माटी कला बोर्ड द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की लाइव डेमो प्रस्तुति लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। चाक पर मिट्टी को आकार देकर पारंपरिक तकनीक से सुंदर कलाकृतियां तैयार करते कारीगरों को देख दर्शक इस कला को करीब से समझने और जानने में रुचि दिखा रहे हैं।



इस अवसर पर हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विभाग की निदेशक प्रीति रानी ने मिट्टी के बर्तन बनाने की लाइव डेमो प्रस्तुति में हिस्सा लिया। उन्होंने स्वयं चाक पर मिट्टी को आकार देकर झारखंड की पारंपरिक माटी कला का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की मिट्टी में यहां की संस्कृति, परंपरा और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता की अनूठी पहचान समाहित है। माटी कला केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक आजीविका का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस तरह के लाइव डेमो से लोगों को स्थानीय कलाकारों की मेहनत और हुनर को करीब से जानने का अवसर मिलता है।

मेले के समापन के करीब पहुंचने के साथ ही झारखंड पवेलियन के विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट भी दी जा रही है। कई स्टॉलों पर चयनित उत्पादों की खरीद पर 20 से 30 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। इससे आगंतुक झारखंड के पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और कलात्मक वस्तुओं की खरीदारी आकर्षक कीमतों पर कर सकते हैं। झारखंड पवेलियन में कला, संस्कृति, पारंपरिक हुनर और किफायती खरीदारी का यह संगम मेले के अंतिम दिनों में भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

आकाशवाणी देहरादून की ओर से गुरुवार को युवा संगीत सम्मेलन का आयोजन

देहरादून । आकाशवाणी देहरादून द्वारा युवा एवं उभरती संगीत प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार, 26 नवंबर को 'एआईआर राइजिंग स्टार सीजन-1' युवा संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे संस्कृति विभाग ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

आकाशवाणी की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुरू की गई यह विशेष पहल देशभर के 26 आकाशवाणी केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य 30 वर्ष से कम आयु के युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना, भारतीय शास्त्रीय, सुगम एवं लोक संगीत की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के निदेशक हेमंत बी. आड़े होंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी एवं दूरदर्शन देहरादून के क्लस्टर प्रमुख सुरेश कुमार मीना, कार्यक्रम प्रमुख अनिल भारती, आकाशवाणी के सहायक निदेशक (कार्यक्रम) रमेश चंद्र, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष नामदेव व आकाशवाणी देहरादून के समाचार प्रमुख अनिल दत्त शर्मा उपस्थित रहेंगे। पीआईबी एवं दूरदर्शन न्यूज की संयुक्त निदेशक साक्षी सिंह सहित कार्यक्रम अधिशासी अनीता तित्याल एवं संकल्प मिश्रा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

सम्मेलन में युवा कलाकारों द्वारा विभिन्न संगीत विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भजन गायन में पीयूष कश्यप, गढ़वाली लोकगीत में शिया कोहली एवं मृणाल रतूड़ी तथा जौनसारी लोकगीत में अंशु वर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त गुरुकुल कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जाएगी।

नालापानी में 29 नवंबर को होगा 52वां खलंगा मेला

देहरादून । देहरादून की ऐतिहासिक धरोहर और गोरखाली वीरता के प्रतीक खलंगा युद्ध की स्मृतियां एक बार फिर जीवंत होने जा रही हैं। ऐतिहासिक नालापानी युद्ध के वीर सेनानायक कुंवर बलभद्र थापा और उनके सैनिकों के शौर्य, बलिदान और अदम्य साहस को नमन करने के लिए 52वें खलंगा मेले का आयोजन 29 नवंबर को सहस्रधारा रोड स्थित सागरताल नालापानी में किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन में सैन्य पराक्रम के स्मरण के साथ गोरखाली, गढ़वाली और कुमाऊंनी लोकसंस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। बलभद्र खलंगा विकास समिति की ओर से आयोजित इस मेले की जानकारी बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष कर्नल विक्रम सिंह थापा ने दी। उन्होंने कहा कि खलंगा मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संघर्ष, वीरता और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है, जिसने देहरादून को देश के सैन्य इतिहास में विशिष्ट पहचान दिलाई है। वर्ष 1814-16 के खलंगा युद्ध में कुंवर बलभद्र थापा और उनके सैनिकों ने शक्तिशाली ब्रिटिश सेना के हमलों का डटकर मुकाबला किया था। समिति पिछले 51 वर्षों से इस गौरवशाली इतिहास की स्मृति को जीवंत रखने के लिए आयोजन कर रही है। समिति के सचिव संजय थापा ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 28 नवंबर को होगी। सुबह 6:45 बजे खलंगा युद्ध स्मारक पर कुंवर बलभद्र थापा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद सुबह सात बजे खलंगा बहादुरी साइकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली युद्ध स्मारक से शुरू होकर खलंगा युद्ध कीर्ति स्तंभ, सागरताल में संपन्न होगी। इसी दिन सुबह 10:30 बजे नालापानी स्थित श्री चंद्रबदनी माता मंदिर में पूजा-अर्चना, हवन, कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य मेला 29 नवंबर को सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। इसमें खलंगा युद्ध के इतिहास और वीर सैनिकों के पराक्रम का वर्णन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गोरखाली, गढ़वाली और कुमाऊंनी लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। मेले में पारंपरिक तीज गीत, गोरखाली व्यंजन, परिधान और आभूषणों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। गोरखाली समाज की समृद्ध परंपराओं और वीरता को दर्शाने वाले कार्यक्रम आयोजन के प्रमुख आकर्षण होंगे। आयोजकों के अनुसार मेले में परमार्थ निकेतन के आचार्य बालकृष्ण, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के प्रतिनिधियों, प्रदेश के कैबिनेट मंत्रियों, क्षेत्रीय विधायकों, पार्षदों और अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता में समिति की उपाध्यक्ष विनय गुरंग, सहसचिव केबी कार्की, कोषाध्यक्ष महेश भूषाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

होशियारपुर के ट्रैक्टर कारखाने में घुसा तेंदुआ, 12 घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित पकड़ा

होशियारपुर । पंजाब के होशियारपुर में चक्क गुजरां गांव स्थित सोनालिका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के परिसर में तेंदुआ घुसने से हड़कंप मच गया। वन्यजीव विभाग की टीम ने बुधवार को करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित पकड़ लिया। कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कारखाना प्रबंधन ने उत्पादन बंद कर दिया था। अधिकारियों के अनुसार देर रात करीब साढ़े 12 बजे निगरानी कैमरों में तेंदुआ कार्यालय परिसर के पास घूमता दिखाई दिया। इसके बाद वह उत्पादन इकाई के अंदर चला गया। तेंदुए की मौजूदगी का पता चलते ही प्रबंधन ने सुबह की पाली रद्द कर दी और कर्मचारियों सहित वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। निगरानी कैमरों और ड्रोन की मदद से तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी गई। हालांकि, परिसर में भारी मशीनें और छिपने की कई जगह होने के कारण तेंदुए को तलाशने में काफी कठिनाई हुई।

आखिरकार तेंदुआ उत्पादन इकाई में सामान ढोने वाली मशीन के नीचे छिपा मिला। दोपहर करीब 12 बजे उसे बेहोश कर सुरक्षित पिंजरे में रखा गया।

होशियारपुर के वन्यजीव विभाग के मंडल अधिकारी देविंदर पाल सिंह ने बताया कि बचाव अभियान में पशु चिकित्सकों की टीम भी शामिल रही। तेंदुए के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

कारखाना प्रबंधक अतुल शर्मा ने बताया कि तेंदुए के दिखाई देते ही कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर उत्पादन बंद कर दिया गया था। परिसर में केवल वन विभाग के अधिकारियों और तलाशी दलों को प्रवेश की अनुमति दी गई थी। तेंदुए को सुरक्षित पकड़े जाने के बाद प्रबंधन और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

शिवसेना विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । शिवसेना के नाम, चुनाव चिह्न और विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले में बुधवार को उच्चतम न्यायालय में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से दलीलें पेश की गईं। ठाकरे गुट ने उच्चतम न्यायालय को आगाह किया कि यदि 'असहमति' की आड़ में राजनीतिक निष्ठा बदलने की अनुमति दी गई तो महज कुछ विधायकों को तोड़कर देश में किसी भी चुनी हुई सरकार को अस्थिर किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जवाबी दलीलें रखीं। सिब्बल ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने एक गंभीर संवैधानिक गलती की है। उन्होंने एकनाथ शिंदे गुट के पास मौजूद विधायी बहुमत को ही इस बात का आधार मान



लिया कि वही 'असली शिवसेना' है।

सिब्बल ने संविधान की दसवीं अनुसूची का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि केवल विधायकों के बहुमत के आधार पर किसी 'विधायी दल' को 'असली राजनीतिक दल' नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि चुने हुए विधायक मूल राजनीतिक दल के अधीन होते हैं, न कि वे स्वयं राजनीतिक दल बन जाते हैं। पिछली सुनवाई में न्यायालय ने ठाकरे गुट से दसवीं अनुसूची के तहत 'असहमति' और 'दल-बदल' के बीच का अंतर स्पष्ट करने को कहा था। इस पर सिब्बल ने दलील दी कि अपने ही दल के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ जाकर विपक्षी दल (भाजपा) के साथ मिलकर नई सरकार बनाने का दावा करना 'असहमति' नहीं बल्कि स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता छोड़ने (दल-बदल) का स्पष्ट मामला है।

सिब्बल ने न्यायालय के ध्यान में लाया कि एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार राजन सालवी के खिलाफ जाकर शिंदे गुट के 37 विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार राहुल नार्वेकर को वोट दिया था, जो पार्टी व्हीप का सीधा उल्लंघन था।

शिंदे गुट की इस दलील पर कि उद्धव ठाकरे ने 2019 में चुनाव-पूर्व गठबंधन तोड़कर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) बनाया था, सिब्बल ने 2019 में देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के सुबह के शपथ ग्रहण का उदाहरण देते हुए पूछा कि क्या उस समय उन दोनों दलों के बीच चुनाव-पूर्व गठबंधन था?

सिब्बल ने कहा कि विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से उच्चतम न्यायालय का न्यायिक पुनरावलोकन का अधिकार खत्म नहीं हो जाता क्योंकि अयोग्यता याचिकाएं और स्पीकर का फैसला कार्यकाल के दौरान ही आया था।

मुख्यमंत्री धामी ने 'बेटा हिमालय का' गीत का किया विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड की विकास यात्रा और राज्य की निरंतर प्रगति को समर्पित गीत 'बेटा हिमालय का' का विमोचन किया। टीम उत्तराधुन की ओर से तैयार इस गीत में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों, पर्यटन के विस्तार, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के लिए बढ़ते अवसरों तथा स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को गीत-संगीत और दृश्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गीत के निर्माण से जुड़े कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि गीत-संगीत जनभावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। इस तरह की रचनात्मक प्रस्तुतियां राज्य की विकास यात्रा, उपलब्धियों और संभावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास के साथ मातृशक्ति के सशक्तीकरण, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी, कैंची धाम में पंजीकरण व्यवस्था पर विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल । उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार और पर्यटन विभाग मिलकर प्रयास कर रहे हैं। बीते वर्षों में कैंची धाम प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्थलों की वहन क्षमता के अनुसार आगंतुकों को प्रवेश देने की व्यवस्था बनाने पर काम किया जा रहा है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पंजीकरण के लिए एप तैयार करने का कार्य शासन स्तर पर चल रहा है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्य ने शीतकालीन पर्यटन पर बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हल्द्वानी व भीमताल में विशेष कार्निवाल और मुक्तेश्वर से एमटीबी माउंटेन बाइक रेस का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रतिभागी लगभग 680 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। इसका समापन मसूरी में होगा। पर्यटन विभाग की ओर से जल्द ही हिमालयन माउंटेन कार रैली का आयोजन भी प्रस्तावित है। कीर्ति आर्य ने कहा कि कुमाऊं में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विवेकानंद सर्किट विकसित किया जा सकता है। नैनीताल जिले के ओखलकांडा में स्थित हरीशताल आकर्षक झील है। यहां झील के सुंदरीकरण सहित अन्य कार्य प्रस्तावित हैं। हरीशताल को पर्यटन मानचित्र पर लाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। ओखलकांडा में ही देवगुरु बृहस्पति मंदिर तक लगभग 8 किलोमीटर की ट्रेकिंग को लोकप्रिय बनाने की संभावनाएं हैं। इंटरनेट मीडिया और वेबसाइट के माध्यम से पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थलों के विकास में भूमि संबंधी दिक्कतें आती हैं, जिनका प्रशासन के माध्यम से समाधान किया जा रहा है। हालांकि, निजी भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान में बाधाएं स्वाभाविक हैं। कैंची धाम सहित नैनीताल और अन्य स्थानों पर वहन क्षमता के अनुसार आगंतुकों के पंजीकरण की व्यवस्था बनाने का मामला शासन स्तर पर विचाराधीन है। कैंची धाम में सीजन के दौरान रोजाना 20 से 25 हजार, जबकि ऑफ सीजन में 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। कीर्ति आर्य ने बताया कि पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से स्वरोजगार और रोजगार की नई संभावनाएं सृजित हो रही हैं। जिले में एक हजार से अधिक होम स्टे संचालित हैं। उनके अनुसार, प्रत्येक होम स्टे संचालक एक लाख रुपये से अधिक की कमाई कर रहा है। इसके अलावा होटल और रेस्टोरेंटों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है।

सिल्ट कहीं समस्या तो कहीं उपयोगी भी, तकनीक अध्ययन के साथ होगा काम : विजय चौधरी

पटना। सिंचाई भवन स्थित विभागीय सभागार में उप मुख्यमंत्री-सह-जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार की नदियों के तल में गाद के जमाव एवं बालू के टीलों के निर्माण से नदियों के प्रवाह की दिशा एवं प्रकृति प्रभावित होती है। इससे तटबंधों, नदी तटों के संवेदनशील स्थलों एवं संबंधित संरचनाओं पर कटाव का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सिल्ट कहीं समस्या है, तो कहीं उपयोगी भी है। इस चुनौती के समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार जलस्रोत पुनर्स्थापन एवं गाद प्रबंधन नीति, 2026 बनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदी से कहां और कितनी मात्रा में सिल्ट हटाई जानी है, इसका निर्धारण जल संसाधन विभाग तकनीकी अध्ययन के आधार पर करेगा। उन्होंने उपस्थित एजेंसियों के इस दिशा में प्रभावी एवं व्यावहारिक तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने की अपेक्षा की तथा आश्वस्त किया कि ऐसे प्रयासों में विभाग की ओर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि आगामी बाढ़ प्रबंधन कार्ययोजना में ड्रेजिंग एवं सिल्ट रिमूवल को व्यवस्थित रूप से शामिल किया जाएगा। इसके लिए सर्वेक्षण एवं तकनीकी अध्ययन के माध्यम से ऐसे स्थलों को चिह्नित किया जाएगा, जहां नदी की जल प्रवाह क्षमता को बेहतर बनाने के लिए सिल्ट हटाने की आवश्यकता है। साथ ही, निकाली गई सिल्ट के सुरक्षित परिवहन एवं निर्धारित स्थलों पर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

380 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुपौल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। करजाईन थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 380 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

मौके से तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक चारपहिया कार और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर करजाईन थाना क्षेत्र के दहगामा वार्ड संख्या-04 निवासी रमेश मेहता है।

पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर को करजाईन थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक चारपहिया वाहन के माध्यम से भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की जाने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीरपुर ने किया।

गुप्त सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम ने चिन्हित मार्ग पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच शुरू की। इसी दौरान एक चारपहिया वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से 380 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके से रमेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे वाहन को विधिवत जब्त कर लिया। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

इस कार्रवाई के बाद पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त से गहन पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य फोकस स्मैक की खरीद-बिक्री के स्रोत, इसकी आपूर्ति करने वाले लोगों और तस्करी के नेटवर्क तक पहुंचना है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। साथ ही इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य संभावित लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

कैबिनेट : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में 34 प्रस्तावों पर मुहर

कैनवजि टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार शाम संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज अंचल में 11.884 डिसमिल बिहार सरकार की भूमि पर एसएसबी की 19वीं एवं 41वीं वाहिनी के वॉच टावर निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति सहित कुल 34 एजेंडों पर मपहर लगाई गई। इसके अलावे नालंदा के इस्लामपुर में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के उद्देश्य से मौजा-ब्रहगांवा में 564.37 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 382.23 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की गई है। केंद्र प्रायोजित अमृत 2.0 मिशन के तहत पटना जलापूर्ति परियोजना के लिए 1,794.32 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे शहर में स्वच्छ एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।



ग्राम कचहरियों को और अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। राज्य की प्रत्येक ग्राम कचहरी के प्रशासनिक व्यय की वार्षिक राशि 4,000 से बढ़ाकर 1 अप्रैल 2027 से 24,000 करने की स्वीकृति दी गई है, जिससे ग्राम कचहरियों के सुचारु संचालन और स्थानीय न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। समस्तीपुर में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए खानपुर अंचल के तीन मौजों में कुल 480 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 261.92 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही शेखपुरा में भी औद्योगिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त करते हुए चेवाड़ा अंचल के तीन मौजों में कुल 250 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 62.37 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की गई है। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) पटना में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के लिए 64 शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, कल्याण विभाग के अंतर्गत बिहार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी संवर्ग के 17 नए पदों को भी स्वीकृति मिली है। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों में नियुक्तियों के लिए 'बिहार मेडिकल फिजिसिस्ट सह रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर सेवा संवर्ग नियमावली 2026' और 'बिहार प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक्स गैर-शैक्षणिक संवर्ग नियमावली 2026' के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई है राज्य की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधार लाने और उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए 'बिहार आर्थिक सलाहकार परिषद' के गठन को मंजूरी दी गई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063